सेंसेक्स 73,635.48 ▲ +639.16
डॉलर 83.373 ▼ +0.002
तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	36.0	21.0	27.0
धनबाद	36.0	23.0	29.0
जमशेदपुर	41.0	23.0	32.0
पलामू	37.0	22.0	29.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र कृष्ण पक्ष 4, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 29 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 160, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संपादकीय | अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद ... 8 | 'न्यायपालिका पर दबाव' बनाने की कोशिश ...12 | देश/विदेश



व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 67,490
चांदी (किलो) 75,250

एक नजर

झारखंड सचिवालय और सभी कार्यालय 30 को खुले रहेंगे, आदेश जारी

रांची। झारखंड सचिवालय और सभी कार्यालय 30 मार्च को खुले रहेंगे। इसका आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने गुरुवार को जारी किया है। इसकी जानकारी सभी संबंधितों को दे दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए 30 मार्च, 2024 (शनिवार) को सचिवालय और संलग्न कार्यालय के साथ-साथ राज्य सरकार अन्तर्गत वैसे सभी कार्यालय जहां शनिवार को अवकाश है, अन्य कार्यदिवस की भांति खुले रहेंगे।

आज के मैच



समय : 29 मार्च, 7:30 बजे से
स्थान : बेंगलूरु

आजकल

धर्मेंद्र व्यास

प्रधानमंत्री मोदी और बिल गेट्स ने एआई से लेकर जलवायु परिवर्तन तक पर की चर्चा

भारत में पैदा होने वाला बच्चा आई भी बोलता है और एआई भी : पीएम

इस बातचीत का एक प्रमोशनल टीजर जारी किया गया

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने गेट्स को बताया कि कैसे प्रौद्योगिकी ने भारत में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कई क्षेत्रों में क्रांति ला दी है।

इस बातचीत का एक प्रमोशनल टीजर गुरुवार को जारी किया गया। टीजर में बिल गेट्स बताते हैं कि कैसे भारतीय न केवल प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं बल्कि वास्तव में आगे बढ़ रहे हैं। गेट्स ने कहा, भारत जिन विषयों को सामने लाता है, उनमें से एक यह है कि प्रौद्योगिकी सभी के लिए होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने एआई का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में पैदा होने वाला बच्चा आई (मां) भी बोलता है और एआई भी बोलता है। मोदी ने गेट्स को पीएम के नमो ऐप पर फोटो बूथ का इस्तेमाल करके सेल्फी लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री के कहने पर जब बिल गेट्स ने नमो एप पर सेल्फी ली तो एप का रिस्पॉन्स देखकर वह हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि यह तो कमाल है।

इस बीच, बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि कैसे उनकी सरकार महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तकनीक ला रही है। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं साइकिल चलाना नहीं जानती थीं, वे आज ड्रोन पायलट बन रही हैं। नमो ड्रोन दीदी पहल, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है।

चर्चा में भारत की जलवायु शमन पहल का भी उल्लेख हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने गेट्स को अपनी पहनी हुई जैकेट दिखाई, जो रिसाइकिल मटेरियल से बनी थी।

महुआडांड रेंज क्षेत्र में फिर दिखा बाघ, पर्यटकों ने कहा- बिल्कुल शांत था

वन विभाग ने महुआडांड रेंज में सतर्कता बढ़ाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व के महुआडांड रेंज में सतर्कता बढ़ा दी गई है। यह सतर्कता तीन कारणों से बढ़ाई गई है। यह कारण है भालू, तेंदुआ और बाघ। पलामू टाइगर रिजर्व के सूत्रों के अनुसार जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी भालू का विचरण भोर के समय बढ़ जाता है और फिर सूर्यास्त के बाद भालू का विचरण तेज हो जाता हैं। तेंदुआ के साथ ऐसी बात नहीं है वह दिन हो या रात अपनी शिकार का इंतजाम स्वयं कर लेता है। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि अभी हाल के दिनों में महुआडांड रेंज के एक प्रतिष्ठित स्कूल के बाउंड्री वॉल से सटे एक बाघ देखा गया। इसे कुछ पर्यटकों ने भी देखा। बाघ बिल्कुल शांत था और किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं दिख रहा था। कुमार आशीष ने बताया की महुआडांड रेंज के अधिकारी और कर्मियों ने पर्यटकों, जनसाधारण और स्कूल, कॉलेज के छात्रों को भी इस बात से सचेत किया है कि वह भालू ,तेंदुआ और बाघ के प्रति सजग रहे वन्य प्राणियों की सुरक्षा और रक्षा के लिए अपनी कटिबद्धता दिखाएं। यह बाघ अपना शिकार मवेशी पालतू जानवर से ही कर रहा है और लगभग ऐसा ही शिकार तेंदुआ भी कर रहा है।

सीता ने कहा- दुमका में सामने कोई भी चेहरा हो, मेरी जीत निश्चित

दुर्गा सोरेन की मौत रहस्मय इसकी जांच हो : सीता सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा में शामिल होने के बाद सीता सोरेन पहली बार दिल्ली से रांची पहुंची। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए सीता सोरेन ने कहा कि मोदी के विशाल परिवार में आकर मैं काफी खुश हूं। सीता सोरेन ने अपने पति के मौत पर भी सवाल उठाया। उनकी मौत को रहस्यमय बताते हुए इसकी जांच की मांग की। कहा, इसके पीछे साजिश है लोग जानना चाहते हैं कि आखिर उनकी मौत कैसे हुई? मैंने झामुमो में रहते हुए कई बार यह बात उठाई, लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सीता सोरेन ने पूरे आत्विश्वास के साथ कहा कि भाजपा में ही उनके पति स्व. दुर्गा सोरेन का सपना साकार होगा, जो अब तक झामुमो में नहीं हो पाया था। सीता सोरेन ने कहा कि दुमका में उनके सामने कोई भी चेहरा हो जीत उनकी तय है। वे तैयारी के साथ चुनाव मैदान में जाएंगी, उसके पहले वे बाबा का आशीर्वाद भी लेंगी।

हेमंत और कल्पना पर लगाया अनदेखी का आरोप

संवाददाता सम्मेलन में सीता सोरेन पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और झामुमो पर खूब बोलीं। उन्होंने कहा कि पिछले 14 साल में वे अपने के सपने और सिद्धांतों को पूरा नहीं कर सकी। उन्हें बोलने तक मौका नहीं दिया जाता था, कोई उनकी सुनने वाला नहीं था। पति की मौत के बाद किसी ने उनका सहयोग नहीं किया। मैंने जामा में अपने पति दुर्गा सोरेन की प्रतिमा लगाने का आग्रह किया, लेकिन हेमंत ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। कल्पना सोरेन ने गिरिडीह से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की, उस दिन भी उन्होंने शहीद दुर्गा सोरेन का नाम तक नहीं लिया। यह अपमान है। सीता सोरेन ने कहा कि उनके पति के समय पार्टी सिद्धांतों पर चलती थी, लेकिन आज पार्टी में दलाल और बिचौलिए हावी हैं। सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड आज पूरी तरह अंधकार में है, ऐसे में झामुमो के विकास का दावा खोखला है, झारखंड के विकास के लिए ही भाजपा में शामिल हुई हूं।

रांची से पांच बार सांसद रहे रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल, टिकट की है चाह

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने गुरुवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कांग्रेस का अंग पट्टिका पहनाकर चौधरी को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने गुलदस्ता देकर रामटहल चौधरी का स्वागत किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि रामटहल चौधरी झारखंड की राजनीति में एक बड़ा नाम है। चौधरी ने समाज के लिए 40 वर्ष से लगातार अपनी सेवा भावना अपने कार्यों से जनता में अपनी एक अलग छवि बनाई है। इसी वजह से दो बार विधायक रहने के बाद पांच बार लगातार रांची के सांसद रहे। लेकिन भाजपा ने 2019 के चुनाव में अहमियत ना दिए जाने के कारण इन्होंने स्वतंत्र रूप से भी चुनाव लड़ा लेकिन बावजूद उसके आज के जमाने में भी इनकी अपनी अहमियत उनके आदर्शों की कीमत है। चौधरी 30-40 वर्षों में वहां के जनता के लिए हर स्तर पर आवाज बुलंद की है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर चौधरी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। इसके लिए मैं इन्हें बधाई देता हूं इनके आने से झारखंड में कांग्रेस को एक नई मजबूती मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चौधरी झारखंड में पिछड़ों के मसीहा के तौर पर जाने जाते हैं। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान झारखंड में जो पांच दिनों का समय गुजारा है। उससे झारखंड में बहुत से लोग प्रभावित हैं। झारखंड में भाजपा में भगदड़ मची हुई है और यह सही है की चौधरी पांच बार सांसद रहे हैं लेकिन भाजपा से इनका मोह भंग पहले ही हो चुका था क्योंकि जिस तरह की नीति भाजपा की है और वहां जैसे लोग हैं उसमें इनका मन नहीं लग रहा था और अब यह अपना कीमती समय पार्टी को देने का काम करेंगे और पार्टी इन्हें पूरा सम्मान देगी।

दुमका में छात्रा पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने वाले शाहरुख, नईम को उम्रकैद

दुमका। झारखंड के दुमका में 2022 में 12वीं की छात्रा पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जला देने के बहुचर्चित कांड के दोनों आरोपियों शाहरुख हुसैन और मोहम्मद नईम अंसारी उर्फ छोटू को जिले के स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है कि यह वारदात 23 अगस्त 2022 को दुमका शहर के जरूवाडीह में हुई थी। आरोप है कि अपने घर में सोई 12वीं की नाबालिग छात्रा पर शाहरुख हुसैन और छोटू उर्फ नईम ने खिड़की से पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी थी। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए रिम्स रांची ले जाया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। उसने अपने फर्द बयान में आरोपियों का नाम लिया था। इनमें से एक आरोपी शाहरुख उसपर जबरन बातचीत करने का दबाव डालता था। इनकार करने पर उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में स्पीडी ट्रायल में कुल 51 लोगों की गवाही हुई और उसका क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया।

पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 20 साल की कैद

पालनपुर। गुजरात की एक अदालत ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को ड्रग्स के एक मामले में 20 साल की कैद और दो लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। पालनपुर की एडिशनल एंड सेशन कोर्ट ने पूर्व आईपीएस अधिकारी को ड्रग्स के एक मामले में 11 अलग-अलग धाराओं के तहत सजा सुनाई। अदालत ने 20 साल की कैद के अलावा दो लाख रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है। साथ ही दंड न भरने पर एक साल की अतिरिक्त कैद होगी। संजीव भट्ट पर 1996 में बनासकांठा के एसपी के पद पर रहते हुए पालनपुर की लाजवंती होटल में राजस्थान के वकील को फंसाने के लिए उसके कमरे में एक किलो 15 ग्राम अफीम प्लांट करने का आरोप था।

सोशल मीडिया पर फर्जी एकाउंट को लेकर कल्पना सोरेन ने दर्ज कराई एफआईआर

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का फर्जी एक्स अकाउंट को लेकर मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में कल्पना सोरेन ने रांची के गोंदा थाने में मामला दर्ज कराई है। यह फर्जी एक्स अकाउंट जनवरी 2024 से चलाया जा रहा था। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अकाउंट किसके जरिये चलाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची साइबर सेल इसकी जांच कर रही है। पुलिस मुख्यालय डीएसपी टू ने गुरुवार को बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। डिटेल खंगाला जा रहा है। फिलहाल अकाउंट को बंद कर दिया गया है। साथ ही एक्स से डिटेल मांगा गया है।

कांके में तालिबानी न्याय

चोरी के आरोप में तीन महिलाओं को लाठी से पीटा, जूते की माला पहनाकर गांव में घुमाया

वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस

रांची। कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू में तालिबानी न्याय का नजारा सामने आया है। चोरी के आरोप में एक ही परिवार की तीन महिलाओं और एक पुरुष के साथ गांव की छोटी मस्जिद में अमानवीय ढंग से मारपीट की गई। घटना सोमवार सुबह दस बजे की बताई जा रही है। इस पूरे मामले का वीडियो भी वायरल हुआ है। गांव के कुछ लोगों द्वारा महिला शबनम परवीन पति महफूज खान, नूरजहां परवीन पति राहुल मंसूरी, अलामुन खातून पति अबू रेहान और शबनम के पति महफूज खान पर चोरी का आरोप लगाया गया। साथ ही भीड़ ने खुद ही सजा सुनाकर लाठी से उन्हें बेरहमी से पीटकर जख्मी कर दिया। शबनम परवीन और अलामुन खातून इस तरह घायल हैं कि घटना के चार दिन बाद भी चल नहीं पा रहीं। उनके शरीर पर चोट के गहरे निशान हैं। मारपीट के बाद महिलाओं को पूरे गांव में जूते की माला पहनाकर एवं मुंह पर कीचड़ लगाकर घुमाया गया।

पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी : घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आयी। इसके बाद कांके पुलिस ने गुरुवार को तीनों महिलाओं को थाना बुलाकर जानकारी जुटायी। उसके बाद महिलाओं ने प्राथमिकी दर्ज करायी। कांके थाना को दिये प्राथमिकी में शबनम परवीन,नूरजहां परवीन और अलामुन खातून ने बताया कि रविवार को मेन रोड स्थित दुकान में कपड़ा खरीदने गए थे। इसी बीच दुकानदार ने उन महिलाओं पर चोरी का आरोप लगाकर पुलिस का भय दिखकर 13 हजार रुपये की वसूल लिये।

मस्जिद में बुलाकर की गई पिटाई

इसके बाद सुकुरहुटू के कुछ लोगों ने तीनों महिला और पुरुष महफूज खान को गांव के छोटी मस्जिद बुलाया और उनपर गांव में भी चोरी का आरोप लगा उन्हें लाठी से पीटा गया। पीड़ितों ने गांव के शान मंसूरी, जिलानी मंसूरी, इरफान मंसूरी, मिंटू मंसूरी, बाबू मंसूरी, चांद मंसूरी, बड़कू मंसूरी, तौहीद मंसूरी, शहंशाह मंसूरी, राजा मंसूरी, तनवीर मंसूरी, शमीम मंसूरी,पप्पू मंसूरी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

इंडिया

दो दशकों के बाद भारत में पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मचने वाली है : विश्व बैंक

सुनील बादल

निर्मल जल का महत्व भारत में सदियों से रहा है और प्रायः सभी धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर प्राचीन साहित्य में उस मीठे जल या जलाशय की चर्चा अवश्य होती है। दुनिया में ऐसी नदियां, झीलें हैं जिनका पानी मीठा होता है। भारत के हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ नदियां-झीलें अभी भी बची हैं जिनका जल सीधे पिया जा सकता है अन्यथा शुद्ध पेयजल आज के दिन अरबों का व्यवसाय बन चुका है। घरों में आनेवाले नल के पानी को पीने वाले लोग अब गिनती के बचे हैं। घर घर आरओ और क्या क्या लोग लगवा रहे हैं या जार का पानी पी रहे हैं। पीने के पानी का डर ऐसा बैठ गया है कि लोग प्यासे रह जाएं पर पानी न पीएं। हमने अपने जल स्त्रोतों को स्वयं ही बर्बाद किया है। ऐसे ही दुनिया में एक ऐसी झील चर्चा में है जिसका पानी सबसे मीठा माना जाता है। इस झील का नाम 'बैकाल झील' है। दुनिया में सबसे मीठे पानी वाली ये बैकाल झील रूस में मौजूद है। बैकाल झील पूरी दुनिया में सिर्फ मीठे पानी वाली झील ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे पुरानी और गहरी झील की पहचान से भी जानी जाती है। बैकाल लेक रुस के दक्षिणी साइबेरिया में स्थित है, जिसमें दुनिया का लगभग 20% मीठा पानी है। पानी की कमी की बात करते ही एक बात हमेशा सामने आती है कि दुनिया में कहीं भी पानी की कमी नहीं है। दुनिया के दो तिहाई हिस्से में तो पानी ही पानी भरा है तो भला कमी कैसे होगी। यहां ये जानना

जरूरी है कि मानवीय जीवन जिस पानी से चलता है उसकी मात्रा पूरी दुनिया में पांच से दस फीसदी से ज्यादा नहीं है। नदियां सूख रही हैं। ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं। झीलें और तालाब लुप्त हो चुके हैं। कुएं, कुंड और बावडियों का रखरखाव नहीं होता। भूगर्भीय जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा है। हालत सचमुच चिंताजनक है-आखिर किस ओर बढ़ रहे हैं हम। पूरी दुनिया को आंकने वाले नासा के सेटेलाइट के आंकड़ें बताते हैं कि अब भी चेतो और पानी को बचा लो। झरने, दलदल, झीलें और गहरे पानी के जलभृत सभी ताजे पानी के स्त्रोत हैं जिनकी हमें जीवित रहने के लिए आवश्यकता है। ताजे पानी पर हम भरोसा करते हैं, वह जानवरों और पौधों की एक अद्भुत श्रृंखला के लिए भी आवश्यक है। कछुए, मछली, ड्रैगनफलीज, मेंढक, क्रेफि श, ऑर्किड, ऊदबिलाव और अनगिनत अन्य - खाद्य जल के ऊपर से नीचे तक। भूजल निकाला जाता है और उसका उपयोग अनियमित रूप से किया जाता है तो आर्द्रभूमि नष्ट और खराब हो जाती हैं औद्योगिक शोषण जैसे जीवाश्म ईंधन निष्कर्षण, कृषि, खनन, कटाई, चराई, फैक्ट्री फार्म और फार्मास्यूटिकल्स पानी की गुणवत्ता को बर्बाद कर देते हैं।इन खतरों का सामना करते हुए, और इस तथ्य से कि हमारे ग्रह का केवल 2.5 प्रतिशत पानी ताजा है (और उसमें से अधिकांश ग्लेशियरों में बंद है), इस जीवन देने वाले संसाधन की सुरक्षा अधिक जरूरी नहीं हो सकती है। जैयरे और कनाडा के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा पानी भारत में है। अभी भी समय है कि हम चेतें और अपने पानी के स्त्रोतों को अक्षय ही बनाए रखें। एक सदी पहले हम देशी तरीके से पानी का ज्यादा बेहतर संरक्षण करते थे। लेकिन नई जीवनशैली के नाम पर हम उन सब बातों को भूल गये। हम भूल गये कि कुछ ही दशक पहले तक हमारी नदियों में कल-कल करके शुद्ध जल बहता था। अब ऐसा नहीं रहा। तथाकथित विकास की दौड़ में शुद्ध पानी और इसके स्त्रोत प्रदूषित होते चले गये। अनियोजित और नासमझी से भरे विकास ने नदियों को प्रदूषित और विषाक्त कर दिया।

झारखंड में भाजपा 13, आजसू एक सीट पर लड़ेगा चुनाव : अरुण सिंह

नई दिल्ली। झारखंड में एनडीए गठबंधन के अंदर लोकसभा सीटों का बंटवारा हो गया है। भाजपा राज्य की 14 में से 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि गठबंधन में शामिल आजसू को गिरिडीह सीट दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने झारखंड में सीट बंटवारे की जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, झारखंड की जनता के हित में भाजपा एवं आजसू के पुराने एवं नैसर्गिक गठबंधन के तहत इस बार लोकसभा के चुनाव में झारखंड की 13 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी तथा एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी को लड़वाने का निर्णय किया है। सिंह ने आगे कहा, यह गठबंधन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत, समर्थ भारत के संकल्प को मजबूत करेगा।

गैंगस्टर मुख्तार अंसारी का दिल का दौरा पड़ने से मौत

यूपी (एजेंसी)। गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की बांदा के अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से गुरुवार (28 मार्च) को मौत हो गई है। जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद मुख्तार को आनन फानन में मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। लेकिन बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बांदा के डीएम डीएम और एसपी भी मौके पर मौजूद हैं। उसे दो दिन पहले भी मेडिकल कॉलेज लाया गया था। उसे पेट में गैस व यूरिन इन्फेक्शन की शिकायत थी। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर-मऊ और बांदा में सुरक्षा सख्त कर दी गई है। उसके घर के बाहर लोगों की भीड़ जुटने लगी है। प्रयागराज में भी अलर्ट जारी किया गया है।

एक नजर

एक किलो अफीम, 8 किलो डोडा और 500 ग्राम पोस्ता के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

पांकी। पिपराटांड़ थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को डोडा, पोस्ता, अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पिपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कमलेश यादव अपने नया घर कल्गी थाना लावालौंग जिला चतरा से अपने पुराने घर तितलंगी थाना पिपराटांड़ जिला पलामू में छुपाने जा रहा है। पुलिस ने रंगे हाथों कमलेश यादव (45 वर्ष), पिता गुना यादव को तितलंगी मोड़ के पास से धर दबोचा। उसके पास से पुलिस ने एक किलो अफीम, आठ किलो डोडा और 500 ग्राम पोस्ता बरामद किया है। जिसके बाद विधिवत गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया। बरामद अफीम, डोडा और पोस्ता की कीमत लगभग 6 लाख 20 हजार रुपए बतायी जा रही है।

सर्पदंश से युवक गंभीर अस्पताल में भर्ती

हुसैनाबाद। पलामू व बिहार जिले के सटे बेला गांव निवासी लोरिक राजवंशी का 25 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार को बुधवार की देर शाम को विषैले सांप ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर रुप से बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए तत्काल नजदीक के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद डॉ. विनेश राम की देखरेख में इलाज किया गया। इससे स्थिति में सुधार हो रहा है। परिजनों ने बताया कि वह खेत में शौच के लिए जा रहा था। उसी क्रम में विषैले सांप ने डंस लिया।

भाजपा नेता के चाची का निधन, शोक

हुसैनाबाद। भारतीय जनता पार्टी पलामू के वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी सिंह की चाची व चाचा स्व. चंद्रधन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती अरविंदा कुंवर का अपने पैतृक गांव हैदरनगर के सरगढ़ा (शेरगढ़) स्थित निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थी। इनकी अंत्येष्टि वाराणसी में की गई। इसके लिये सुबह दस बजे बाजे गाजे के साथ अपने घर से पार्थिव शवयात्रा वाराणसी के लिए निकाली गयीं थी। इसकी खबर क्षेत्र में फैलते ही मृतका की दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने को लेकर सैकड़ों लोग जुटे हैं। पार्टी के भी कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं में विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह, अजय जयसवाल, रणविजय सिंह, अनूप सिंह, अजय गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, मुखिया संतोष सिंह व जितेंद्र सिंह, सरयू गुप्ता, सीबी रमन सिंह, महेंद्र सिंह, नर्वदेश्वर सिंह सहित सैकड़ों भाजपा नेताओं का काफिला घर पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड व बिहार के वरीय पुलिस अधिकारियों की बैठक

शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस की संयुक्त कार्रवाई जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। लोकसभा चुनाव स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के संचालन को लेकर झारखंड व बिहार के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक गुरुवार को हरिहरगंज थाना परिसर में हुई। बैठक में पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन तथा औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम सहित कई वरीय पदाधिकारी पहुंचे हुए थे। बैठक में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व सुचारु तरीके से संपन्न करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें कहा गया कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस की संयुक्त कार्रवाई जरूरी है। वहीं सूचनाओं के अदान-प्रसाद, आपसी तालमेल व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ बिहार व झारखंड की पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी। साथ ही शराब, हथियार की तस्करी पर रोक लगाने, नक्सल से लेकर अपराधियों पर नजर रखने पर विशेष रुप से चर्चा की गयी। नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त ऑपरेशन करने, शराब, ड्रग्स, मादक पदार्थों पर रोक लगाने और चुनाव को प्रभावित करने वालों की पहचान आदि पर विचार विमर्श किया गया। खुफिया जानकारी आपस में साझा की जाएगी। बैठक के बाद एसपी औरंगाबाद स्वप्ना जी मेश्राम ने बताया कि यह पुलिस अधिकारियों की इंटरस्टेट बैठक थी। लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में औरंगाबाद अभियान एसपी, छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, हैदरनगर डीएसपी मुकेश कुमार, औरंगाबाद सदर 2 डीएसपी अमित कुमार, सीआरपीएफ ड्यूटी कमांडेड, हरिहरगंज इंस्पेक्टर चंदन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज, कुटुंबा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह, टंडवा थाना अध्यक्ष रामजी प्रसाद, नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, ढिबरा थाना अध्यक्ष रितेश उपाध्याय, छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन तथा नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

बैठक में शामिल एसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारी।

बैठक के बाद बाहर निकलते एसपी व अन्य अधिकारी।

रामनवमी मनाने को लेकर श्रीराम सेवा समिति ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। छतरपुर के खाटीन स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में छत्तरपुर के सभी पूजा समितियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से एवं धूमधाम के साथ रामनवमी पूजा मानने को लेकर बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष सह बजरंग दल का संरक्षक रितेश चंद्रा ने किया एवं संचालन बजरंग दल का जिला सहसंयोजक सह श्री राम सेवा समिति के सचिव मोनू गुप्ता ने किया। बैठक में रामनवमी धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान उपस्थित पूजा कमेटियों के अध्यक्ष सचिव आदि पदाधिकारी से रामनवमी मनाने के विषय पर विचार लिया गया। सभी पूजा समितियों से अपना अपना कार्यक्रम के विधि व्यवस्था के बारे में विचार रखने को कहा गया। बैठक में श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सह बजरंग दल संरक्षक रितेश चंद्र, सचिव सह बजरंग दल जिला सहसंयोजक मोनू गुप्ता, व्यवस्थापक पवन गुप्ता, बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक राहुल राय, संरक्षक - मोहन कुमार, डोमन प्रजापति, कृष्ण चंद्रवंशी, डॉ सुनील कुमार वर्मा, बिकी सिंह सदस्य -डॉ बीके यादव, अमित जायसवाल, विनोद पासवान, गुड्डू वर्मा, दीपक कुमार, अवधेश यादव, कृष्ण सिंह, क्रांति कुमार, सिंटू सिंह, जय गुप्ता, सोनू गुप्ता, नंदन कुमार, जितेंद्र गुप्ता, संतोष कुमार, मनोज, नितिन, विवेक, रोशन, हर्ष, गौतम, हीरालाल इत्यादि लोग मौजूद थे।

होटल से 39 बीयर की बोतलें बरामद, संचालक फरार

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड मेन रोड किनारे स्थित चंदन होटल में गुरुवार को हरिहरगंज थाना पुलिस ने छापेमारी कर विभिन्न मार्का के 39 बीयर के बोतल जब्त किया है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, कि उक्त होटल में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर किंगफिशर 16, गॉडफादर 14 केन बियर 9 कुल 39 अवैध शराब बीयर जब्त की गयी है। हालांकि होटल का मालिक पुलिस को देखकर फरार हो गया। साथ ही अन्य कई होटलों के संचालकों में हड़कंप मच गया। होटल मालिक के विरोध उत्पाद अधिनियम के तहत पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी चंदन कुमार के अलावे एसआई राकेश कुमार सिंह, अविनाश कुमार, एएसआई मनोज दास के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

मुरमाकला में ग्रामीणों की हुई बैठक विकास कार्यों पर हुई चर्चा

उंटारी रोड। पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कलां गांव में ग्रामीणों की एक संयुक्त बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत डीएसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में ग्राम विकास व सुव्यवस्थित ढंग से जीवन यापन को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया वहीं ग्राम विकास को लेकर कई नियम भी पारित ग्रामीणों के द्वारा किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय के शिक्षकों से संपर्क कर समय समय पर छात्र - छात्राओं व अभिभावकों के साथ बैठक करना। किसी भी तरह के विकास कार्यों में ग्रामीणों की सहभागिता निभाना। जुआ व शराब पर पूर्ण रुप से प्रतिबंधित करना, साथ ही प्रत्येक सोमवार को पोखरा पर नवनिर्मित शिव मंदिर में संध्या में आरती व प्रार्थना में भाग लेने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि अरुण वर्मा, सुरेश पासवान, भृगुनाथ सिंह, अशोक कुमार दूबे, मिथलेश पासवान, जयराम ठाकुर, बृजनंदन बैठा, पिंटू ठाकुर, संतोष कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

115 उपभोक्ता से 2 लाख की वसूली अधिकारी बोले- हर माह लगेगा शिविर

5 हजार से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटेगा विभाग

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। जेबीवीएनएल की ओर से गुरुवार को स्टेशन रोड में बिजली बिल वसूली के लिए मासिक शिविर लगाया गया। इस मौके पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की यहां प्रत्येक माह के 28 तारीख को बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया जाता है। इस महीने 115 उपभोक्ता से लगभग 2 लाख 632 रुपए के बकाया बिजली बिल की वसूली की गई है। उन्होंने आगे कहा कि 5 हजार से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं का विभाग विद्युत कनेक्शन काट रही है। ऐसे में इससे बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिल का भुगतान करना जरूरी है। जिन उपभोक्ताओं के घर मीटर नहीं लगा है वे कार्यालय से संपर्क कर लगवा ले। जिन उपभोक्ताओं का मीटर घर के अंदर है, उन्हें मीटर घर के बाहर लगवाना होगा। विभाग विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए ये कदम उठा रही है। इसलिए ऐसे उपभोक्ता कार्यालय से संपर्क कर जल्द से जल्द घर के बाहर मीटर लगवा ले। वहीं नए उपभोक्ता अपना कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से किसी साइबर कैफे या प्रज्ञाकेंद्र में आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर कैशियर लंकेश कुमार, ललितेश्वर मेहता, रंजय कुमार, ऊर्जामित्र रविशंकर सिंह और बिट्टू मौजूद थे।

नीलांबर-पीतांबर के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित

नीलांबर-पीतांबर का शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता : डॉ. शशि भूषण मेहता

नवीन मेल संवादाता

पांकी। पांकी प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के अंतर्गत झुमैलाटांड़ में झारखंड के वीर सपूत नीलाम्बर पीताम्बर के शहादत दिवस पर पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने उनके प्रतिमा पर माला पहनाकर उन्हें श्रंद्धाजलि दिया। मौके पर लोगों ने कहा कि जंग-ए-आजादी के महानायक, झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलाम्बर पिताम्बर की पुण्यतिथि पर केकरगढ़ के झुमैलाटांड़ में शहादत दिवस समारोह का आयोजन होना बहुत ही खुशी की बात है। झारखंड के ये दोनों भाइयों ने जिस तरह अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ते - लड़ते अपनी शहादत देकर अपने राज्य की रक्षा किया उसी तरह हमे अपने हक का लड़ाई लड़ना पड़ेगा। मौके पर मेला समिति के द्वारा भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता को फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

भाजपा की बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की चुनावी मंथन

हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट का लक्ष्य तय करें : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा पलामू जिले का संगठन बहुत मजबूत है। यहां के कार्यकर्ता अनुभवी हैं। यही कारण है कि इस जिले का संगठन क्षमता के लिए प्रदेश ही नहीं देश में भी पहचाना जाता है। हमारे कार्यकर्ता बूथ पर मेहनत करते हैं और हम बूथ को जीतने के साथ ही चुनाव जीत जाते हैं। बीजेपी अपने बल पर 370 एवं सहयोगियों के साथ 400 पार करेगी हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट का लक्ष्य तय करें । 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो हमे वोट देने जरूर जाना है, पहले हम मतदान करेंगे तब जलपान करेंगे। शहर के लोगो से खास निवेदन है की शहर में मतदान का प्रतिशत गिरता जा रहा है । इसे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यकर्ता ही बूथ पर विरोधियों का सामना करते है और बूथ के कार्यकर्ता ही लोगो से कार्य करने का वादा करते है तो बूथ कार्यकर्ता सबसे महत्वपूर्ण कार्यकर्ता है और उनके किए वादे को जरूर पूरा करने की कोशिश करूंगा हमारा प्रत्याशी कमल का फूल छाप है हम सभी का यह कर्तव्य है। हुसैनाबाद में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं संचालन महामंत्री श्रवण गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने किया उर्दवार में अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम राज मेहता ने किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा , विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह ,सीबी रमन सिंह, कामेश्वर सिंह ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, डॉक्टर ईश्वरी पांडेय, सांसद निजी सचिव अलख दुबे, अजय जायसवाल, अरुण कुमार, जेके पासवान, रोशन सिंह, महेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, उदय विश्वकर्मा, राकेश कुमार सिंह, विमलेश सिंह, मुन्ना सिंह, राजेश कर्ण, संतोष गुप्ता, सुबोध कुमार कश्यप, राजकुमार रामकुमार सिंह भूपेंद्र सिंह ,जितेंद्र सिंह, उदेश राम रविचंद्रवंशी अरविंद पाठक, अमरेंद्र यादव, किरण कुमार, विश्वनाथ सिंह, विजय सिंह, योगेंद्र सिंह,राजेंद्र सिंह, विजय राम, संतोष कुमार, अजय सिंह, अशोक सिंह, अरुण चौहान, वीरेंद्र सिंह, भोला सिंह, एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर

राजद के प्रदेश महासचिव मो. जाकिर अली को पड़ा दिल का दौरा, हॉस्पिटल में भर्ती

हुसैनाबाद। राजद के प्रदेश महासचिव मो. जाकिर अली को पड़ा दिल का दौरा पड़ा है। हरिहरगंज में राजद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मो. जाकिर अली उर्फ राज अली को कार्यक्रम में भाषण के दौरान उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। इस बीच उन्हे तत्काल हरिहरगंज सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्सक ने उनकी स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। उन्हे वाराणसी में एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। जांच के बाद पता लगा की उन्हें तीन जगह ब्लॉकेज है। मो. जाकिर अली की पुत्री थ्रो बोल की राष्ट्रीय खिलाड़ी शायरा कायनात ने बताया कि उनके पिता की हालत ठीक है। उन्हें वाराणसी से रांची के केसी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनका हार्ट का ऑपरेशन किया जाना है। उन्होंने राजद कार्यकर्ताओं समेत हुसैनाबाद व झारखंड के लोगों से दुआ करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि दिन रात समाज सेवा में लीन रहने वाले उनके पिता के सफल ऑपरेशन और जल्द ही स्वास्थ्य होने की कामना करने का आग्रह किया है।

शिव प्रसाद बने महावीर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष

पांकी। पांकी प्रखंड के हुरलोंग महाबीर मंदिर के प्रांगण में महावीर मंदिर निर्माण को लेकर एक बैठक आहूत की गई। जिसमे महावीर मंदिर के अबतक कार्यों का समीक्षा किया गया। जिसमे पुराने कमिटी को भंग कर नए कमेटी का विस्तार किया गया। कार्य पूर्ण रूप से जल्द सम्पूर्ण हो इसके लिए ग्रामीणों ने शिव प्रसाद गुप्ता को मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया एवं अश्विन चन्द्रवंशी को सचिव और दिलीप प्रसाद गुप्ता को कोषाअध्यक्ष बनाया गया। शिव प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष बनने पर हुरलोंग रामनवमी पूजा कमिटी के अध्यक्ष बिट्टू गुप्ता एवं हुरलोंग दुर्गा पूजा के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा ने पगड़ी दे कर शिव प्रसाद गुप्ता को सम्माननीत किया। मौके पर बिरेन्द्र वर्मा, अशोक गुप्ता, राजन गुप्ता, अविनाश शर्मा, सोनू गुप्ता, अरविन्द उरांव, बेलास उरांव, फौदी भुइयां, रवि गुप्ता, अमित कुमार रवि, लालमुनी कुमार रवि, राजेश चन्द्रवंशी, मनोज चन्द्रवंशी, पवन चन्द्रवंशी, युगल प्रजापति, उज्ज्वल पासवान, सन्नी शर्मा, दिलीप गुप्ता, रवि गुप्ता, अंश प्रसाद, पिंटू कुमार, हरी यादव, सुजीत वर्मा, अंतु प्रसद गुप्ता, मुनि प्रसाद, संजू चन्द्रवंशी सहित कई लोग उपस्तिथ थे।

अर्जित भूमि के दखल-कब्जा का 5 अप्रैल तक सत्यापन करने का काम शुरू

मोहम्मदगंज। प्रखंड अंतर्गत भजनियां-हैदरनगर सड़क निर्माण के लिए अर्जित भूमि के दखल-कब्जा का 5 अप्रैल तक सत्यापन करने का काम गुरुवार से शुरू हो गया है। इससे संबंधित अंचल अधिकारी की नोटिस में संबंधित क्षेत्र के पंचायत सचिवालय में सभी राजस्व कागजातों के साथ भू-धारकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। राजस्व कागजातों में हाल सर्वे खतियान, हाल सर्वे पंजी-टू (ऑनलाइन), अद्यतन लगान रसीद और मुखिया या पंचायत समिति सत्यापित खतियानी/मांगधारी रैयत एवं वर्तमान में दखलकार के बीच की वंशावली की आवश्यकता होगी। अंचल अधिकारी ने दखलकार रैयतों से नक्शा में चिन्हित पथ तथा सूची में वर्णित भूमि का दखल-कब्जा सत्यापन को सुनिश्चित करने की बात कही है। साथ ही कहा है कि इससे ही वर्तमान दखलकार को उनकी अर्जित भूमि का भुगतान किया जाएगा। बताया जाता है कि इस सड़क के निर्माण के तहत भजनियां से हैदरनगर के पंसा मोड़ (मोहम्मदगंज-दंगवार मुख्य पथ) वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरा, रानीदेवा तक 17.372 किमी लंबाई में चौड़ीकरण और मजबूतीकरण की परियोजना को मंजूरी मिल गई है। इसी प्रयोजन के लिए 20 गांवों के 84.1904 एकड़ का खतियानी/जमाबंदी एवं वर्तमान दखलकार रैयत को उनकी अर्जित भूमि का भुगतान किया जाना है।

प्रतिभा का सम्मान | संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, टॉपरों को किया गया पुरस्कृत

मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता : दानिश हुसैन

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। रेहला के संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभागार में एक समारोह आयोजित कर सभी कक्षा के तीन टॉपरों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह का उद्घाटन विश्रामपुर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, सेवानिवृत बीईओ सत्येंद्र नाथ चौबे, स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम व सिटी मिशन मैनेजर जितेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। विश्रामपुर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। कठोर परिश्रम व लगन से ही मुकाम पाया जा सकता है। संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल अनुशासन व संस्कारपूर्ण शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि बच्चों का बेहतर चरित्र निर्माण हो इसके लिए कुछ अलग हटकर कार्य करने का प्रयास किया जाए। सेवानिवृत्त बीईईओ सत्येंद्र नाथ चौबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता पिता का अहम योगदान होता है। शिक्षक केवल प्रेरक का काम करते हैं। समय का सदुपयोग कर सिकंदर बन सकते हैं। इसके लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा। विषयगत जानकारी हीं सब कुछ नहीं कदम-कदम पर हमें सिखने की जरूरत है। संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ हीं बेहतर तकनीकी शिक्षा देने को लेकर हमेशा प्रयासरत भी है। बताया कि स्कूल प्रबंधक बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाती है। जहां स्कूली छात्र-छात्राएं प्राकृतिक अनुभव का अध्ययन कर बेहतर शिक्षा प्राप्त करते रहे हैं। यह आगे भी बना रहेगा। मौके पर साइमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रंजीत तिवारी, सचिव रीना, प्राचार्य मोनिका एक्का, प्रीति चौरसिया, नूतन कुजूर, संजय तिवारी, जोस्मिता लकड़ा, उषा रोनिता, संजय कुजूर, फिलिसिया तिर्की, पूनम खेस, मिताली विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, निधि कुमारी, अल्बिना एक्का, इबरार अंसारी, अफजल अंसारी, शत्रुध्न नायक, प्रतिमा विश्वकर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षिका, अभिभावक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

अवैध देसी शराब के विरुद्ध चलाया अभियान, दो शराब तस्कर गिरफ्तार

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद के देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सपही मंजुराहा के मंजुराहा ढोढा के समीप गुप्त सूचना के आधार पर ओपी पुलिस ने छापामारी की। छापेमारी के क्रम में करीब 35 लीटर देशी महुआ शराब, शराब बनाने वाला उपकरण एवं बर्तन जब्त किया गया। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि अवैध देशी शराब की तस्करी मामले में सपही मंजुराहा गांव के सत्येंद्र मेहता व बलि बीघा गांव के मुंसी मेहता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मालूम हो कि देवरी ओपी प्रभारी के नेतृत्व में अवैध देशी शराब को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सुप्रभात पलामू

पलामू वासियों को नमस्कार।

सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को हिस्सा लेना चाहिए। सभी मतदाताओं को निर्धारित तिथि को अपने-अपने सारे काम छोड़कर पहले मतदान करना चाहिए।

राजीव रंजन, सामाजिक कार्यकर्ता

सुजीत भुइयां हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

मेदिनीनगर। राजेश साव और सुजीत भुइयां हत्याकांड में 20 वर्षीय राजा सिंह एवं 36 वर्षीय कविता देवी पति रामा चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। राजेश और सुजीत की हत्या में साजिश रचने में कविता देवी की संलिप्तता पाई गई है। इसी तरह राजा सिंह को हत्याकांड में शामिल रहने पर डालटनगंज बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को हुई मनोज चौधरी हत्या मामले में उसके चचेरे भाई 28 वर्षीय अजय चौधरी और उसके पिता 60वर्षीय सुरेश उर्फ नन्हक चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों कल्याणपुर के रहने वाले हैं। इस घटना में 8 नामजद आरोपी हैं।

तस्वीर झूठ ना बोले

कार्यक्रम के बाद गोविंद हाई स्कूल के मैदान में लगा कचरे का अंबार। (छाया-अभिमन्यु पाठक)

सदर अस्पताल में मधुमक्खियों के हमले से लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में मधुमक्खियों ने आतंक मचा रखा है। बुधवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे मृतक राजमोहन पोलू का परिजनों व अन्य लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले से दो व्यक्ति घायल भी हो गए। सभी लोगों ने वहां से भाग कर अपने आप को सुरक्षित बचाया। बताते चलें कि पिछले दिनों भी मधुमक्खियों के हमले में चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल सभी व्यक्ति अपने रिश्तेदार के मृत शरीर का पोस्टमार्टम करवाने सदर अस्पताल पहुंचे थे। लगातार इस तरह की घटना से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। इन दिनों पोस्टमार्टम हाउस के पास बने बिल्डिंग में होमगार्ड के जवान और पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी रहते है। यहां पर रहने

वाले स्टाफ रितिक कुमार ने बताया कि जब मन करता है तब मधुमक्खी हमला बोल देते हैं। जिसके वजह से यहां पर रहने वाले स्टॉफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार मधुमक्खियो ने यहां पर रहने वाले बच्चों पर भी हमला बोल दिया है। उसने अस्पताल प्रबंधन से अस्पताल में लगे मधुमक्खियो के छते को हटाने का आग्रह किया है। वहीं अस्पताल में बने नई बिल्डिंग महिला वार्ड में भी भारी संख्या में मधुमक्खियां का छत्ता लगा हुआ है। यहां पर भी कई बार मधुमक्खी मरीज के परिजनो पर हमला कर चुके हैं। जिसके वजह से यहां पर भर्ती मरीज काफी डरे सहमे रहते हैं न जाने कब मधुमक्खी हमला कर दे। यदि समय रहते अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इन मधुमक्खियों के छते को नहीं हटाया गया तो कभी भी लोग परेशान हो सकते हैं।

एक नजर

राष्ट्रीय जनता दल का एकदिवसीय बैठक संपन्न

मेदिनीनगर। सोमवार को पलामू जिला राष्ट्रीय जनता दल द्वारा जिला कार्यालय में एक दिवसीय बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता सम्मानित जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं संचालन अनुसूचित जाति प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष राजू भुइयां के ने किया। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव -2024 पर मुख्यरूप से चर्चा किया हुई। तदोपरांत बैठक में जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने सभी साथियों को आह्वान करते हुये कहा कि गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव तथा देश के युवाओं के आईकॉन सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सह बिहार के प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूति प्रदान करें और उनके हौसले को बढ़ाने के लिये तथा अगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करे।

किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के शाहपुर पुल के निकट झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले एक 13 वर्षीय युवक झुन्नू अहमद ने बुधवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 2 प्रभारी इंद्रदेव पासवान अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की।।

मनोज चौधरी हत्याकांड मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने मनोज चौधरी हत्याकांड मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने बताया कि 26 मार्च 2024 को समय करीब 9:30 बजे चैनपुर थाना अंतर्गत कल्याणपुर स्थित प्रज्ञा केंद्र के पास गोली चलने है।जिसमे मनोज चौधरी कल्याणपुर, चैनपुर को उसके चचेरे भाई अजय चौधरी और उसके दोस्तों द्वारा गोली मारकर घायल किया गया एवं उसके बाद अजय चौधरी द्वारा कैंची से गला में घोंप दिया गया है। इस संबंध में सन्हा दर्ज कराते हुए प्राप्त सूचना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस मनोज चौधरी की हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारियाँ की गई, इसी क्रम में अजय चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम अभियुक्त अजय चौधरी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताय कि मनोज चौधरी अभियुक्त और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज और डराते-धमकाते रहता था। इसी गुस्सा में अभियुक्त ने मनोज चौधरी की हत्या कर दी। यह भी बताया कि इस घटना के बारे में अभियुक्त अजय चौधरी के पिता सुरेश उर्फ.नन्हक चौधरी को पहले से थी परन्तु उन्होंने अपने बेटे को रोकने के बजाय मनोज चौधरी को मारने के और उकसाया है। अनुसंधान के क्रम में इनकी संलिप्ता पायी गयी। इस आधार पर अप्राथमिकी अभियुक्त सुरेश उर्फ. नन्हक चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया।

डबल हत्या कांड में महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार

मेदिनीनगर। राजेश साव और सुजीत भुइयां हत्याकांड में 20वर्षीय राजा सिंह एवं 36 वर्षीय कविता देवी पति रामा चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। राजेश और सुजीत की हत्या में साजिश रचने में कविता देवी की संलिप्तता पाई गई है। इसी तरह राजा सिंह को हत्याकांड में शामिल रहने पर डालटनगंज बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को हुई मनोज चौधरी हत्या मामले में उसके चचेरे भाई 28 वर्षीय अजय चौधरी और उसके पिता 60वर्षीय सुरेश उर्फ नन्हक चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों कल्याणपुर के रहने वाले हैं। इस घटना में 8 नामजद आरोपी हैं।

बिजली करंट की चपेट में आने से महिला समेत दो घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला निवासी स्वर्गीय मोबिन अहमद की पुत्री गुलाब शाह गुरुवार की सुबह बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गुलाब शाह गुरुवार की सुबह घर में पानी भरने के लिए मोटर चालू करने गई थी। इसी बीच बिजली करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी और चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी पंकज कुमार बिजली करंट की चपेट में आकर

गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि पंकज गुरुवार की सुबह पोल पर चढ़ कर बिजली का तार लगा रहा था। इसी बीच बिजली करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

ट्रैफिक प्रभारी ने ब्लैक शीशा लगे चार पहिया वाहनों का पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर लोक सभा चुनाव को लेकर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में दो ब्लैक शीशा लगा दो चार पहिया वाहन को जब्त कर उसे फाइन के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा दिया है। इस संबंध में ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि बहुत से लोग अपनी गाड़ी के शीशा पर ब्लैक फिल्म लगवा लेते हैं। ऐसा लोग शौकिया या रौब जमाने के लिए करते हैं। गाड़ी के शीशे काले करवाना यातायात के नियमों का उल्लंघन करना है। साथ ही गैरकानूनी भी है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक रूल्स के अनुसार कार के शीशों पर जीरो विजिबिलिटी वाली ब्लैक फिल्म लगाने पर चालान करने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी की शीशों में काली फिल्म नहीं लगा सकता है। पुलिस समय-समय पर काली शीशों वाली गाड़ियों पर कार्रवाई कर रही है और उन गाड़ियों का चालान भी काटा जा रहा है। उन्होंने बताया की काले शीशे लगे वाहन के अंदर कौन है, अपराधी है या वीआईपी। इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है और न ही जनता को। काले शीशे लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए होता है। इसीलिए काले शीशों को बैन किया गया है। उन्होंने कहा ब्लैक शीशा लगे वाहनों के प्रति प्रतिदिन अभियान चलाया जाएगा। वाहनों में ब्लैक शीशा लगाने वाले लोगों पर चालान के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने शहर के लोगों से आग्रह किया है कि लोग अपने चार पहिया वाहन में ब्लैक शीशा ना लगाए। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी दे सकेंगे वोट

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव 2024 के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी इस बार वोट दे सकेंगे।उन्हें पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाएगी। हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिंहा,डाक मतपत्र के नोडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग द्वारा पोस्टल बैलेट संबंधित सभी बारीकियों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा।संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों,मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिए जाने वाले फॉर्म 12डी आदि की जानकारी दी गयी।

मौके पर ये थे उपस्थित :बैठक में नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं सेवा मतदाता कोषांग अनुराग कुमार तिवारी, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला जन सम्पर्क पदधिकारी डॉ असीम,समेत मतदान के दिन आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग/ संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

अब्सेंटी वोटर्स की सूची बनाने के निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने बैठक में उपस्थित आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों/ प्रतिनिधियों से कहा कि वो ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर लें जो मतदान दिवस पर आवश्यक सेवा में लगे हैं।उन्होंने कहा कि सभी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें और अपने संस्थान/ विभाग से एक ही दिन सभी अब्सेंटी वोटर्स को लेकर आयें ताकि डाक मतपत्र से मतदान की बारीकियों को समझने में आसानी हो।

एसपी ने एएसआई को किया निलंबित, जब्त पशुओं के नाम पर वसूले रुपए

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जब्त पशुओं के जिम्मेनामा के नाम पर एक एएसआई ने 70 हजार की वसूली की थी। पूरे मामले में शिकायत के बाद जांच की गई। जांच के बाद आरोपी एएसआई को निलंबित कर दिया गया है। वहीं होली के दौरान विधि व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले एक और एएसआई को निलंबित किया गया है।दरअसल पलामू के छतरपुर थाना में 23 मार्च को तस्करी के लिए ले जा रहे 26 पशुओं को पुलिस ने जब्त किया गया था। जबकि पूरे मामले में नावाबाजार के रहने वाले

सिराजुद्दीन अंसारी, पिपरा के रहने वाले सफीना बीबी, फिरदौस खान, हरिहरगंज के अररुआ के रहने वाले अतहर हुसैन, पड़वा थाना क्षेत्र के रहने वाले टीकू अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. तस्करी के इस मामले का अनुसंधानकर्ता एएसआई जयप्रकाश तिवारी को बनाया गया था। जय प्रकाश तिवारी ने जब्त पशुओं को अमानुल्लाह अंसारी और गुलाम गौस अंसारी को दिया था। जिम्मेनामा लेने वाले दोनों व्यक्ति छतरपुर के रहने वाले हैं। पुलिस के वरीय अधिकारियों को शिकायत मिली थी कि मुकदमे के अनुसंधानकर्ता जयप्रकाश तिवारी ने जिम्मेनामा के नाम के नाम पर आर्थिक लाभ लिया है। पूरे मामले में छतरपुर के एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया था।जांच के दौरान पाया गया कि जयप्रकाश तिवारी ने जिम्मेनामा के नाम पर 70 हजार रुपए की उगाही की है। पूरे मामले में आरोपी एएसआई से पुलिस के अधिकारियों ने जवाब भी मांगा था, लेकिन एएसआई ने शोकॉज का जवाब नहीं दिया। पूरे मामले में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कार्रवाई करते हुए आरोपी एएसआई को निलंबित कर दिया। इधर एक अन्य मामले में पलामू के सदर थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह को भी निलंबित किया गया है।

आंबेडकर तालाब को जलकुंभी से मुक्त करने की कोशिश शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगरपालिका अंबेडकर तालाब को जलकुंभी से मुक्त करने की कोशिश कर रहा है। यहां एक ड्रोन लगाए गए हैं। यह ड्रोन रसायन का छिड़काव करते। इस रसायन से अंबेडकर तालाब में चारों तरफ फैली हुई हरे हरे जलकुंभी सूख जाएंगे। इनके सूखते हैं इन्हें मानव बल के द्वारा तालाब से निकाल लिया जाएगा। मेदिनीनगर निगम के आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि एक बड़े ड्रोन से इन जलकुंभी पर रसायन का सिरका किया जा रहा है। यह रसायन वातावरण और जल के अनुकूल है। इसका कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। यह रसायन जो ड्रोन से छिड़का जा रहा है केवल जलकुंभी को मुरझा देगा उन्हें फिर बढ़ने नहीं देगा जब यह जलकुंभी मुरझा जाएंगे सुख जाएंगे, तब इन्हें मानव बल के मदद से तालाब से निकाल लिया जाएगा। एक प्रश्न का उत्तर में के इस तरह के जलकुंभी को निकालने का एक मशीन भी है जिसे वीड हार्वेस्टर कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वीड हार्वेस्टर मशीन आवश्यक है पर यदि कुछ भी अंश जलकुंभी सुखा भी रह जाए तो वह फिर से हरा हो जाता है। लेकिन मानव बल से निकाले जाने पर इसके बढ़ने की संभावना बहुत ही कम हो जाती है। इस ड्रोन से रसायन का छिड़काव के लिए एक ठेका भी निकल गया था, जिसमें पलामू के ही एक स्थानीय व्यक्ति को सारी शर्तें पूरी करने पर ड्रोन से रसायन के छिड़काव का ठेका नियमानुसार दिया गया।

शिक्षा जगत

मॉडल डिग्री कॉलेज का प्रभारी कुलपति ने किया निरीक्षण

मॉडल डिग्री कॉलेज 2 वर्षों से बनकर है तैयार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कुर्का स्थित मॉडल डिग्री कॉलेज का निरीक्षण प्रभारी कुलपति सह आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने की। निरीक्षण के दौरान नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर मृत्युंजय कुमार भी मौजूद थे। यह निरीक्षण बाउंड्री वॉल के बनाने के सिलसिले किया। कुर्का स्थित मॉडल डिग्री कॉलेज की बाउंड्री वॉल को वन विभाग नहीं बनने दे रहा है। वन विभाग का यह कहना है कि जिस प्लॉट पर इस मॉडल डिग्री कॉलेज का बाउंड्री वॉल बनाया जाना है, वह वन भूमि है और इसलिए वन विभाग अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दे रहा है। बाउंड्री वॉल के लिए वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने से यह बाउंड्री वॉल का काम शुरू नहीं हो सका और विश्वविद्यालय ने कुर्का के इस मॉडल डिग्री कॉलेज को अभी लिया भी नहीं है। इसलिए बाउंड्री वॉल का जब तक निर्माण नहीं हो जाता है झारखंड राज्य बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड इसे विश्वविद्यालय को हस्तगत नहीं कर सकता है। यह मॉडल डिग्री कॉलेज 2 वर्षों से बनकर तैयार है। चैनपुर प्रखंड से सटे है हॉलाकि इसकी दूरी 2 किलोमीटर है। रामगढ़ प्रखंड में आदिम जनजाति के छात्र-छात्राएं रहते है। यदि यह मॉडल डिग्री कॉलेज में आने वाले जून महीने से पढ़ाई की शुरूआत की जाती है तो इस क्षेत्र में रहने वाले गरीब छात्र-छात्राओं की बहुत बड़ी मदद होगी। इस मॉडल डिग्री कॉलेज नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का एक ऐसा इकलौता महाविद्यालय बन गया है, जहां वन विभाग ने अड़ंगा लगा रखा है। इस महाविद्यालय को जिला प्रशासन ने ही 10 एकड़ की भूमि दी है। जिसका वकायदा लगान रसीद काटता रहा है। अब वन विभाग का यह कहना कि उसके ही वन भूमि में बाउंड्री वॉल पड़ेगा तो वह इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। कुर्का स्थित डिग्री महाविद्यालय में शिक्षक और शक्षिकेतर, कर्मचारियों का पद स्वीकृत है। इस बात की जानकारी नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने दी। झारखंड सरकार ने कुर्का डिग्री कॉलेज के लिए कुल 28 पदों को स्वीकृत किया है। इन 28 पदों में प्राचार्य, सहायक शिक्षक, साह शिक्षक, लेखपाल ,सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष, प्रयोगशाला सहायक, लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी हैं। सरकार ने न केवल शिक्षक और शक्षिकेतर, कर्मचारियों के पद को ही स्वीकृत किया है।

उच्च शिक्षा विभाग ने कई विषयों की पढ़ाई की स्वीकृति दी

कुर्का डिग्री कॉलेज में कई विषयों की पढ़ाई होगी। झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रभारी कुल सचिव डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने इस कॉलेज में हिंदी ,अंग्रेजी, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, वाणिज्य, बीसीए ,ऑफिस मैनेजमेंट और आईटी के पढ़ाई के विषयों को स्वीकृति दी है। मेदिनीनगर के वन प्रमंडल पदाधिकारी सह टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि वे इस समय मीटिंग के लिए रांची में है ।लौटन के बाद वे कुर्का डिग्री कॉलेज के बाउंड्री वॉल और वन भूमि से संबंधित फाइल का अवलोकन करेंगे।

जिला प्रशासन ने ही 10 एकड़ की भूमि दी, रसीद काटता रहा है, अब वन विभाग नहीं दे रहा एनओसी

एमके डीएवी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित, छात्र-छात्राओं में उत्साह

मेदिनीनगर। एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटनगंज में सत्र 2023 -24 का वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। एल.के.जी से नवीं एवं 11वीं कक्षा का परीक्षा फल वितरित हुआ। सुबह 9 बजे से अभिभावक बच्चों के साथ विद्यालय पहुंचे एवं अपने बच्चों के कक्षा- कक्ष में जाकर कक्षा अध्यापक से परीक्षा फल प्राप्त किये। सभी अध्यापक पहले से ही सभी तैयारी करके कक्षा कक्षों में उपस्थित थे। बच्चों के विषय में आवश्यक बातें बताई गईं। नए सत्र के आरंभ की तिथि, पुस्तकों की सूची इत्यादि जानकारी हेतु पत्रक भी दिए गए। अभिभावक विद्यालय की व्यवस्था एवं बच्चों के प्रदर्शन से संतुष्ट दिखे।

पठन-पाठन को बेहतर बनाने और कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं : जीएन खान

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने बताया कि हम बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ कदाचार मुक्त परीक्षा हेतु प्रतिबद्ध हैं । इस विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल, छात्रों के प्रदर्शन का सही आकलन प्रस्तुत करता है। परीक्षाफल के प्रशासन में कंप्यूटर की मदद ली जाती है, जिससे त्रुटिहीन परीक्षा फल प्रकाशित हो सके। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए, आगामी कक्षा में सफलता की शुभकामना दी।

एक नजर

नवरात्रि अनुष्ठान को लेकर कमिटी गठित

केतार। प्रखंड के पचाडुमर गांव स्थित मां शायरी भगवती मंदिर में गुरुवार को नवरात्रि अनुष्ठान को लेकर बैठक की गई। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से नवरात्र अनुष्ठान का सफल आयोजन को लेकर मुखिया श्याम सुंदर बैठा को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि राजनाथ मेहता को उपाध्यक्ष, प्रदुम्न प्रसाद को सचिव, मुरारी प्रसाद को उप सचिव,बुल्लू रजक को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुरेन्द्र प्रसाद, विमलेश पासवान, कामेश्वर मिश्रा, विकास कमलापुरी,राम कुमार वर्मा को संरक्षक बनाया गया है। भोला शंकर प्रसाद, सुधीर ठाकुर, संतोष प्रसाद,भुषण प्रसाद सहित अन्य को सदस्य बनाया गया है।

बाइक दुर्घटना में युवक घायल

गढ़वा। थाना खोनहर गांव में हुई बाइक दुर्घटना मे उसी गांव के मनोज यादव और विनय चंद्रवंशी घायल हो गया दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध मे परिजनों ने बताया कि उक्त दोनों बाइक पर सवार होकर घूमने निकले थे उसी दौरान गांव मे ही बाइक से नियंत्रित होकर गिर गया। जिसमे उक्त दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोटसाइकिल टक्कर में एक घायल

गढ़वा। जिला मुख्यालय के बीपी प्लाजा के समीप दो मोटरसाइकिल के टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति की पहचान सोनभद्र इंटर कॉलेज कांडी के कर्मी सतीश कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वह चुनाव का प्रशिक्षण के लिए गोविंद हाई स्कूल में आए हुए थे। प्रशिक्षण लेकर अपने घर वापस जा रहे थे। उसी दौरान शहर के बीपी प्लाजा के समीप सामने से आ रहा बाइक और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर हुई। उससे वह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बीडीओ ने मतदान केंद्र और विद्यालय का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

केतार। प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने गुरुवार को आधा दर्जन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मध्य विद्यालय ताली स्थित मतदान केंद्र संख्या 84,85,86 पंचायत सचिवालय पाचाडुमर स्थित मतदान केंद्र संख्या 58, 59 और मध्य विद्यालय पचाडुमर स्थित मतदान केंद्र संख्या 56,57 मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय,रैंप, बिजली व बुनियादी सुविधाएं अधुरी रहने पर एक सप्ताह के भीतर ठीक करने को लेकर प्रधानाध्यापक और अध्यक्ष को निर्देश दिया।

हिंदी किताब नहीं पढ़ सके बच्चे

बूथ निरीक्षण के पश्चात बीडीओ सावित्री कुमारी ने मध्य विद्यालय ताली के छठी कक्षा के बच्चों से हिंदी का किताब पढ़वाई, लेकिन बच्चे किताब नहीं पढ़ सके। इसके बाद बीडीओ ने बच्चों से गणित विषय का सवाल पूछा लेकिन कुछ बच्चे ही इसका जवाब दे पाये। बीडीओ ने मध्य विद्यालय पाचाडुमर में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं से संस्कृत विषय का किताब पढ़वाई लेकिन वहां भी बच्चे किताब नहीं पढ़ सके। इस पर बीडीओ ने मध्य विद्यालय ताली और मध्य विद्यालय पचाडुमर के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाई। बीडीओ ने शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने,मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यशाला के जरिये मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिले के नगर उंटारी स्थित माँ नगीना शाही महिला महाविद्यालय में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु स्वीप कोषांग के तहत नैतिक मतदान एवं एश्ट श्श्ढअळ के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बारी-बारी कर उक्त विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से इसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई और बताया गया कि कोई भी मतदाता ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय वीवीपीएटी मशीन पर रियल टाइम में दबाए गए बटन के सामने छपे चुनाव चिन्ह का मिलान कर सकता है। मतदान का यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर मतदाता ध्यान ना दें। स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए। हर एक वोट कीमती है, इसलिए मतदान दिवस के दिन अपने घरों से बाहर आयें और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

व्यापार मेला खत्म होने के बाद गोविंद हाई स्कूल मैदान में गंदगी का अंबार, प्रशासन मौन

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय में विभागों का गजब गजब कारनामा में सामने आ रहे हैं। गढ़वा गोविंद हाई स्कूल का मैदान नगर परिषद का चारागाह बन गया है। नगर परिषद के द्वारा कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में दुकान के लिए भवन बना दिया गया है। उक्त भवन के आवंटन के लिए प्रक्रिया के रूप में ड्राफ्ट व जरूरी कागजात भी नगर परिषद के द्वारा लिया गया है। वहीं गोविंद हाई स्कूल के मैदान में भी नगर परिषद के द्वारा यही खेल पिछले कुछ वर्षों से चल रही है। पिछले दिनों लगातार अलग-अलग व्यापार मेला लगाए जा रहे हैं। जिसमें 5000 प्रतिदिन राजस्व की वसूली की जा रही है। ऐसे में जिस खेल का मैदान का राजस्व शिक्षा विभाग को लेना चाहिए। वह अवैध राजस्व नगर परिषद इन दिनों वसूल रहा है। वहीं दूसरी और गोविंद

उच्च विद्यालय का मैदान का चार दिवारी व सीमांकन के लिए लगातार गोविंद उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा किया गया है। लेकिन आज तक गोविंद उच्च विद्यालय का मैदान जस का तस पड़ा हुआ है। इतना ही नहीं प्रत्येक वर्ष गोविंद हाई स्कूल का भू तल नीचे चला जा रहा है। इसका वजह मेला लगने से मैदान का सतह जहां कहां गड्ढे में तब्दील होता जा रहा है। इसका खामियाजा आए दोनों खिलाड़ियों को भुगतना पड़ता है। इतना ही नहीं मेला के द्वारा उक्त मैदान में किल को भी जैसे-जैसे छोड़ दिया जाता है। उसके कारण आए दिन लोग घूमने के दौरान जख्मी भी हो जाते हैं।

मैदान शिक्षा विभाग का, राजस्व वसूलता है नगर परिषद

गढ़वा शहर के बीचो-बीच इस समय मात्र एक ही खेल मैदान है जो गोविंद हाई स्कूल का मैदान है। उक्त मैदान का मॉनिटरी गोविंद हाई स्कूल का है। लेकिन राजस्व इन दिनों नगर परिषद के पदाधिकारी वसूलते हैं। यह कारनामा पिछले कुछ वर्षों से चल रही है। बताते चले कि पहले गोविंद हाई स्कूल के मैदान में किसी भी तरह के आयोजन के लिए गोविंद हाई स्कूल के प्राचार्य के माध्यम से शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्राचार किया जाता था। लेकिन इन दोनों खेल मैदान के मालिक को ही किसी तरह की सूचना नहीं दी जाती नगर परिषद भारी भरकम राजस्व वसूलने के लिए सीधे एसडीओ के माध्यम से मेला लगाने के लिए परमिशन दे दिया जाता है। नगर परिषद के द्वारा प्रत्येक दिन 5 हजार रुपए गोविंद हाई स्कूल के मैदान का राजस्व लिया जाता है। तो कुल जोड़ दिया जाए तो नगर परिषद के द्वारा सालाना 5 लाख से अधिक राजस्व अवैध तरीके से वसूला जाता हैं।

नगर परिषद कचरे को साफ करने के लिए तैयार नहीं

गोविंद हाई स्कूल में पिछले 1 महीने से राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला चल रहा था। मेला पिछले 24 तारीख को खत्म हो गया। लेकिन गोविंद हाई स्कूल के मैदान में कचरो का अंबार छोड़कर चला गया। अब नगर परिषद भी उसे कचरे को साफ करने के लिए तैयार नहीं है। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में कचरा लगे रहने के कारण आसपास के साथ-साथ गोविंद हाई स्कूल मैदान में सुबह-शाम घूमने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने इस सबंध में बताया कि गोविंद हाई स्कूल के मैदान में लगी गंदगी को हटा दिया जाएगा।

शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, याद किये गये शहीद

नवीन मेल संवाददाता

मेराल । पलामू के अमर शहीद खरवार एवं भोक्ता आंदोलन के प्रणेता नीलांबर पीतांबर के शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नीलांबर पीतांबर प्रतिमा स्थल देवी धाम संगबरिया में किया गया। श्रद्धांजलि सभा का अध्यक्षता जमुना सिंह एवं संचालन युवा नेता कुंदन चंद्रवंशी ने किया श्रद्धांजलि सभा का मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष रघुराई राम ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी मूलवासी समाज को अपने अधिकारों की हिफाजत के लिए कानून की जानकारी आवश्यक है कानून की जानकारी के लिए शिक्षा जरूरी है जब तक आदिवासी समाज शिक्षित नहीं होगा तब तक उन्हें संवैधानिक अधिकारों की जानकारी नहीं होगी और ना ही उनकी हिफाजत होगी श्रद्धांजलि सभा को बसपा के कोषाध्यक्ष चंद्रिका सिंह खरवार समाजसेवी मटुकी सिंह खरवार समाजसेवी विनय कुमार सिंह अनुज सिंह मकरांत सिंह बीडीसी रमेश बैठा शिक्षक राजेश्वर सिंह हवलदार सुरेंद्र राम अनंत राम हवलदार शिक्षक सुभाष कुमार रवि बसपा प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर राम बसपा नेता संजय राम कर्मदेव राम नरेश सिंह गुलाब सिंह सुदामा पासवान राजेंद्र सिंह आदि लोगो ने भी संबोधित किया।

शहर में लाईफ केयर हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

हॉस्पिटल में लोगों को बेहतर सुविधा का मिलेगा लाभ : दीपक

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर । शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित लाईफ केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। हॉस्पिटल का शुभारंभ झामुमो के युवा नेता सह भोजपुर गढ़ के प्रमुख दीपक प्रताप देव, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे एवं डॉ सरफराज अहमद डॉ रुबीना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर युवा नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि लाईफ केयर हॉस्पिटल के खुल जाने से यहां के लोगों को इलाज कराने में काफी सहुलियत होगी और लोगों को बेहतर सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने नगर ऊंटारी जैसे छोटे से शहर में अस्पताल खोलने

के लिये डॉ सरफराज अहमद को बधाई दी। बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि लाईफ केयर हॉस्पिटल गरीबों के लिये वरदान साबित होगा। उन्होंने अस्पताल के संचालक से गरीबों का किफायती दर पर बेहतर इलाज करने की अपील की। मौके पर हॉस्पिटल प्रबंधक समी अख्तर,फरीद अंसारी, डॉ रूबीना, मुखिया संघ अध्यक्ष फिरदौस अंसारी, झामुमो नेत्री किरण देवी, अमरनाथ पांडेय, अहमद अंसारी, पंकज सिंह, बाबूलाल दुबे, जबार अंसारी,पंकज विश्वकर्मा,चंगेज अंसारी जफर इकबाल, नूरे आलम,हामिद अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

गढ़वा\पलामू

राजमोहन पोलू के हत्यारों की पुलिस ने की पहचान, गिरफ्तार करने के लिए की जा रही है छापेमारी

मेदिनीनगर। पलामू कांग्रेस नेता रहे राजमोहन पोलू और बिजली मिस्त्री राकेश कुमार दास उर्फ टुनटुन की हत्या में शामिल आरोपियों का पता पुलिस ने लगा लिया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज किया गया है। घटना के पीछे बिजली कनेक्शन तार ले जाने का विवाद सामने आया है। राजमोहन पोलू का बिजली कनेक्शन का तार जिन घरों के उपर से गुजरा था, उन घरों के लोग इसका विरोध कर रहे थे और तीन दिन पहले कनेक्शन तार को काट दिया था। बुधवार को राजमोहन पोलू कटे हुए बिजली कनेक्शन को दोबारा बिजली मिस्त्री बुलाकर जोड़वा रहे थे। इसी क्रम में पुनः विवाद हुआ और दूसरे पक्ष के लोग मारपीट पर उतारू हो गए। जिस समय घटना हुई, उस वक्त पोलू एवं बिजली मिस्त्री के साथ दो और लोग थे। झगड़ा होने पर दोनों वहां से चले गए। एसडीपीओ मणिभूषण के अनुसार पोलू के साथ मौजूद दो प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि राजमोहन पोलू बंदूक लेकर बिजली कनेक्शन करा रहे थे। दूसरे पक्ष के लोग लाठी डंडे से लैश होकर विवाद कर रहे थे। मारपीट पर उतारू थे। पोलू बंदूक के सहारे कनेक्शन जोड़वाने के लिए अड़े हुए थे। मामला काफी बढा, इसे देखते हुए वे वहां से चले गए। एसडीपीओ का कहना है कि इसी विवाद के दौरान विरोध कर रहे लोगों ने पोलू की बंदूक लूट ली और उसके बट से पीटकर दोनों को मौत की नींद सुला दी। उन्होंने कहा कि आरोपी पहचान में आ गए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। पूर्व में हुए जमीन विवाद से भी यह मामला जुड़ा हुआ है।

शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगेः कौशल

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबरपुर में स्थित शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद को याद किया। आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि 1857के स्वतंत्रता आंदोलन में देश की आजादी के लिए अपनी वीरता एवं साहस से लड़नेवाले अमर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की वीरता पूरे देश में विख्यात हौ आज ही के दिन 28 मार्च को नीलांबर- पीतांबर को अंग्रेजों के ने नीलांबर- पीतांबरपुर की धरती पर फांसी की सजा दी थी। झारखंड राज्य के पलामू जिले की यह नीलांबर-पीतांबरपुर की धरती धन्य है, जहां पर ऐसे वीर पुरुष का जन्म हुआ था। अपनी वीरता से इन्होंने अंग्रेजों के नाक में दम कर रखा था और उनके जीते जी अंग्रेज इस क्षेत्र में अपना कदम नहीं रख पाए थे। इनकी वीरता को हमेशा यहां के लोग याद रखेंगे ऐसे महान पुरुषों से कुछ सीख लेने की जरूरत है। वीर शहीदों की बलिदान को यूं ही व्यर्थ नहीं जाने देना है शहिद नीलाम्बर-पिताम्बर अमर रहें इस कार्यक्रम में आप नेता कौशल किशोर बचन, सुधीर कुमार, मुन्ना कुमार,सत्यम बॉस, सनोज कुमार, मनीष कुमार, गुलाबी सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

कुदागा कला में लगा जलापूर्ति योजना निर्माण का कार्य बेहद घटियाः रूचिर तिवारी

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने क्षेत्र भ्रमण के दरमियान चैनपुर प्रखंड के ग्राम सेमरा चैनपुर एवं कुदागा कला गांव का दौरा किया। जिसमें कुदागा कला में लगे हुए पेयजल आपूर्ति योजना का निरीक्षण किया। पेयजल आपूर्ति योजना में भारी अनियमता पाई। वहीं ग्रामीणों से मुलाकात करने के बाद ग्रामीण सदस्यों को साथ लेकर घर-घर इसकी जांच किया और जांच के क्रम में पाया कि इस पेयजल आपूर्ति योजना के कार्य में भारी गड़बड़ी एवं घोटाला किया गया है। घटिया पाइप का इस्तेमाल किया गया। यहां तक की ग्रामीणों के घर के पास पाइप में नलका भी नहीं लगाया गया पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पाइप फट गया और पानी सड़क पर बह रहा है कीचड़ भी उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जिस दिन से यह योजना शुरू हुआ उसके दूसरे दिन से ही पाइप फट गया और दर्जनों घर में नलका भी नहीं लगा है। ऐसी स्थिति में पेयजल आपूर्ति योजना का काम केवल आम जनता के टैक्स के पैसा को बंदर बांट करने के लिए किया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू उपायुक्त से मांग करती है कि इस ग्रामीण जलापूर्ति योजना की जांच कर संवेदक को ब्लैकलिस्टेड करने का काम करें। साथ ही साथ जलापूर्ति योजना को दुरुस्त करें। ताकि गर्मी के दिनों में ग्राम कुदागा कला के ग्रामीण लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिल सके।

विवि ने शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आज शहीद नीलांबर- पीतांबर भाइयों के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए एक सादे समारोह में नीलांबर पीतांबर के चित्र के समक्ष डीएसडब्ल्यू के कक्ष में अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉक्टर एके पांडे ने कहा नीलांबर-पीतांबर भाइयों की शहादत हमेशा याद रखी जाएगी। हम कृतज्ञ हैं कि ऐसे वीर स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने कहा की अमर शहीद नीलांबर। पीतांबर के नाम पर विश्वविद्यालय द्वारा शोधपीठ स्थापित की गयी है। विश्वविद्यालय के कुल अनुशासक डॉक्टर के झा ने अपने संबोधन में पीतांबर पीतांबर को स्वतंत्रता संग्राम का अद्वितीय योद्धा बताया है।

फाइनेंस कर्मियों ने बुजुर्ग के साथ की मारपीट

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। महिलाओं को समूह का ऋण मुहैया कराने वाली सैटिन माईक्रो फाइनेंस द्वारा बीते दिनों थाना क्षेत्र के रोहिनिया गाँव से ऋणधारक महिला के नाबालिग बेटे को अगवा करने का मामला अभी ठंडा भी नही हुआ है, कि ऋण मुहैया कराने वाली एक अन्य कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट नामक कम्पनी के द्वारा बीती रात ऋणधारक महिला के बुजुर्ग ससुर के साथ गाली गलौज और मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त कम्पनी के कर्मियो द्वारा डराये, धमकायें जाने से बुजुर्ग काफी भयभीत है। मामला मकरी पंचायत के छः मईलवा स्थित बसेरियालेवा टोला का है। इस टोला के निवासी संतोष साह की पत्नी

सरिता देवी कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट से बीते 23 अक्टूबर 2023 को 30 हजार रुपए ऋण ली थी। जिसमें वह ऋण का 21 किस्त जमा भी कर चुकी है। बाकी के ऋण की राशि चुकाने हेतु दोनों पति पत्नी पिछले 3 माह से गोवा में मेहनत मजदूरी कर रहे है। महिला के बुजुर्ग ससुर सरजू साह ने बताया कि बुधवार को साप्ताहिक ऋण की वसूली करने पहुंचे उक्त कंपनी के शाखा प्रबंधक मेरी पुतोहु सरिता देवी को खोज रहे थे, जब उन्होंने बीएम को बताया कि ऋण की राशि चुकाने के लिए वह अपने पति के साथ काम करने गोवा गई है, इस पर उन्होंने मुझसे पैसा की मांग करने लगे जब मैं बोला कि ऋण मैं नही लिया हूँ, तो मैं पैसा कैसे दूँ, इतना सुनते ही उक्त कर्मी ने अपने कंपनी के अन्य चार पांच कर्मियों को बुलाकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगे, जब उन्होंने आपत्ति जताई तो उक्त सभी कर्मियों ने बुजुर्ग के साथ हाथापाई करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। इतना ही नही जाते जाते उक्त सभी लोग यह कहते गए कि हमलोग करोड़ो रुपए का बिजनेस करते है, अगर गुरुवार के दोपहर 2 बजे तक ऋण की बचत राशि 17987 रुपए जमा नही किया तो तुम्हारे घर से सारा सामान उठाकर तो ले ही जायेंगे साथ ही तुम्हारे घर को तहस नहस भी कर देंगे। उधर उक्त कम्पनी के कर्मियों के दंबगई से बुजुर्ग दंपति और उसके नाबालिग पोते पूरी रात दहशत के साये में रहे। जब इस मामले में कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट बैंक के शाखा प्रबंधक कृष्णा पाठक ने बताया कि सरिता देवी द्वारा पिछले कई सप्ताह से ऋण की राशि का भुगतान नही किया जा रहा था। साथ ही सरिता देवी के ऋण में उसके ससुर का राशनकार्ड लगा हुआ है, जब उनसे पैसा की मांग की गई तो वें बैंक के कर्मियों के उपर गाली गलौज व मारपीट करने का गलत आरोप लगा रहे है।

मालगाडी की चपेट में आने से युवक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। गढ़वा रोड चोपन रेल खंड पर बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन से 200 मीटर पूरब दिशा में मालगाड़ी के चपेट में आने से एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। घटना के बाद स्थानीय रेलवे स्टेशन में प्रतिनियुक्त आरपीएफ के जवान ने जीआरपी थाना को सूचना दिया। घटना स्थल पर मृतक के जेब से गिरे आधार कार्ड से पहचान धर्मेंद्र कुमार चौधरी उम्र लगभग 35 वर्ष, उतर प्रदेश के जौनपुर के रूप में हुई। घटना के जानकारी फैलते ही आस पास के लोगो की भीड़ घटना स्थल पर लग गया। शव को देखने के बाद लोगो ने बताया की मृत व्यक्ति मानसिक

रूप से बिछिप्त लग रहा है। जीआरपी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।

राजनीति

नीलांबर-पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया

शहादत दिवस पर याद किये गये नीलाम्बर-पीताम्बर

नवीन मेल संवाददाता

भंडरिया। गढ़वा- भंडरिया ,खरवार आदिवासी एकता संघ के बैनर तले गुरुवार को भंडरिया क्षेत्र के अंडा महुआ में स्थापित वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर खरवार आदिवासी एकता संघ के लोगों के द्वारा माल्यार्पण कर नीलांबर पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया । साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के बैगा पाहन व नीलांबर पीतांबर के वंशजों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करने के उपरांत अंडा महुआ स्थित वीर शहीद नीलांबर पीतांबर खरवार धाम की स्थापना की गई। वहीं भव्य मेले का आयोजन भी किया गया जिसमे काफी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित हो कर मेले का लुप्त उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत में खरवार समाज के लोगों के द्वारा भंडरिया प्रखंड के नौका गांव स्थित परभन बाबा देव स्थल से अंडा महुआ तक चार पहिया व दो पहिया वाहन से शोभायात्रा निकाला गया ।शोभा यात्रा में लोगों के द्वारा वीर शहीद नीलांबर पीतांबर अमर रहे आदि नारे लगाए जा रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत बघवार उच्च विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान गाकर वह संघ के कार्यकताओं के द्वारा शाहिद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर किया गया। वहीं स्थानीय आदिवासी कलाकारों के द्वारा अपने पारंपरिक गाजे बाजे के साथ एक से बढ़कर एक गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजों के द्वारा संड़यंत्र रच कर दोनों भाईयों को 1859 ईसवी में फांसी दिए जाने की विस्तृत जानकारी दी। वहीं झारखंड राज्य में शहीद नीलांबर पीतांबर के नाम से बने आनेको विश्वविद्यालय समेत उद्यानों का भी जानकारी उपस्थित लोगों को दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक कुंवर सिंह के द्वारा की गई कार्यक्रम में खरवार आदिवासी एकता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह खरवार, रामकिशन सिंह खरवार, सहदेव सिंह मंगरु खरवार बंधन सिंह ठाकुर प्रसाद महतो ओमप्रकाश केसरी उमा देवी हिरवंती देवी विजय सिंह नंदकुमार सिंह संजय सिंह समेत छत्तीसगढ़ बिहार उत्तर प्रदेश के खरवार आदिवासी एकता संघ के सदस्य थे शामिल। कार्यक्रम को सफल बनाने में लव कुमार सिंह अरुण सिंह अर्जुन सिंह तिलेश्वर सिंह रामवृक्ष सिंह भारदुल सिंह भारत सिंह राजू रंजन सिंह आदि लोगों ने मुख्य भूमिका निभाया। कार्यक्रम शांति से संपन्न हो इसके लिए प्रशासन की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई थी।

आदिवासी महासभा ने शहीद नीलांबर-पीतांबर की मनाई शहादत दिवस

चिनिया अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के प्रखंड इकाई चिनिया के द्वारा सिधवा मोड़ चिरका में शहीद नीलांबर पीताम्बर के शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा शहीद नीलांबर पीताम्बर के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने भी उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दोनों वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतु सिंह खरवार ने कहा शहीद नीलांबर पीताम्बर देश की आजादी के लिए पहली क्रांति के दौरान अपनी वीरता से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे । दोनों भाई के नेतृत्व में काफी संख्या में ग्रामीण अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे इन लोगों के आंदोलन में अंग्रेज सरकार को काफी क्षति पहुंचाई थी ।दोनों भाइयों ने कभी अपने देश की आजादी से समझौता नहीं किया था। हम लोगों को दोनों वीर भाइयों के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित अजय सिंह खरवार, कविता कुमारी,बिनोद सिंह, रामेश्वर सिंह,मुंद्रिका बैगा,बिंदेश्वरी सिंह,बीरबल कोरवा, सकुंती देवी,महावीर कोरवा,हीरामन सिंह, सहित काफी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे ।

एक नजर

असामाजिक तत्वों ने जंगल में लगाई आग, सैकड़ों पेड़ पौधे जलकर नष्ट

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत रोहमर जंगल में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी है। आगलगी से सैकड़ों पौधे जलकर नष्ट हो गए। मिली जानकारी के अनुसार वन प्रमंडल द्वारा उक्त जंगल में पौधारोपण किया गया था। पौधा रोपण के बाद धीरे-धीरे जंगल घना हो रहा था। परंतु कुछ असामाजिक तत्वों व भू माफिया को पसंद नहीं आ रहा है और महुआ के मौसम शुरू होने के साथ ही जंगलों में आग लगाने का खेल शुरू हो गया। जिसके कारण छोटे-छोटे पौधे जलकर नष्ट हो रहे हैं। कोई कार्रवाई नहीं होने से आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों का मनोबल काफी बढा हुआ है। जंगल में आग लगाने के कारण इसका असर पर्यावरण पर सीधा पड़ रहा है। यहां तक कि कई छोटी-छोटी जीव जंतु का आशियाना भी जल कर भस्म हो गया। यही कारण है कि कई जीव जंतु जंगलों को छोड़ गांव की ओर पलायन कर रहे हैं।

भाजपा नेता व अल्पसंख्यकों ने भाजपा प्रत्याशी को दीं जीत की शुभकामनाएं

प्रतापपुर(चतरा)। चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित उम्मीदवार कालीचरण सिंह से जिले के प्रतापपुर प्रखंड के प्रबुद्ध व अल्पसंख्यक समुदाय के लोग गुरुवार को उनके चतरा स्थित आवास पर मुलाकात कर जीत की अग्रिम बधाई दी। मिलने आये लोगों ने भावी सांसद को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी। मिलने गये लोगों में भाजपा नेता कपिल पासवान, मिस्टर दाउद ईमाम, अशोक वर्मा, मोजिब ईमाम, नौशाद आलम, रासो खान, डुमरवार के रामजी पासवान, रामपुर पंचायत के कासिफ रजा, फिरोज आलम, अड्डु खान, शाहबाज खान, मोहम्मद जिलानी, अनिश आलम, नेहाल खान, आजो खान, सिरत फातमा, मोकर्रम अंसारी के अलावे अन्य लोगों ने आसन्न लोकसभा चुनाव में रिकार्ड तोड़ जीत दिलाने का संकल्प लिया। श्री सिंह ने सभी से कहा कि मैं आप सबों के बीच का ही एक साधारण कार्यकर्ता हूं, जिसपर भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इसका निर्वहन हमसब को साथ मिलकर करना है। भाजपा के सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलकर चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता के सुख दुख में मैं हरपल साथ रहुंगा।

तेज रफ्तार कोयला वाहन पलटा, अनियंत्रित परिचालन से लोगों में आक्रोश

टंडवा (चतरा)। टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित टंडवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत उड़सू मोड़ में गुरुवार अहले सुबह लगभग पांच बजे एक तेज रफ्तार कोलवाहन जेएच 02 बीके 3281 अनियंत्रित हो पलट गया। उक्त कोल वाहन प्रगति नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का बताया जा रहा है, जो केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टी-बारियातु से उत्पादित कोयले की ढुलाई कटकमसांडी रेलवे साइडिंग तक कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार के कारण असंतुलित हुई, गनीमत रहा कि कई राहगीर चपेट में आने से बच गये। बताया गया कि चालक नशे की हालत में था। लोगों की मानें तो ट्रांसपोर्टिंग कंपनी बाहरी गाड़ियों व अकुशल चालकों के सहारे तमाम मानकों को दरकिनार कर संबंधित अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मैनेज कर अपना लक्ष्य हासिल करने में जुटी है।

वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर के 165वें शहादत दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा/बालूमाथ/बारियातू। प्रखंड के देशवारी खरवार समाज के द्वारा गुरुवार को रुद मूर्तियां गांव के समीप स्थित शहीद नीलांबर पीतांबर स्मारक स्थल पर दोनों वीर शहीदों का शहादत दिवस मनाया गया। नीलांबर पीतांबर स्मारक समिति के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग समारोह में शामिल हुए। सर्वप्रथम शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक रूप से पूजा पाठ कर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक बैधनाथ राम ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि हम सभी को इन वीर शहीदों के बलिदान को याद कर इनके किये गए कार्य को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है आज भी शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी अनुकरणीय है। वही झामुमो नेता सुरेश गंझू ने कहा कि सन 1857 की लड़ाई में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। झारखंड के आदिवासियों को एकजुट कर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इसके पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे विधायक बैधनाथ राम का

नृत्य मंडली के द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू कर रहे थे। मौके पर सत्यनरायण गंझू, रामधन गंझू, प्रकाश गंझू, अमृत गंझू, महेंद्र गंझू, दीप भोक्ता, मनमोहन गंझू, सोमनाथ गंझू, मंजीरा देवी, नजिया देवी, शोभा देवी, संगीता देवी, जयमंगल गंझू, समेत समिती के सदस्य मौजूद थे।

नीलांबर-पीतांबर स्मारक का विधायक ने किया अनावरण

बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के पास एनएच 22 के किनारे नवनिर्मित नीलांबर पीतांबर स्मारक का लोकप्रिय विधायक बैधनाथ राम ने अनावरण किया। अनावरण के पूर्व विधायक को नीलांबर पीतांबर के समर्थक एवं कार्यकर्ताओं ने झारखंडी रीति रिवाज के साथ ढोल नगाड़ा बजाकर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक ने पाहन के द्वारा पूजा करवा कर विधिवत नवनिर्मित स्मारक का अनावरण किया। इसके बाद विधायक ने वीर दिलंबर पीतांबर के स्मारक पर फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी संबोधन कर कहा कि झारखंड नीलांबर पीतांबर का धरती है। आज के ही दिन वीर नीलांबर पीतांबर ने अपने प्राण की आहुति देश की रक्षा करने में दे दी थी। जिनका बलिदान आज हम 165 वां शहादत दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस दौरान विधायक ने नगाड़ा बजाकर नीलांबर पीतांबर स्मारक पर पहुंचे। मौके पर राजेंद्र गंझु, प्रभु दयाल उरांव, मो. औरंगजेब, दीपक यादव, फूलचंद गंझु, उदय गंझु, मनोज यादव, विष्णु गंझु, हरि साव, प्रेम गंझु, ईश्वर उरांव के अलावे सैकड़ो महिला पुरुष कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

नीलांबर-पीतांबर का 165वां शहादत दिवस मनाया गया

बारियातू प्रखंड के कँडरका नदी स्थित खरवार भोगता विकास संघ के तत्वाधान मे कार्यक्रम आयोजित कर नीलांबर पीताम्बर के 165 वाँ शहादत दिवस मनाया। शहादत कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दर्शन गंझू, उपाध्यक्ष रामनाथ गंझु,केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझु, युवा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह भोगता ने उनके जीवन संघर्ष के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया। वहीं समाज सेवी राजू रामवृक्ष लोहरा, नवीन सिंह,जीतेन्द्र सिंह, लाल आशीषनाथ शाहदेव ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए हुए स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद नीलांबर पीताम्बर की कुबार्नी के बारे कई महत्वपूर्ण बातें बताई। इधर जिला पड़हा समिति के तेतर उरांव ने प्रकृति को संचित कर बचाने व अपने धरोहर को सुरक्षित रखने की अपील किया। वहीं लक्ष्मी कुमारी ने नीलांबर पीताम्बर द्वारा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन करने सहित लेस्लीगंज में फांसी दिए जाने को लेकर अपना भाषण दिया। इसके पश्चात राजेंद्र गंझु ने वीर शहीद नीलांबर पीताम्बर से सम्बंधित परम्परिक गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन को मोह लिया। मतकोमा ढंठार के बच्चे टीम ने नृत्य के माध्यम से उनके कुबार्नी को याद दिलाया. कार्यक्रम को सफल बनाने मे अध्यक्ष कुलदीप गंझु, उपाध्यक्ष उमेश गंझु,सचिव महेंद्र गंझु, उपसचिव मोहन गंझु,कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गंझु,उपकोषाध्यक्ष राजू गंझु,बिनोद, महाबीर,सुनील, मुकेश, घुजू, गौरी शंकर,कैलाश, डूबन,अरुण ने मुख्य भूमिका निभा रहे थे। जबकि मंच का संचालन योगेंद्र गंझु, राजेश्वर भोगता ने की। इधर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु,बिनोद गंझु, प्रजापति कुम्हार संघ के प्रखंड अध्यक्ष सोनू प्रजापति ने भी अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के महिला पुरुष युवक युवतियों ने ढोल नागाड़े के साथ पुराने परंपरागत तरीके से नाच गाने भी किया।

श्री नारायण महायज्ञ एवं भगवान भास्कर व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण किया गया

पत्थलगडा(चतरा)। पत्थलगड़ा प्रखंड के बेलहर गांव स्थित जेजल नदी के तट पर नवनिर्मित भगवान भास्कर मंदिर परिसर में आगामी 9 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले श्री नारायण महायज्ञ सह भगवान भास्कर एंव हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को ध्वजारोहण किया गया। यज्ञाचार्य मधुसुदनाचार्य बक्सर की देखरेख में उक्त नवनिर्मित मंदिर के समीप महा यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य व उनके सहयोगी पंडितों ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में ध्वजारोहण कराया। ध्वजारोहण के पूर्व ग्रामीणों ने ढोल गाजे-बाजे के साथ गांव का भ्रमण किया, इस दौरान ग्राम देवी मंडप समेत शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया। गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीण जय श्री राम, जय हनुमान, जय माता दी आदि गगनचुंबी नारे लगा रहे थे। ध्वजारोहण के साथ ही ग्रामीणों ने यज्ञ समाप्ति तक पूरे गांव में मांस मदिरा का सेवन नही करने को लेकर पूर्ण पाबंदी का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिप सदस्य रामसेवक दांगी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष महादेव दांगी, सचिव राजकुमार दांगी, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, विजय दांगी, सेवानिवृत शिक्षक अजीत सिंह, शारदा रंजन सिंह, सुनील राणा, बसंत दांगी, गीता देवी, सुदर्शन सिंह, विनोद सिंह, महेश राणा, निर्मल दांगी, बैजनाथ दांगी, तिलेश्वर दांगी, राजेंद्र राम, उपेन्द्र रजक, कुंदन कुमार, शिशुपाल कुमार, अजय यादव, भाजपा अध्यक्ष सतीश कुमार, अरविंद ठाकुर, अमित तिवारी, विमल सिंह, तिर्थनाथ दांगी, वासुदेव दांगी, राजू सिंह, चरितर सोनी समेत सैकड़ों महिला पुरुष ग्रामीण शामिल थे।

आजसू युवा मोर्चा का गठन

सौरभ कुमार बने प्रखंड प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। गुरुवार को चंदवा प्रखंड में युवा आजसू पार्टी के गठन हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा आजसू के प्रदेश संयोजक सह लातेहार और चतरा जिला प्रभारी अमित कुमार ने की। बैठक में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी के संकल्पों से प्रेरित होकर चंदवा प्रखंड में संगठन के विस्तार का संकल्प लिया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से सौरभ कुमार उर्फ. गोलू को चंदवा प्रखंड का युवा प्रभारी मनोनित किया गया। पार्टी

के प्रदेश संयोजक अमित कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी की विचारधारा और लक्ष्यों से अवगत कराया। उन्होंने युवा शक्ति को संगठित करने और जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाने का आह्वान किया। चंदवा प्रखंड में युवा आजसू का गठन आयोजित होने से क्षेत्र में पार्टी की उपस्थिति और मजबूत होगी। पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से चंदवा के युवाओं में नई उम्मीदें जगी हैं। मौके पर समाजसेवी राजेश गुप्ता समेत कई युवा साथी मौजूद थे।

मामूली विवाद में महिला की पीट-पीट कर हत्या

17 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, दो हुए गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

कुंदा(चतरा)। कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ककनातू गाँव में मामूली विवाद में 43 वर्षीय विवाहिता अंजू देवी (पति सरजू चौधरी) की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि आपसी घरेलू विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ और विवाद इतना बढ़ गया कि प्रथम पक्ष के लोगों ने द्वितीय पक्ष की महिला को बुरी तरह से पिटाई कर दी। वही महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उक्त मामले में दोनों पक्षों से आवेदन दिया गया है, प्रथम पक्ष से कुल 13 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं द्वितीय पक्ष से भी चार लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। जबकि पुलिस ने प्रथम पक्ष से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

Office of the Executive Engineer, R.C.D, Road Division, Garhwa

CORRIGENDUM

In partial modification of Tender Reference No.- RCD/Garhwa/278/2023-24Date:-23.02.2024 [PR 320254 Road(23-24)#D] under Road Division, Garhwa may be read as follows :-

Name of Work	Widening, Strengthening & Reconstruction work of NH-75 to Manjhiaon PWD Road via Viktam Daleli Road (Total Length 9.084 km.) under Road Division, Garhwa		
Corrigendum Title	Changes in Following Dates		
Corrigendum Detail	Please read following changed date.		
	Bid Submission Close Date	10-04-2024 (12.00 Noon)	
	Date & Time of opening of technical bid	12-04-2024 (12.30 A.M.)	

Executive Engineer
R.C.D,Road Division,Garhwa

PR.NO.323381Road(23-24):D

Office of the Executive Engineer R.C.D, Road Division, Garhwa

CORRIGENDUM

In partial modification of Tender Reference No.- RCD/Garhwa/279/2023-24 Date:-23.02.2024 [PR 320251 Road(23-24):D] under Road Division, Garhwa may be read as follows :-

Name of Work	Widening, Strengthening & Reconstruction work of Nagaruntari (NH-75) to Rohinian via Garbandh Road (Total Length 15.740 km.) under Road Division, Garhwa		
Corrigendum Title	Changes in Following Dates		
Corrigendum Detail	Please read followingchanged date.		
	Bid Submission Close Date	10-04-2024 (12.00 Noon)	
	Date & Time of opening of technical bid	12-04-2024 (12.30 A.M.)	

Executive Engineer
R.C.D,Road Division, Garhwa

PR 323382 Road (23-24)_D

हथियार और 138 ग्राम कोकीन के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/गिद्धौर। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चतरा पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, आपराधिक और संदिग्ध व्यायक्तियों के जमावड़े, जिले में चल रहे अवैध तस्करी और मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में कई अपराधियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि जिले के गिद्धौर प्रखंड में वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक के पास से 138 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार रुपए है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पंकज दांगी है जो पथलगड़ा थाना क्षेत्र का

पुलिस ने दो अफीम तस्करों को पकड़ा

गिद्धौर(चतरा)। अफीम तस्कर व ब्राउन शुगर तस्करों के विरुद्ध पुलिस को गिद्धौश्र थाना क्षेत्र में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना का आधार पर पुलिस ने दो अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के निशान देही के आधार पर करीब चार तस्करों के घरों में भी छापामारी अभियान चलाई गई है। बताया जाता है कि छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में अफीम में प्रयुक्त होने वाले केमिकल के साथ ब्राउन शुगर बनाने वाले सामान की जब्त होने की सूचना है। तस्करों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को लेकर एसपी ने गुरुवार को थाना का निरीक्षण किया। इस क्रम में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी को भी कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के पश्चात सभी जानकारी सार्वजनिक करने की बात कही। बताया गया कि पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अफीम व ब्राउन शुगर तस्करों में हड़कंप मचा गया है।

रहने वाला है। वहीं इटखोरी थाना क्षेत्र के एक अपराधिक वारदात जिसमें एक गैस एजेंसी के डिलीवरी करने वाले कर्मी से 5 हजार रुपए लूट करने वाले 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 1 देशी कट्टा 1 देशी पिस्टल, 1100रुपए, 1 अपाची मोटर साइकल और 2 विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन बरामद किया है। वहीं एक अन्य मामले में जिला मुख्यालय के नईकी तालाब के पास से किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में खड़े एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से 1 देशी पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस,बरामद किया है। साथ ही उसके निशानदेही पर 2 देशी कट्टा और 1 देशी रिवॉल्वर बरामद किया गया है। सभी गिरफ्तार अपराधी को जेल भेज दिया गया है।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।
(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन के निमित दिनांक 30.03.2024 को BLOs का प्रशिक्षण DMFT प्रशिक्षण भवन में निम्नानुसार आहुत की गई है –

क्र0	दिनांक–	प्रथम पाली 10.00 से 1.00 बजे तक	द्वितीय पाली 2.00 से 5.00 बजे तक
1	30-03-2024	मयुरहंड, ईटखोरी, गिद्धौर, पत्थलगड्डा, टण्डवा सिमरिया एवं लावलौंग	चतरा, प्रतापपुर, हंटरगंज, कुन्दा एवं कान्हाचट्टी

निदेशित है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित BLOs प्रशिक्षण में ससमय भाग लेना सुनिश्चत करेंगे।

नोडल पदाधिकारी,
प्रशिक्षण कोशांग –सह–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा

PR 323360 Election(23-24)D

रामनवमी महापर्व को लेकर समिति का किया गया गठन

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर (चतरा)। रामनवमी महापर्व को लेकर गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय की विभिन्न क्लबों द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। भास्कर स्वालंबन क्लब परिसर में झांकी प्रस्तुति को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शंकर कुमार दांगी ने किया। बैठक में झांकी प्रस्तुति को लेकर रामनवमी समिति का गठन सर्व समिति से किया गया। गठित समिति में मुकेश कुमार को अध्यक्ष, प्रभात कुमार को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार (एसबीआई) को सचिव, आशुरंजन कुमार कुशवाहा (मंटू) को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं दूसरी ओर गिद्धौर के हेठ मोहल्ला झांकी प्रस्तुति समिति का भी गठन कर लिया गया। समिति गठन को लेकर सामुदायिक भवन में महादेव दांगी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जबकि संचालन निरंजन दांगी ने किया। बैठक में झांकी प्रस्तुति को लेकर गठित समिति में विजय भारती को अध्यक्ष, देवकांत मोती को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार को सचिव, रंजन कुमार को सहसचिव, प्रनाथ दांगी को कोषाध्यक्ष, राहुल कुमार को सह कोषाध्यक्ष व संयोजक के रूप में महादेव दांगी का चयन किया गया।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के अलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 (सोमवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। गढ़वा जिला अंतर्गत 080–गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 081–भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदानदलों/सेक्टर पदाधिकारी के डिस्पैच तथा ई0भी0एम0 के स्ट्रॉग रूम का निर्माण श्री सदगुरू जगजीत सिंह नाम धारी महाविद्यालय, गढ़वा में करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य मे मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सदगुरू जगजीत सिंह नाम धारी महाविद्यालय, गढ़वां का सम्पूर्ण परिसर एवं भवन उपलब्ध सभी उपस्करों सहित दिनांक 26.03.2024 से दिनांक 06.06.2024 तक निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

ह0/–
जिला निर्वाचनपदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 323434 Election(23-24).D

उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(एन0आर0ई0पी0, शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–13/2023–24

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 05.04.2024 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 06.04.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 06.04.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रूपये)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Construction Of police Morcha Room in Latehar EVM Ware house, Block - Latehar, Dist-Latehar	14,54,000.00	29100.00	2500.00	3 माह
2	Construction Of Boundry wall in Latehar EVM Ware house, Block - Latehar, Dist-Latehar	13,97,100.00	28000.00	2500.00	3 माह

1. ग्रामीण कार्य विभाग /भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. **यह निविदा आसन्न लोकसभा चुनाव, 2024 के निर्वाचन कार्य हेतु प्रकाशित की जा रही है।**
5. निविदा की अन्य शर्ते **https://latehar.nic.in** एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 323387 NREP (23-24)_D

एक नजर

मिट्टी खुदाई कर रही जेसीबी हाइवा ट्रक जब्त

भंडरा। प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय स्थित फायरिंग रेंज के समीप अवैध मिट्टी खुदाई कर रही जेसीबी व एक हाइवा को सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने जब्त किया है। साथ ही कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि भंडरा-आकाशी सड़क निर्माण कार्य करा रहे संवेदक द्वारा अवैध रुप से मिट्टी की कटाई की जा रही थी। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय को दी गई। इसके बाद भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के साथ छापेमारी कर एक जेसीबी व एक हाइवा को जब्त किया है। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि इसकी सूचना खनन विभाग को दी गई है।

मतदान कर्मियों का हुआ मेडिकल परीक्षण

लोहरदगा। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त कतिपय मतदान कर्मियों द्वारा अपनी शारीरिक अस्वस्थता, बीमारी, विकलांगता के कारणों से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु अभ्यावेदन समर्पित किये गए थे। जिनका चिकित्सीय परीक्षण 28 मार्च को झारनेट सभाकक्ष में गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा किया गया। इसमें कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें 77 कर्मी मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित हुए और 05 अनुपस्थित रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी समेत मेडिकल बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

रक्तदान कर वृद्ध महिला की जान बचाई

गुमला। लाइफ लाइन संस्थान गुमला के तत्वाधान से आकाश गौरव ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर एक वृद्ध महिला की जान बचाई। यह उनका पहला रक्तदान रहा है। आकाश गौरव का कहना है कि हीमोग्लोबिन कम होना और एनीमिक पेशेंट लागो को रक्त कि जरूरत पड़ती है। उनको हर महीना रक्त चढ़ाना होता है। उनके परिजन लोग रक्तदान करने में गबराते है बल्कि रक्तदान महादान कहलाता है। हमेशा हर व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आने की जरूरत है। प्रत्येक व्यक्ति को हर तीन माह में रक्तदान कर सकते है। इसलिए तो मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। आज गुमला में रक्त के प्रति काफी जागरूकता आई है किंतु जन सेवा के भाव से हम सभी को इस सेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ाने की जरूरत है। तभी रक्त की कमी को दूर किया जा सकता है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, सगिता कुजूर, मंजू किंडो, मनीष सिंह, रोहित खंडेलवाल मौजूद थे।

स्कूल से चावल चोरी मामले में चोर व खरीददार गया जेल

कैरो / लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के गजनी पंचायत के गाराडीह में राजकीय उत्क्रमित उर्दू विद्यालय में मध्याह्न भोजन का चावल गत 23 मार्च चोरी हो गया था। जिसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक के द्वारा लिखित शिकायत देकर विद्यालय परिसर में मध्याह्न भोजन के लिए रखे गए 8 क्विंटल चावल अज्ञात चोरों के द्वारा होने की रिपोर्ट कैरो थाना में दर्ज कराया गया था। कैरो थाना पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए छापा मारकर गाराडीह निवासी सहबू अंसारी के पुत्र सादिक अंसारी को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की।

लोकसभा चुनाव की तैयारियां व विधि व्यवस्था को लेकर विशेष बैठक

कई बिंदुओं पर हुई परिचर्चा

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित आज गुरुवार को गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में गुमला/लोहरदगा/सिमडेगा के गुमला जिले में पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र व सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत किए गए चुनावी तैयारियों एवं विधि व्यवस्था को लेकर एक विशेष बैठक का उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्णा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गुमला/ लोहरदगा/सिमडेगा सहित तीनों जिलों के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहें। बैठक में क्लस्टर , मतदान केंद्रों, रूट चार्ट, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, बूथ लिस्ट, पोस्टल बैलेट, मतदान एवं क्लस्टर में विशेष विधि व्यवस्था, मतदान केंद्रों में सभी प्राथमिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त एवं रिसीविंग सेंटर में संबंधित एसी के ही कर्मियों को प्रतिनियुक्त करने आदि संबंधित विशेष बिंदुओं पर परिचर्चा हुई। इस दौरान P-1, P+2 से जुड़े एसी वाइज किए जाने वाले तैयारियों के विषय में भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए। सिमडेगा, लोहरदगा एवं गुमला के सीमांतों में भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक से पूर्व सभी एआरओ के द्वारा गुमला पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का अवलोकन किया गया था जिसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला ने सभी एसी के एआरओ से द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली एवं सभी एआरओ द्वारा चयनित स्ट्रॉन्ग रूम के स्थान पर संतोष व्यक्त किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला ने सभी संबंधित जिलों के एआरओ को गुमला अंतर्गत बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों में यदि किसी प्रकार के बदलाव की आवश्यकता हो तो उसकी भी जानकारी देने की बात कही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला/ लोहरदगा द्वारा रूट चार्ट तैयार करने पर विशेष फोकस करने हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया से 85+ के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का होम वोटिंग करवाने से संबंधित विशेष बिंदुओं पर भी परिचर्चा हुई एवं उक्त प्रक्रिया से संबंधित सभी को विस्तृत जानकारी भी दी गई। इसके अलावा चुनावी तैयारियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर परिचर्चा करते हुए बैठक में आवश्यक निर्णय लिए गए। इस दौरान बैठक में उक्त पदाधिकारियों के अलावा उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, विशिष्ट अनुभाजित पदाधिकारी रांची सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा ,एसडीओ चैनपुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सिसई, गुमला,विशुनपुर, सिमडेगा, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी भांडरा, सेन्हा, पेशरार, थाना प्रभारी भांडरा, सेन्हा, पेशरार, घाघरा, विशुनपुर, पालकोट, गुरदरी,सेरंगदाग सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत, एक गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर थाना अंतर्गत मड़ईकोना गांव के पास सफी नदी पुल में गुरुवार दोपहर ऑटो पलटने से ऑटो में सवार लॉरंबा गांव निवासी 39 वर्षीय नरेश लोहरा पिता देवनाथ लोहार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं निर्मल लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने नरेश लोहार के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल निर्मल लोहरा को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा परिवार अपने ही ऑटो से चैनपुर बाजार जा रहे थे। ऑटो में कुल 11 लोग सवार थे। इसी दौरान मड़ईकोना गांव के सफी नदी पुल की चढ़ाई में तीखा मोड़ और ऑटो की तेज गति होने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अन्य कई लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आई है। आनन-फानन में दोनों घायलों को एक अन्य ऑटो की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया। जहां नरेश लोहार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर परिजनों का रोकर बुरा हाल है।

ऑटो - कार की टक्कर में आधा दर्जन जख्मी

कुडू/लोहरदगा। कुडू - रांची उच्च पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के बरवाटोली के नजदीक गुरुवार की दोपहर करीब 1:30 बजे उस समय अफरातफरी मच गयी। जब एक कार और ऑटो की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर रोड के किनारे पलट गया। इससे टेम्पो में बैठे थाना क्षेत्र के ककरगढ़ के रहने वाले याकूब अंसारी की 45 वर्षीय पत्नी नाजबुन खातून, ग्राम लावागाई के रहने वाले 35 वर्षीय बिरसा महली पिता स्व सोमरा महली उसकी पत्नी बिमला महली और दो छोटी बच्ची घायल हो गईं। इन्हें ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज किया गया। बताया जाता है कि ऑटो कुडू से मांडर की ओर जा रहा था तभी आगे-आगे चल रही कार के अचानक ब्रेक लगाने से ऑटो पीछे से टकरा गया।

लोकसभा चुनाव को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

सेन्हा/लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कण्डरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श अचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा एस आई मनीष कुमार महतो के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में किसी राजनीति पार्टी का चुनावी पोस्टर, झंडा, अवैध हथियार, गांजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब या अन्य नशिला पदार्थ तथा पैसा का जांच किया गया। वहीं वाहन जांच के दौरान जानकारी देते हुए एस आई मनीष कुमार महतो ने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार 50 हजार रुपैया नगद या उसे अधिक पैसा साथ लेकर चलना या अन्य किसी तरह से चुनाव में धनबल का दुरुपयोग करना तथा चुनाव को बाधित करने के उद्देश्य से किये जाने वाले कार्यो को रोकने के लिये वाहन जांच किया जा रहा है। जिसके लिये चुनाव आयोग द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त है। यदि कोई भी व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने किसी तरह का गलत कार्य करता है, तो उस पर अचार संहिता का उलंघन के तहत नियम संगत कर्रवाई किया जायेगा तथा नगद पैसा के साथ पकड़ा जाता है, तो उन्हें इसकी पूरी जानकारी देना होगा। मौके पर दण्डाधिकारी अनिल उरांव और एसआई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

लोक सभा चुनाव को लेकर सीओ ने की बैठक

भंडरा। सीओ सह प्रखंड निर्वाचन अधिकारी दुर्गा कुमार ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन प्रखंड में चल रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने अब तक की गई चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तर पर सभी तैयारी समय पर पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी बूथों का निरीक्षण करके वहां पर बिजली, रैंप आदि की आवश्यक सुविधाएं कराएं। वेब कास्टिंग को लेकर कैमरों की स्थापना का कार्य चुनाव आयोग के तय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाए। सीओ ने स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के साथ चुनाव आयोग लोकसभा 2024 का आयोजन करवा रहा है। जिसके तहत पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं। आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करें और सी विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का तत्काल निवारण करें।

जंगली हाथी ने किसान के घर को किया ध्वस्त, फसलों को किया नुकसान

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव में अहले सुबह 5 बजे एक जंगली हाथी ने किसान प्रकाश बखला के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जिससे घर में रखे बक्सा, बर्तन, धान, गेंहू इत्यादि पूरी तरह से नुकसान हो गए तथा बारी में लगे टमाटर एवं केले की फसलों को रौंद दिया। घटना के संबंध में किसान प्रकाश लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब पांच बजे सुबह एक जंगली हाथी घर को धांसने लगा तभी हमलोग किसी प्रकार अपनी जान बचाकर भागे और गांव वालों को इसकी जानकारी दी। तब तक हाथी पूरे घर को ध्वस्त कर घर में रखे गेंहू और चावल को चट कर चुका था। गांव वालों के आते तक फसलो को रौंद रहा था। घर के धंसने से घर में रखे सभी समान बरबाद हो गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की वन विभाग की टीम अभी तक यहां नहीं पहुंची है। इधर पीड़ित किसान ने वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है। बताते चले कि किसान के परिवार में कुल सात लोग है। जिसमे कृष्टिना बाखला पति स्व. तर्शियुस बाखला जिनकी उम्र 65 वर्ष होने के बावजूद कोई पेंशन नहीं मिलता है। पीड़ित किसान ने रोरो कर अपनी आपबीती पत्रकारों के समक्ष रखी।

शिशु मंदिर स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का हुआ आयोजन

परिश्रम जीवन को सफल एवं सार्थक बनाता है : शशिधर लाल अग्रवाल

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। जिसमे कक्षा अरुण से पंचम तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा अरुण में सत्यम उरांव, आराध्या राज एवं आरवी कुमारी तथा कल्यांशु उरांव, कक्षा प्रभात की बहन खुशबू उरांव, प्रणीत गुप्ता एवं नंदिनी गुप्ता, कक्षा प्रथम से प्रज्ञान कुमार, आश्वी सहदेव एवं अरनव भगत तथा सृष्टि कुमारी, कक्षा द्वितीय की अर्पिता कुमारी, शिव शंकर उरांव एवं परिधि कुमारी, कक्षा द्वितीय से प्रणीत कुमार, शौर्य कुमार तथा अमन लोहरा, कक्षा तृतीय की आराधना मेहता, पायल कुमारी एवं सिद्धि शर्मा, कक्षा चतुर्थ से पलक मेहता, माही कुमारी एवं दिव्या उरांव, कक्षा पंचम के अंकित कुमार प्रजापति, कृष्ण कुमार साहू एवं आयुष कुमार एवं गौरव प्रताप, कक्षा पंचम ख के सुप्रशांत भगत, वत्सल कुमार गुप्ता एवं सिद्धार्थ शर्मा को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा कक्षा पंचम के भैया गौरव प्रताप को प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रांतीय स्तर पर तृतीय स्थान लाने पर उन्हें नगद राशि 3000 रुपये प्रदान किया गया। विद्यालय की आचार्य सुश्री सुनीता कुमारी को विद्यालय स्तर पर सक्रिय आचार्य के रूप में समिति के सचिव एवं अध्यक्ष द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। वाटिका खंड में सर्वोत्तम अंक लाने हेतु साहित्य शर्मा, मंदिर खंड में प्रणीत कुमार, स्वच्छता एवं अनुशासन के लिए कक्षा चतुर्थ के ऋषभ राज, सर्वाधिक उपस्थिति के लिए कक्षा चतुर्थ के निखिल भगत को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रबंध समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा परिश्रम जीवन को सार्थक एवं सफल बनाता है अतः विद्यार्थी को निरंतर परिश्रम करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा विद्यार्थी को पांच लक्षणों से युक्त होकर निरंतर पढ़ाई में रत रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य से सुरेश चंद्र पांडे ने कहा जीवन में सफलता तभी अर्जित किया जा सकता है जब हम संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण करें। माता-पिता एवं गुरु जनों का आदर करना विद्यार्थी का प्रथम कर्तव्य होता है। मौके पर सचिव अजय प्रसाद , उपाध्यक्ष विनोद राय , कमल महतो, राहुल कौशल, राजीव कुमार, श्यामसुंदर पांडेय समेत बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी, एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी तथा भैया बहन उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त,पलामू
(जिला शस्त्र शाखा)
दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044 (आ) Email Id: dc-pal@nic.in

प्रेस विज्ञप्ति

पलामू जिलान्तर्गत सभी वैध शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुज्ञप्तिधारियों ने थानान्तर्गत अपने शस्त्रों को भौतिक सत्यापन नहीं कराये हैं, उन्हें अंतिम मौका देते हुए पुनः दिनांक–31.03.2024 तक भौतिक सत्यापन कराना आवश्यक है। वैसे अनुज्ञप्तिधरी जो निर्धारित तिथि तक संबंधित थाना में भौतिक सत्यापन नहीं कराते हैं, तो उनके विरूद्ध शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्दीरण हेतु एक तरफा कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू
सह–आर्म्स लाईसेंसिंग अथ्योरिटी,पलामू

PR 323375 Palamu(23-24).D

OFFICE OF TH EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR.

CORRIGENDUM

InBid Reference No.-WRD/Water Ways Division, Medininagar/Turnkey-02/23-24, Dated-26.02.2024, PR 320276 (Water Resource) 23-24(D) due to unavoidable circumstances, the Period of availability of Bidding document on Websiteand the corresponding dates are extended as follows:-

Period of availability of Bidding document on Website	From 29.02.2024 at 4:00 PM to 08.04.2024 upto 5:00 PM
Period of online submission of Bids	From 29.02.2024 at 4:00 PM to 08.04.2024 upto 5:00 PM
Date and Time of Opening Prequalification Bid	12.04.2024 upto 2.00 PM

Rest will bethe same.

Executive Engineer
Water Ways Division,
Medininagar.

PR 323421 (District)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

rdsdgumla123@gmail.com.

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 240 दिनांक 14.03.2024 द्वारा ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/GUMLA/22/2023-24(2nd Call)** जिसका पी०आर० (PR)सं०–322677 Rural Development (2023-24)*D है, में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है। ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.03.2024 से दिनांक 27.03.2024 को अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक 03.04.2024 से दिनांक 09.04.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक एवं ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.04.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर 12.04.2024 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 323397 Rural Development(23-24)D

Office of the Executive Engineer,
R.C.D, Road Division, Garhwa

CORRIGENDUM

In partial modification of Tender Reference No.- RCD/Garhwa/277/2023-24 Date:-23.02.2024 [PR 320253 Road(23-24)D] under Road Division, Garhwa may be read as follows :-

Name of Work	Widening, Strengthening & Reconstruction work of Dental More (on NH-75) to Nawadohari (on NH -343) via Hoor Charmuhan road (Total Length 15.132 km.) under Road Division, Garhwa
Corrigendum Title	Changes in Following Dates
Corrigendum Detail	**Please read following changed date.** Bid Submission Close Date: **10-04-2024** (12.00 Noon); Date & Time of opening of technical bid: **12-04-2024** (12.30 A.M.)

Executive Engineer
R.C.D,Road Division,Garhwa

PR 323380 Road(23-24)D

कार्यालयः जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार
(MCMC कोषांग)

सूचना

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता हैं कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 491/Paid News/2019 Communication, दिनांक 25.02.2019 के आलोक में चतरा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित हैं जो प्रिंट/इलेक्ट्रोनिक/सोशल/केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक/ सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनकें द्वारा दिये गय व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जायेगी।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पुर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्वः अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- (MCMC) कोषांग, लातेहार सूचना भवन, लातेहार में कार्यरत हैं जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगी।

प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिये प्रारूप Latehar.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, लातेहार

PR 323369 Election (23-24)_D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आम सूचना : निर्वाचकों के पहचान स्थापित करने संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के आदेश

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 3/4/आईडी/2024/एसडीआर/खण्ड–1, दिनांक 19.03.2024 द्वारा प्राप्त आदेशानुसार लोकसभा आमचुनाव, 2024 में सभी निर्वाचकों, जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचानपत्र जारी किये गये हैं, वेमतदान स्थल पर मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचानपत्र दिखाएंगे। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा:–

1. आधारकार्ड,
2. मनरेगा जॉब कार्ड,
3. बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटो युक्त पासबुक,
4. श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
5. ड्राइविंग लाइसेन्स,
6. पैन कार्ड,
7. एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड,
8. भारतीय पासपोर्ट,
9. फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज,
10. केन्द्र/राज्य सरकार/लोकउपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र,
11. सांसदों/विधायकों/विधान परिशद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, और
12. युनिक डिसएबिलिटि आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिकन्याय एवं अधिकारित मंत्रालय, भारत सरकार।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहाँ वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामा वली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक का पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो, तब निर्वाचक को उपर्युक्तवर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

प्रवासी निर्वाचकों, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोकप्रति निधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामा वलियों में पंजीकृत हैं, मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर पहचाना जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 323437 Election(23-24).D

एक नजर

पीट-पीटकर जान से मारने के आरोप में मां-बेटा गए जेल

चांडिल। चौका थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति को पीट-पीटकर जान से मारने के आरोप में गुरुवार को मां-बेटे को जेल भेज दिया। घटना बीते मंगलवार की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चौका थाना क्षेत्र के मातमकडीह टोला बांसडुंगरी में मां-बेटे ने मिलकर अपने पड़ोसी को इतना पीटा कि उसकी मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु इलाज के दौरान एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में हुई। मृतक आरोपी का पड़ोसी प्रकाश मांझी हैचौका थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस शक के आधार पर पड़ोसी मां-बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। इस दौरान हिरासत में लिए गए सोमवारी मार्डी और राजेश मार्डी ने अपना जुर्म कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना को लेकर बांसडुंगरी में दहशत का माहौल के साथ लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को गांव में किसी का श्राद्धकर्म था। सभी नहाने के लिए एक साथ जलाशय गए थे। वापसी के बाद सभी अपने-अपने घर चले गए। वहीं कुछ देर बाद मृतक प्रकाश मांझी रास्ते में लहूलुहान अवस्था में अचेत गिरे मिले। इसके बाद परिजन व अन्य ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल पहुंचाया।

खड़ी हाइवा से टकराया ट्रेलर, केबिन में फंसा चालक

आदित्यपुर। टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की अहले सुबह बेबको मोटर्स के समीप खड़े हाइवा में कांड्रा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि टेलर का चालक टेलर के केबिन में ही फंस गया है। जिसके निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं और गैस कटर की टीम बुलवाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया है.हालांकि चालक की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। उधर हाइवा चालक हाइवा छोड़ फरार हो गया है। बता दे कि आए दिन उक्त मार्ग पर सड़क के किनारे खड़े वाहनों की वजह से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

गलत भाषा का प्रयोग व अवैध रूप से संचालित संगठन के सदस्यों का व्यवहार निराशाजनक

सरिया ठाकुर बाड़ी में सरयूपारीण ब्राह्मण महासंघ कोर कमिटी की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह सरिया स्थित ठाकुर बाड़ी मन्दिर में गुरुवार महासंघ के कोर कमेटी की बैठक रखी गई । कार्यक्रम की शुरूवात मंगलाचरण के साथ कि गई जिसके बाद महासंघ के सभापति, महामंत्री उप महामंत्री, उपाध्यक्ष सहित अन्य केंद्रों से आये केंद्राध्यक्ष व मंत्री ने सम्बोधन किया इस दौरान कोर कमिटी के वक्ताओं ने विधिवत चुनाव कराने पर जोर दिया तथा विगत दिनों सरयूपारीण ब्राह्मण युवा प्रकोष्ठ नामक संचालित संगठन के सदस्यों द्वारा महासंघ के खिलाफ अनर्गल टिपण्णी व भाषण बाजी का विरोध किया कहा कि फिलहाल सरयूपारीण युवा प्रकोष्ठ नाम से दो संगठन संचालित हैं ।

एक संगठन मे चुनाव प्रक्रियाधीन हैं तो एक ने स्वतः चुनाव कर संगठन संचालित कर रहे हैं और महासंघ के समरूप चलाने का प्रयास कर रहा हैं जबकि आगामी होली पर्व के दिन हरिहर धाम में युवा प्रकोष्ठ नामक संगठन में महासंघ के नाम से छींटाकसी ओर अपमानजनक शब्दो का इस्तेमाल किया गया हैं। जिसका स्पष्टीकरण मांगा गया हैं यदि एक सप्ताह के अंदर प्रतिक्रिया नही आती हैं तो संगठन सांगठनीक रूप से कार्य करेगी। लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महासंघ के सभापति अनन्त लाल शर्मा ने कहा कि महासंघ इस बार चुनाव कराने के लिए कमर कस चुकी हैं पूरी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई हैं जिसे सफल करने के लिए आज कोर कमिटी की बैठक रखी गई है जिसमे विभिन्न केंद्र के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित हुए हैं ओर चुनाव पर चर्चा की गई। श्री शर्मा ने बताया कि महासंघ एक संघ नही बल्कि सरयूपारीण समाज की मजबूत बुनियाद हैं।

जिसमे बड़ी इमारतें खड़ी हो चुकी हैं, विधिवत समाज को संचालन के लिए चुनाव की एक संवैधानिक प्रक्रिया हैं जिसके लिए समाज ने ये तय किया हैं कि आगामी 9 जून को महासंघ के चुनाव होगा। संघ के सभापति अनन्तलाल शर्मा ने कहा कि सरयूपारीण ब्राह्मण युवा प्रकोष्ठ नाम से एक खास व्यक्ति के इशारे में संगठन संचालित हैं वो समाज को अलगाव में लाने का प्रयास किया जा रहा हैं जिन्होंने महासंघ के समाजिक कार्यों में कभी हिस्सा नही लिया जिनके अगुवाई में महासंघ पर गलत टिपण्णी किया गया जिनका चुनाव विवादित हो वो समाज का जिम्मेवारी कैसे सौंपा जा सकता है। शर्मा ने कहा कि संघ अभी फिलहाल उस विवादित संघठन को समाजिक रूप से अवैध मानती हैं जब तक उनका स्पष्टीकरण नही आता साथ ही इन्होंने कहा कि महासंघ के सभी पदाधिकारियों का फोटो फ्लैक्स में छपवाकर गलत तरीके से लोगों को भूमित करने का दुःसाहस कर रहे हैं जिसपर महासंघ के कोर कमिटी के सदस्य आपसी चर्चा परिचर्चा कर निष्कर्ष निकालेगी ताकि भविष्य में इसे नही दुहराया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुसमरजा केंद्र के अध्यक्ष बासुदेव पांडेय ने किया जबकि संचालन सरिया केंद्र के अध्यक्ष अशोक पांडेय ने किया। वंही कार्यक्रम में राम लखन पांडेय,अवध किशोर पांडेय, कामदेव पांडेय, भारत भूषण पांडेय, भुनेश्वर पांडेय, धनेश्वर पांडेय, कैलाश पांडेय, राम कुमार पांडेय, वासुदेव पांडेय, दामोदर पांडेय, विनोद शर्मा, सुदामा पांडेय, गोरखनाथ पांडेय, सुरेश शास्त्री, पशुपति शर्मा, मुरली मनोहर पांडेय, शिशु कुमार पांडेय, राम किशोर शास्त्री, रविन्द्र पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत रितेश की ब्रेन हेम्ब्रेज से हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह तिसरी प्रखंड निवासी लक्ष्मण चौधरी के 32 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार की गुरुवार को आकस्मिक मृत्यु हो गई। रितेश तिसरी और देवरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएएम के पद पर कार्यरत थे। रितेश की मौत ब्रेन हेम्ब्रेज से होने की बात सामने आ रही है। रितेश काफी मिलनसार युवक के अलावा काफी सामाजिक भी थे। रितेश की मौत होने से उनकी पत्नी, बेटी, बहन, पिता सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि रितेश बुधवार देर रात को पत्नी व बच्चों को ट्रेन में बैठाने के लिए जसीडीह गए थे। तभी उन्हें सिर में चक्कर आ गया जिसके बाद वह स्टेशन पर ही गिर गए। इसके बाद कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। गुरुवार को गिरिडीह में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके शव को तिसरी स्थित आवास लाया गया।

स्वीप के तहत बगोदर व जमुआ में मतदाता जागरूकता अभियान

मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बगोदर व जमुआ प्रखंड के विभिन्न क्लस्टरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

मां की हत्या करने पर बेटे ने हत्यारे को मौत के घाट उतारा

चक्रधरपुर। पश्चिमी सिंहभूम जिला के गुदड़ी थाना क्षेत्र के गुलीकेरा पंचायत के बुरुगुलीकेरा में दो लोगों की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। गांव में दो लोगों की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना बुधवार देर शाम की है।बताया जाता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र बुरुगुलीकेरा गांव में राजेश बुढ़ नामक व्यक्ति शराब के नशे में गांव के मुंडा सुखराम बुढ़ के घर पहुंचा। घर में मुंडा सुखराम बुढ़ की पत्नी गंधवरी बुढ़ को देख उसने घर के बाहर रखे लकड़ी का पीढ़ा उठाकर गंधवरी बुढ़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस बीच मृतका का पुत्र दुनू बुढ़ मौके पर पहुंचा तो राजेश बुढ़ ने भी उस पर भी पीढ़ा से हमला करने की कोशिश की, लेकिन मां की हत्या से गुस्साये पुत्र दुनू बुढ़ ने राजेश बुढ़ को जमीन पर धकेल दिया और वहां रखे उसी पीढ़ा से मां के हत्यारे राजेश बुढ़ को पीट-पीटकर मार डाला। घटना की सूचना पाकर गुरुवार को गुदड़ी थाना पुलिस के अधिकारी घटना स्थल पहुंचे और दोनों शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि राजेश बुढ़ अपराधी प्रवृति का व्यक्ति था और पहले भी वह जेल जा चुका था। कुछ महीने पहले ही वह जेल से छुटकर आया था।

न्यूज बॉक्स

रैफ परिसर में लैंगिक समानता व महिला सशक्तीकरण पर कार्यक्रम

जमशेदपुर। परसुडीह के सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की 106वीं बटालियन के परिसर में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा तिवारी ने व्याख्यान दिया. उन्होंने महिलाओं को लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर जागरूक किया। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण तथ्यों और जीवन की असलियत को बताया। डॉ नेहा तिवारी ने अपने जीवनकाल में किये गए संघर्षों को महिलाओं के साथ साझा किया, जो महिलाओं को सामर्थ्य और साहस का संदेश देने के लिए महत्वपूर्ण था। उन्होंने बताया कि किस तरह एक महिला होने पर संघर्ष करके आगे बढ़ने के लिए कैसे अपना सामर्थ्य बढ़ाकर आत्मविश्वास को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में आरसीडब्लूए रैपिड एक्शन फोर्स 106वीं बटालियन की महिला कार्मिक तथा कार्मिकों के परिवार की महिलाएं उपस्थित थीं।

जेकेएम शैक्षणिक संस्थान में बाहा मिलन समारोह का हुआ आयोजन

घाटशिला। घाटशिला जे. के. एम शैक्षणिक संस्थान में गुरुवार को बाहा मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाहा मिलन संथाली विभाग के प्रो. प्रामिला माझी एवं दूली रानी मुर्मू के द्वारा किया गया। बाहा मिलन समारोह में सभी संथाली के विद्यार्थियों ने साल के वृक्ष पर नायके की देखरेख में पूजा अर्चना किया। यह बाहा पर्व, प्रकृति से अच्छे बारिश की कामना करते हैं, जिससे की अच्छी फसल हो सके। इस बाहा मिलन समारोह में सभी एक दूसरे को साल के फूल देकर सभी एक दूसरे के जीवन में सुख, समृद्धि की कामना किया। संथाली विद्यार्थियों नें अपना सांस्कृतिक नृत्य एवं मांदर और नागडे के धुन से स्वयं गाना गाकर सबों का मन मोह लिया। इससे पता चलता है कि आने वाले भविष्य में यह संस्कृति चलता रहे। महाविद्यालय के सचिव नारायण प्रसाद ने कहा कि इस तरह कार्यक्रम हमेशा होता रहे जिससे सभी विद्यार्थियों को अपने संस्कृति के प्रति सम्मान और प्रेम जगे। महाविद्यालय के विभागाध्यक्षा डॉ मौसमी महातो, सुशांति कुमारी, बसंत पंडित, जीतिका, कविता धारा, विवेक रंजन कुईला, प्रमीला माझी, दुली रानी मुर्मू , अनु मिश्रा, श्यामली दत्ता, सुषमा अर्चना टोपनो, तारा महतो, प्रमित सीट, प्रीति कुमारी, पुनम टुडू, आंगन सरकार, विनिता टुडू के महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलैता रेलवे क्रॉसिंग सारंडा के ग्रामीणों के लिये परेशानी का कारण बना

किरीबुरु। सारंडा के दर्जनों गांवों के ग्रामीण, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी व जवान, शिक्षक-शिक्षिकायें, स्कूली छात्र-छात्रायें, वन विभाग के अधिकारी, चिकित्सा टीम आदि किरीबुरु-करमपदा मुख्य ग्रामीण सड़क मार्ग पर कलैता गांव के समीप स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन घंटों खड़ी रहने वाली मालगाड़ी से परेशान रहते हैं। यह समस्या दशकों से बनी हुई है। रेलवे इसका स्थायी समाधान नहीं कर पा रहा है। उल्लेखनीय है कि रेलवे ने यह रेल लाइन सिर्फ सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान से लौह अयस्क की ढुलाई हेतु बिछाया है। दोनों खदानों से प्रतिदिन लगभग 8-10 रैक लौह अयस्क अन्यत्र भेजी जाती है। कोई भी रैक जब करमपदा से मेघाहातुबुरु लोडिंग साइडिंग में जब प्लेसमेंट किया जाता है तब उस रैक को सबसे पहले इसी रेलवे क्रॉसिंग पर लगभग डेढ़-दो घंटे तक खड़ा कर दिया जाता है। यह रैक किसी भी अलग-अलग समय में खड़ी हो जाती है। इससे इस मार्ग पर घंटों आवागमन ठप रहता है। इससे सारंडा के गांवों में जाने अथवा वहां से शहरों में आने वाले तमाम लोग परेशान रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी तो तब होती है जब गंभीर मरीज को अस्पताल पहुंचाना होता है। इस क्रॉसिंग के अलावे दूसरा कोई रास्ता नहीं है, जिसके सहारे लोग पार हो सकें।

तीन लोस क्षेत्र के लिए स्थापित की शिकायत अनुवीक्षण केंद्र

नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में कराने के उद्देश्य से सरायकेला खरसावां जिला के संयुक्त सहकारिता भवन दूधी में शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर की स्थापना की गई है. जो निर्वाचन की घोषणा की तिथि से 247 संचालित रहेगी. यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने दी है. उन्होंने बताया कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायत एवं आमजनों के सहयोग के लिए संयुक्त सहकारिता भवन दूधी में लोकसभा संसदीय क्षेत्रवार अलग अलग टोल फ्री दूरभाष सेवा स्थापित की गयी है.इसके लिए अलग-अलग हेल्पलाईन नंबर भी जारी की गई है. जिसके तहत लोकसभा क्षेत्र रांची के लिए 18003456484 नंबर है. जिले का ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है. जबकि सिंहभूम (अ. ज. जा.) लोकसभा क्षेत्र के लिए नंबर होगा 18003456485. जिले का 51-सरायकेला विधानसभा क्षेत्र सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में पड़ता है।

लुप्पी गांव से रंगदारी और फिरौती मांगने का एक आरोपी गिरफ्तार

नक्सल कांड में जेल से जमानत पर हुआ था रिहा

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह बेंगाबाद पुलिस ने गुरूवार को थाना क्षेत्र के लुप्पी गांव से रंगदारी और फिरौती मांगने के मामले के अभियुक्त मूसन दास उर्फ महेंद्र दास को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चकाई थाना कांड संख्या 218/2022 का नामजद अभियुक्त है और वह कांड अंकित होने के बाद से फरार चल रहा था। जबकि अभियुक्त मूसन दास उर्फ महेंद्र दास पूर्व में नक्सली कांड में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका था। एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर बेंगाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चकाई पुलिस को सौंप दिया। आरोपी की गिरफ्तारी बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी कर किया गया है। बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त नक्सली कांड में बिहार के चकाई थाना कांड संख्या 66/2015 के नामजद अभियुक्त था। वह जेल से बेल पर रिहा हुआ था। वर्तमान में वह फिरौती व रंगदारी के मामले में वह फरार चल रहा था। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी। अचार संहिता एंव चुनाव के मद्देनजर एसपी के निर्देश पर बेंगाबाद पुलिस ने छापा मार कर चकाई थाना के फरार चल रहे रंगदारी व फिरौती के आरोपी अभियुक्त को बेंगाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

शहीद दिऊ कोड़ा के परिजनों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा हर वर्ष की भांति इस बार 27 मार्च को झारखंड पार्टी के केंद्र सचिव सह प्रवक्ता महेंद्र जामुदा गोलकेरा प्रखण्ड के बिला पंचायत के बिला गांव में झारखंड आंदोलनकारी शाहिद दिऊ कोड़ा को श्रद्धांजलि देने गांव पहुंचे। मौके पर उनके परिजनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि आज भी झारखंड आंदोलन में हुए शहीदों का झारखंड नहीं बना है, यहां तक की शहीदों के परिवार वालों को भी सम्मान नहीं मिल रहा है। उनको सरकार की ओर से जो सुविधा प्राप्त होनी चाहिए वह भी आज तक पूर्ण नहीं हुआ है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार झारखंड के खनिजों पर ही उनकी नजर है।

जल जंगल जमीन यहां के आदिवासियों का है। लेकिन उन पर भी उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में आने वाले वक्त में ऐसे जनप्रतिनिधि को चुना है, जो हम लोगों की बातों को समझ सके और कार्य कर सके। ग्रामीणों ने नाच कर स्वागत किया और शहीद स्थल तक लेकर गए। मौके पर झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष रेयांश समाड ने एकजुट होकर जल जंगल जमीन को बचाना है। इसके लिए लोगों को जागरूक किया। कहा कि हम सभी प्रकृति को मानते आ रहे हैं इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इन सब की रक्षा अगर हम नहीं कर पाए तो हमारा विनाश हो जाएगा। मंच का संचालन सुखराम कोड़ा ने किया। मौके का मुख्य रूप से सोमनाथ पुरती, मगंल, काडेराम लागुरी, चन्द मोहन लागुरी, मुरलीधर तुबुड़ी, रमेश लागुरी,रामराये लागुरी, लक्ष्मण पुरती, मनसिंह पुरती, रामराल लगुरी, लाडु माई, गोमानी पिगुवा, श्रीमती लागुरी, नागुरी पुरती एवं सैकड़ो की मात्रा में ग्रामीण उपस्थित थे। शहीद दिऊ कोड़ा के परिवार के सस्दयों के नाम जिनको अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मोटो कोड़ा, जयधर कोड़ा , प्रताप कोड़ा, चारीबा कोड़ा, सपनी कोड़ा, पार्वती कोड़ा , जेमा कोड़ा, बेरा कोड़ा, जगदीश कोड़ा शामिल हुए।

टाटानगर स्टेशन के पुनर्विकास के लिए डीआरएम ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसको लेकर गुरुवार को चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौड़ ने अपनी टीम के साथ स्टेशन परिसर और आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। डीआरएम के साथ सिनियर डीसीएम गजराज सिंह चरण, एआरएम अभिषेक सिंघल और स्टेशन अधीक्षक ओपी शर्मा समेत अन्य अधिकारी शामिल थे. डीआरएम ने सबसे पहले टाटानगर स्टेशन परिसर से जनआहार कैंटिन, डोरमैट्री, फूड जोन और सभी प्लैटफार्म का निरीक्षण किया वहीं डीआरएम ने सकेंड इंट्री गेट में भी होने वाले बदलाव की निरीक्षण किया। इसके बाद डीआरएम अपनी टीम के साथ स्टेशन के बाहर और प्रदीप मिश्रा चौक का पास पहुंचेञ।

यहां उन्होंने बनने वाले फ्लाईओवर के स्थल को चिन्हित किया। इसके साथ ही कई जगहों की नापी भी की गई। बता दे कि स्टेशन के रीडेवलपमेंट के दौरान एक फ्लाईओवर का भी निर्माण किया जाएगा जो कि प्रदीप मिश्रा चौक से होते हुए रेलवे अस्पताल के पास तक बनेगा। डीआरएम ने सुरक्षित परिचालन को लेकर इलेक्ट्रीक लोको ट्रेनिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक की। टाटानगर स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने के बाद स्टेशन पहुंच, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालयों में सुधार, स्वच्छता, फ्री वाईफाई, एक स्टेशन एक प्रोडक्ट और बेहतर यात्री सूचना प्रणाली के माध्यम से स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार किये जाएंगे। इसके अलावा स्टेशन परिसर में मॉल बनाए जाएंगे और वो सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगीं जो एक एयरपोर्ट में होती है। टाटानगर स्टेशन कुल 3.50 लाख वर्ग फीट में बनेगा। इसके लिए 350 करोड़ से ज्यादा खर्च किया जाएगा।

वार्ड 27 में 2.41 एकड़ सरकारी जमीन पर चल रहा अवैध निर्माण

आदित्यपुर। आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 27 में रेलवे कॉलोनी से सटे 2.41 एकड़ सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य जारी है। जबकि इस बात की शिकायत एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा अंचलाधिकारी गम्हरिया से की गई है। लेकिन इसके बावजूद पुलिस प्रशासन मौन है। बताया जा रहा है कि इसमें अंचल कार्यालय की शह है जिसके वजह से यह कार्य धड़ल्ले से जा रहे है और बचे हुए जमीन की प्लाटिंग कर बेची जा रही है। शिकायतकर्ता रंजन दास ने बताया कि प्लॉट नंबर 1126, 1127, 1128 और 1129 को अवैध कब्जा दिखाकर अंचल कार्यालय की शह पर जमीन की प्लाटिंग कर उसे बेची जा रही है और उसपर निर्माण कार्य भी जारी है।

ज्ञान एक ऐसी विलक्षण शक्ति है, जिसके आगे दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को भी झुकना पड़ता है: अज्ञात

लोकतंत्र के लिए आवश्यक है स्वच्छ बयानबाजी

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, वैसे वैसे नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालू प्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दशार्ते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है।

इन दिनों

अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है। इस महीने की शुरूआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं। जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी। आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया। स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है। रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की। बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे। स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी। भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे। मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे।

ओम शांति।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं)

आपकी बात

पर्यावरण : क्या कोई लोकसभा चुनाव में मेरी आवाज बनेगा

डॉ. मनमोहन प्रकाश

मैं पर्यावरण देश के मतदाताओं से, राजनीतिक पार्टियों से, चुनाव में खड़े प्रत्याशियों से अपनी पीड़ा साझा करना चाहता हूं, सुधार हेतु प्रयास करने के लिए अनुरोध करना चाहता हूं। जैसा की आप सभी भारतीयों को ज्ञात है कि भारत में लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं, रैलियों, मीटिंगों को आयोजित करने में व्यस्त हैं। सभी प्रत्याशी अपने समर्थन में पार्टी के स्टार प्रचारक नेताओं की सभाएं आयोजित करने के लिए प्रयास रत हैं। जीत के लिए किये जा रहे प्रयासों में कोई कमी न रहे इस हेतु प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर- घर जाकर वोट मांग रहे हैं , ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने के लिए मतदाताओं से अनुरोध कर रहे हैं। मतदाताओं को आश्वासन भी दे रहे हैं कि मेरी जीत न सिर्फ मतदाताओं की जीत होगी अपितु मतदाताओं और चुनाव क्षेत्र की समस्याओं का निदान और विकास भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही जीत के बाद मेरा लक्ष्य रहेगा अपने मतदाताओं के सुख-दुख में शामिल होना और लोकसभा क्षेत्र के साथ प्रदेश के हितों का ध्यान रखना , देश की आन-बान-शान के लिए काम करना और राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर स्थान देना, प्राथमिकता प्रदान करना। मेरा संकल्प रहेगा कि मेरा देश आत्मनिर्भर बने ,विकसित राष्ट्र की सूची में स्थान प्राप्त करे तथा उसकी अर्थ व्यवस्था विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करे। कुछ प्रत्याशियों द्वारा, राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहा जा रहा है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है, सरकारी ऐजेंसियों का दूरपयोग हो रहा है, धर्म विशेष और उसको मानने वाले लोगों की नागरिकता खतरे में है, किसानों को उनकी उपज के लिए उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। अतः देश की विविध समस्याओं के निराकरण के लिए , सही प्रत्याशियों के चयन के लिए मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए। ऐसा देखने में भी आ रहा है कि प्रत्याशियों द्वारा/राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है। सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक, मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी, विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/ राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को, समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने, महंगाई को कम करने, भ्रष्टाचार को खत्म करने, रोजगार उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ, रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है, ऐसा लगता है इस बार भी करेंगी। हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जलकर , बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है, कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है, गैस, पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं। किन्तु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है, आगे भी शायद दिखाई देता रहे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरूआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी, जलाशय, भूमिगत जल स्त्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टेंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/ बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जला कर नयी फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता/ साधन भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी, जलाशय आदि जल स्त्रोतों में कभी जनता द्वारा, कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। ना ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है। विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित रुप में/ मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा, पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं, स्वस्थ रखते हैं, उम्र में वृद्धि करते हैं, विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं, उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु, प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु , जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए, दम तोड़ती नदियों, सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए, साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में मेरी (पर्यावरण) आवाज बनना पसंद करेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को, राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमेप के साथ, कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा? जब भी कोई मतदाता/ पर्यावरणविद्, पत्रकार ने प्रत्याशियों से इस विषय पर प्रश्न करने का साहस किया है तो उसका मुंह यह कह कर बंद करा दिया गया है कि पर्यावरण विषय पर चर्चा स्थानीय स्तर के चुनावों में होना चाहिए (नगरी निकाय, पंचायत, विधानसभा),यह तो लोकसभा का चुनाव है। वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों(भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है। अतः मैं पर्यावरण अपने प्यारे देशवासियों से, समझदार मतदाताओं और प्रत्याशियों से विनम्र अनुरोध करना चाहता हूं कि पर्यावरण प्रदूषण किसी भी प्रकार का हो, किसी भी कारण से हो, किसी भी जगह हो, किसी भी पंचतत्व के लिए हो, उसको हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहे। पर्यावरणीय समस्याओं के निराकरण के लिए सभी दलों के प्रत्याशियों से आवाज उठाने के लिए अनुरोध करते रहें । मेरा ऐसा मानना है कि यदि मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में, चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है। **(लेखक पर्यावरणविद् एवं स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

भ्रष्टाचार

नकली दवा के असली सौदागरों पर कसे सख्त नकेल

ऋतुपर्ण दवे

इसे व्यवस्था की नाकामी कहें या भ्रष्टाचार का खेल, लेकिन सच्चाई यही है कि इंसान की जान से बेपरवाह लोग, पैसे की हवस के आगे दरिन्दे बन मौत के सौदागर तक बन जाते हैं। कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह के राष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बाद लोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। इसका दूसरा पहलू यह भी कि इसे रोकने की खातिर लंबे-चौड़े अमले पर भारी भरकम खर्च और सख्त कानून के बावजूद जारी रहना खुद में बड़ा सवाल है। शासन-प्रशासन के नुमाइंदे नक्कालों से सावधान का राग अलापते रहें तो अटपटा जरूर लगता है। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में तमाम सुबूतों के साथ कैंसर की नकली दवा बनाने वाले जिस गिरोह का पदार्फाश किया उसमें 12लोग शामिल हैं। दुखद यह कि आरोपितों में दो जाने-माने कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। निश्चित रूप से पूरा गैंग सारी तैयारियों से इस काम में जुटा था। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत मे बिक रही कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकर चेताया था। नकली दवाओं के असली निर्माताओं ने भी दावा किया था कि उनके नाम व ब्रान्ड पर भारत में नकली दवाओं का असली खेल चल रहा है। तब कुछ ठोस कार्रवाई होती दिखी नहीं। शर्मनाक यह भी कि भारत के औषधि महानियंत्रक यानी ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया तक बेसुध रहे कि कैंसर तथा लिवर के नकली इंजेक्शन धड़ल्ले से और खुले आम कैसे बिक रहे हैं। संगठन ने चेताया लेकिन यहां किसे होश आया? यह तो ठीक वैसा ही हुआ जैसे कोरोना के नकली रेमेडिसविर इंजेक्शन ने न जाने कितनों की जान ले ली और जिम्मेदार बेसुध रहे? संगठन की चेतावनी के बाद यह जरूर माना गया था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पाद सहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं। सवाल यही कि जानकर भी महकमे ने क्या किया? यकीनन दिल्ली पुलिस ने काबिल-ए-तारीफ काम किया।

> **कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह के राष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बाद लोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा।**

फेसबुक वॉल से

Deo Bihari Sharma
7 h

हमारा प्यारा गदहा घोड़े से कम नहीं।
😂😂😂😂😂😂
****

यह बादशाहे इल्म हैं, उस्ताद- ए -जुगाड़ है
बंजर में भी उगा लेता ये फस्ल-ए- बहार है
खेती में इसकी अहमियत गोबर से कम नहीं
हमारा प्यारा गदहा घोड़े से कम नहीं।

पत्थर को बस छू कर यह हीरा बना लेता है
आलू से यह चमकता हुआ सोना बना लेता है
वैज्ञानिक है धुरंधर यह ,आइंस्टीन से कम नहीं
हमारा प्यारा गदहा घोड़े से कम नहीं ।

फेविकोल लेकर यह देश को जोड़ने चला है
दिसंबर में भी नमूना हाफ टीशर्ट में अड़ा है
गदहा है अपना काठ के उल्लू से कम नहीं
हमारा प्यारा गदहा घोड़े से कम नहीं ।
@डीबीशर्मा।

X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

कई कारण कांग्रेस की मंद होती रोशनी के

ललित गर्ग

देश की सबसे पुरानी एवं मजबूत कांग्रेस पार्टी बिखर चुकी है, पार्टी के कद्दावर, निष्ठाशील एवं मजबूत जमीनी नेता पार्टी छोड़कर अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं, वह भी तब जब लोकसभा चुनाव सन्निकट है। कांग्रेस नेताओं का यह दलबदल आश्चर्य की बात हैं, पार्टी छोड़ने का जैसा सिलसिला चल रहा है, वह देश के इस सबसे पुराने दल की दयनीय दशा और स्याह भविष्य को ही रेखांकित करता है। हालांकि भाजपा और कुछ अन्य दलों के चंद नेता कांग्रेस की शरण में भी गये हैं, लेकिन इसकी तुलना में उसके नेताओं के पार्टी छोड़ने की संख्या कहीं अधिक है। प्रश्न है एक लोकतांत्रिक संगठन की यह दुर्दशा एवं रसातल में जाने की स्थितियां क्यों बनी? इसके कारणों की समीक्षा एवं आत्म-मंथन जरूरी है। कांग्रेस पार्टी लगातार न केवल हार रही है, बल्कि टूट एवं बिखर रही है, जनाधार कमजोर हो रहा है, इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने न इसकी समीक्षा की, न विश्लेषण किया। कांग्रेस पर वंशवाद एवं पुत्रमोह का ठप्पा लगा हुआ है। पार्टी में आंतरिक प्रजातंत्र नहीं है। शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेने में अक्षम है। बहुसंख्यकों के कल्याण की कोई नीति नहीं है। तुष्टीकरण नीति भी उसके लिए घातक साबित हो रही है। इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी में सन्नाटा पसरे होने के कारण ही अनेक जिम्मेदार एवं कर्णधार नेता ही पार्टी छोड़कर जा रहे हैं या चले गये हैं। आज का कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व साम्प्रदायिक, असामाजिक, स्वार्थी, चाटुकारी एवं देश-विरोधी तत्वों के साथ इस तरह 'ताना-बाना' हो गया है कि उससे निकलना मुश्किल हो गया है। सांप-छछूंदर की स्थिति है। न निकलते बनता है और न उगलते। कांग्रेस नेतृत्व सत्ता प्राप्ति की खुशफहमी और खोने के खतरे की फोबिया से ग्रस्त है। कांग्रेस के नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी नेतृत्व को हैरान-परेशान होना चाहिए, लेकिन शायद ही ऐसा हो, क्योंकि राहुल गांधी आम तौर पर ऐसे नेताओं को डरपोक या अवसरवादी करार देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। वह और उनके करीबी यह देखने-समझने के लिए तैयार नहीं कि आखिर क्या कारण है कि एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह का भाजपा में जाना इसलिए कांग्रेस के लिए एक बड़ा आघात है, क्योंकि पंजाब उन राज्यों में है, जहां कांग्रेस अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है और भाजपा तीसरे-चौथे नंबर के दल के तौर पर देखी जाती है। बात पंजाब ही नहीं, महाराष्ट्र, हिमाचल एवं अन्य प्रांतों की भी ऐसी ही है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कांग्रेस छोड़ने वालों में कई ऐसे नेता भी हैं, जो गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे, जैसे अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, सुरेश पचौरी। इसके पहले राहुल गांधी की युवा ब्रिगेड के सदस्य कहे जाने वाले अधिकांश नेता भी कांग्रेस से विदा ले चुके हैं।

बोधि वृक्ष

कोलकाता कालीघाट का मंदिर

कोलकाता पहुँचने के बाद मंदिर पहुँचना काफी आसान है और माना जाता है कि कोलकाता जाकर भी अगर दक्षिणेश्वर काली माता मंदिर और कालीघाट की यात्रा न की तो यात्रा अधूरी ही मानी जाएगी।

(समाप्त)

बोधगया: बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

सदियों से, धर्म, राजनीति, मिथक और इतिहास भारत में राज्य की राजधानी पटना के दक्षिण में फल्गु नदी के तट पर एक छोटे से शहर के आसपास एकत्रित हुए हैं। यह असाधारण स्थान - बोध गया - सिद्धार्थ गौतम , बुद्ध के ज्ञान, या 'महान जागृति' (संस्कृत, महाबोधि) का स्थल माना जाता है। यहीं पर सिद्धार्थ गौतम बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान में बैठे थे, उन्होंने भटकने और तपस्या करने के लिए अपने राजसी जीवन को त्याग दिया था। यहां, उन्होंने राक्षस मारा के रूप में प्रलोभन को हराया, और एक महान विश्व धर्म - बौद्ध धर्म - को गति प्रदान की। समझा जाता है कि बुद्ध के जीवन की घटनाएँ 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में घटित हुई थीं, 2,500 से अधिक वर्षों के बाद, बोधगया प्राचीन, मध्ययुगीन और आधुनिक मंदिरों, मठों, मंदिरों और होटलों से भरपूर एक विशाल तीर्थ शहर है। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

अब आप भी कर सकते हैं अंतरिक्ष में डिनर

WhatsApp में जल्द आने वाला है नया फीचर, बस एक सेटिंग से HD में भेज सकेंगे फोटो-वीडियो WhatsApp अपने नए फीचर की टेस्टिंग एंड्रॉयड के बीटा वर्जन पर कर रहा है। इस अपडेट के बाद एक बार सेटिंग करके एचडी या एसडी को डिफॉल्ट बनाया जा सकेगा। अभी इस नए फीचर का वॉट्सऐप एंड्रॉयड के बीटा वर्जन 2.24.7.17 पर टेस्ट हो रहा है। गूगल प्ले-स्टोर पर इस फीचर का बीटा अपडेट रिलीज किया। मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग एप WhatsApp ने कुछ दिन पहले ही एक अपडेट जारी किया है इसके बाद यूजर्स एचडी में फोटो-वीडियो किसी के साथ शेयर कर सकते हैं। अब खबर है कि कंपनी इसमें बड़ा बदलाव करने जा रही है। रिपोर्ट के माने तो WhatsApp एक नए फीचर की टेस्टिंग कर रहा है, जिसके बाद आप हमेशा के लिए यह सेटिंग कर पाएंगे। इसके बाद आप हमेशा के लिए हर फोटो-वीडियो एचडी में भेजना है या एसडी में। बता दें कि, WhatsApp के नए फीचर की टेस्टिंग एंड्रॉयड के बीटा वर्जन पर हो रही है। इस फीचर के आने से आप एक बार सेटिंग करके एचडी या एसडी को डिफॉल्ट बनाया जा सकेगा। नया फीचर WhatsApp एंड्रॉयड के बीटा वर्जन 2.24.7.17 पर टेस्ट हो रहा है। गूगल प्ले-स्टोर पर इस फीचर के लिए बीटा अपडेट भी रिलीज कर दिया। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com**
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

तमिलनाडु के इरोड से द्रमुक सांसद गणेशमूर्ति का निधन

चेन्नई। तमिलनाडु के प्रमुख राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सांसद ए गणेशमूर्ति का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। 77 वर्षीय गणेशमूर्ति ने कोयंबटूर के निजी अस्पताल में सुबह 5:05 बजे अंतिम सांस ली। कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास करने के बाद 24 मार्च को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया गया है कि उन्होंने जहर निगल लिया था। उन्हें पहले इरोड के एक निजी अस्पताल ले जाया गया और वहां प्राथमिक उपचार प्रदान कर कोयंबटूर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उनकी हालत तभी से गंभीर बनी हुई थी। वह तीन बार लोकसभा के लिए चुने गए। द्रमुक ने कहा है कि उनके पार्थिव शरीर को इरोड के पेरियार नगर स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा। उसे वहां सार्वजनिक श्रद्धांजलि के लिए रखा जाएगा।

आंध्र प्रदेश में दो सड़क हादसों में पांच की मौत

अमरावती। आंध्र प्रदेश में गुरुवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रकाशम जिले में हुई पहली दुर्घटना में, एक कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। इससे उसमें यात्रा कर रहीं तीन महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नेल्लोर जिले के कुंडुकुरु के निवासियों के रूप में हुई। नेल्लोर जिले में एक अन्य दुर्घटना में, दो ड्राइवरों की उस समय मौत हो गई, जब खड़े ट्रक से एक मिनी लॉरी टकरा गई। यह दुर्घटना वारिकुंटापाडु मंडल में भोग्यमवारी पल्ली के पास हुई।

हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

चंडीगढ़। हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल (84) ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। कुछ दिन पहले ही उनके उद्योगपति बेटे नवीन जिंदल भाजपा में शामिल हुए थे। सावित्री जिंदल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। सावित्री जिंदल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की। सावित्री जिंदल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "मैंने विधायक के रूप में 10 साल हिसार की जनता का प्रतिनिधित्व किया और मंत्री के रूप में हरियाणा प्रदेश की निस्वार्थ सेवा की है। हिसार की जनता ही मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार की सलाह पर आज कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं।

'आप' ने भाजपा पर सांसद विधायक 'खरीदने' का लगाया आरोप

दिल्ली । शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी की साजिश बताया है। उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा, 30 अक्टूबर 2023 को जब अरविंद केजरीवाल को समन भेजा गया था, तभी से वो कह रहे हैं कि इनका मकसद जांच नहीं है। इनका मकसद है कि जैसे ही केजरीवाल जेल जाए, तो दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार गिराई जाए।

अग्निवीर भर्ती योजना पर बोले राजनाथ जरूरत पड़ी तो हम बदलाव के लिए तैयार

एजेंसी। नई दिल्ली ।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दो टूक शब्दों में कहा कि भारत और इसकी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। देश के नागरिकों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। अग्निवीर योजना की आलोचना पर एक सवाल के जवाब में राजनाथ सिंह ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य ही नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो उनकी सरकार अग्निवीर भर्ती योजना में परिवर्तन करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। सेना में युवावस्था होनी चाहिए। मुझे लगता है कि युवा अधिक उत्साही हैं, वे अधिक तकनीक प्रेमी हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित हो, जरूरत पड़ी तो बदलाव भी करेंगे। युवा प्रोफाइल के लिए हर कोई स्वीकार करेगा कि सशस्त्र बलों को

ऐसा करना चाहिए।

कुछ मुद्दों पर सार्वजनिक नहीं बोला जा सकता- राजनाथ सिंहदिल्ली में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी लगभग 50 साल लंबी राजनीतिक यात्रा के किस्से भी साझा किए। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्ष के नेताओं के सदस्यों समेत कई लोगों द्वारा उठाए गए सवालों पर उन्होंने कहा कि जो देश के हित में है वो मैं सब विपक्ष के साथ साझा करता हूं लेकिन कुछ चीजें है जिनका रणनीतिक महत्व है और हम उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं बता सकते हैं। कुछ मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से बोलने से बचने की कोशिश करता हूं।हमारी सेना और सुरक्षा कर्मियों पर पूरा भरोसा-राजनाथ सिंहसीमा सुरक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं देश के हर नागरिक को आश्वास्त करना चाहता हूं कि उन्हें हमारी सेना और सुरक्षा कर्मियों पर पूरा भरोसा होना चाहिए।

पूर्वी लद्दाख में के कुछ इलाकों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साढ़े तीन साल से अधिक समय से टकराव चल रहा है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है।क्या है मामलाएक निजी कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पांच साल तक रक्षा मंत्री और उससे पहले गृह मंत्री रहने के दौरान, मैंने जो देखा, समझा और आकलन किया है, उसके आधार पर मैं सभी से कह रहा हूं कि हमारी सीमाएं सुरक्षित हाथों में है। गौरतलब है कि पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई, जो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था।

पूर्व सीएम मांझी ने गया से भरा नामांकन पत्र

कुमार सर्वजीत भी चुनावी मैदान में

एजेंसी। गया ।

बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को गया संसदीय क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतन राम मांझी और राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत ने नामांकन दाखिल किया। मांझी के नामांकन के दौरान बिहार एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। नामांकन पत्र भरने के बाद गांधी मैदान में एक बड़ी जनसभा हुई। इस मौके पर मांझी ने कहा कि लड़ाई, लड़ाई होती है। मैं परिणाम की चिंता नहीं करता। मैं लड़ाई पूरे मनोयोग से लड़ूंगा। इधर, महागठबंधन की ओर से राजद के नेता कुमार सर्वजीत ने भी गुरुवार को नामांकन भरा। उन्होंने कहा कि गया जिले की महान जनता पर पूरा भरोसा है। पहले चरण में बिहार की गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई सीटों पर चुनाव होना है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने आयकर पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ कांग्रेस की याचिका खारिज की

एजेंसी। नई दिल्ली ।

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए आयकर पुनर्मूल्यांकन को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी। इसके पहले न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषइंद्र कुमार कौरव की खंडपीठ ने वर्ष 2014-15 से 2016-17 के लिए पुनर्मूल्यांकन से संबंधित समान याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायाधीशों ने कहा कि आयकर अधिकारियों द्वारा इकट्ठा किए गए ठोस सबूत आयकर अधिनियम के प्रावधानों के तहत कांग्रेस पार्टी की आय और वित्तीय घोषणाओं की गहन जांच को उचित ठहराते हैं। कांग्रेस ने कर अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ शुरू की गई पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2018-19 के लिए कांग्रेस से 100 करोड़ रुपये से

अधिक कर की मांग का की थी। इस दौरान पार्टी की आय 199 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान लगाया गया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने पहले आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के 8 मार्च के आदेश को बरकरार रखा था। न्यायाधिकरण ने मूल्यांकन वर्ष 2018-19 के लिए बकाया कर वसूली पर रोक लगाने की कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने कहा था, "हमें आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिला।"

बिहार : नामांकन के दिन एनडीए ने दिखाई एकजुटता

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन गुरुवार को एनडीए के घटक दलों के नेता एकजुटता दिखाते हुए पटना से एक साथ रवाना हुए। प्रथम चरण में बिहार के गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में चुनाव होने हैं। औरंगाबाद से एनडीए के प्रत्याशी भाजपा नेता सुशील सिंह पहले ही नामांकन भर चुके है। गुरुवार को गया, जमुई और नवादा से एनडीए के प्रत्याशी नामांकन भर रहे हैं। इस नामांकन में भाग लेने के लिए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा (रामविलास) के सांसद चिराग पासवान, मंत्री श्रवण कुशवाहा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पटना से गया रवाना हुए।

एक अप्रैल तक ईडी की हिरासत में केजरीवाल

ईडी ने कहा, केजरीवाल को आमने-सामने बैठा कर करनी है पूछताछ

एजेंसी। नई दिल्ली ।

दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी हिरासत 1 अप्रैल तक बढ़ा दी। केजरीवाल को गुरुवार को शराब नीति मामले में उनकी छह दिन की ईडी रिमांड समाप्त होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के सामने पेश किया गया। गुरुवार को जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री की सात और दिनों की हिरासत मांगी, हालांकि, दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल की ईडी रिमांड चार दिन बढ़ाकर 1 अप्रैल तक कर दी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट रूम सीएम केजरीवाल के समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आप नेता गोपाल राय, आतिशी और सौरभ भारद्वाज सहित अन्य भी अदालत में मौजूद थे।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा कि केजरीवाल

का आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ लोगों से आमना-सामना कराने की जरूरत है, जिन्हें गोवा से बुलाया गया है। एएसजी ने केजरीवाल पर जांच में सहयोग न करने और गोलमोल जवाब देने का भी आरोप लगाया, साथ ही कहा कि डिजिटल डेटा की जांच की जानी चाहिए जिसके लिए ईडी को पासवर्ड की जरूरत है।

उन्होंने कहा, "केजरीवाल कहते हैं कि वह अपने वकीलों से पूछेंगे कि पासवर्ड देना है या नहीं।" अदालत ने केजरीवाल को दलीलें पेश करने की भी अनुमति दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले में सीबीआई ने 31,000 पेज और ईडी ने 25,000 पेज दाखिल किए हैं, लेकिन किसी को भी दोषी नहीं पाया गया है।

उन्होंने पूछा, मेरा सवाल यह है कि मुझे क्यों गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल ने पूछा, मैं ईडी की हिरासत का विरोध नहीं कर रहा हूं... वह जब तक चाहें मुझे रख सकते हैं, लेकिन यह एक घोटाला है। मेरा नाम चार गवाहों ने लिया था... कई लोग मेरे आवास पर आते हैं, क्या यह पर्याप्त आधार है एक मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का।"

उन्होंने यह भी दावा किया कि लोगों को मामले में सरकारी गवाह बनाया जा रहा है और उन्हें अपने बयान बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केजरीवाल के इस दावे पर कि सरथ रेड्डी ने भाजपा को 50 करोड़ रुपये से अधिक दिए, एएसजी ने कहा कि इसका शराब घोटाले से कोई लेना-देना नहीं है। एएसजी ने कहा, भाजपा को (आबकारी) नीति बनाने का अधिकार नहीं है। हमें इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि कोई किसी व्यक्ति को कोई पैसा देगा। इसका शराब घोटाले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईडी के पास यह दिखाने के लिए सबूत है कि केजरीवाल ने रिश्वत में 100 करोड़ रुपये की मांग की थी।

बारामती में हो सकता है 'ननद-भाभी' के बीच मुकाबला

मुंबई। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, सत्तारूढ़ शिवसेना के पूर्व विधायक विजय शिवतारे गुरुवार को महायुति गठबंधन के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद कयास लगाया जा रहा है कि वह बारामती से चुनाव लड़ने का अपना दावा छोड़ सकते हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और दूसरे उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ-साथ वरिष्ठ शिवसेना नेता भरत गोगावले ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के बंगले 'वर्षा' में शिवतारे के साथ बैठक की। बैठक में शामिल नेता मुस्कुराते हुए बाहर निकले। इससे पहले शिवतारे ने 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बारामती से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन की चेतावनी दी थी। उन्होंने सुनेत्रा ए. पवार को हराने का संकल्प भी जताया था। अब बारामती में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा ए.पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष और तीन बार की सांसद सुप्रिया सुले के बीच चुनावी मुकाबला तय है।

पूर्व आईपीएस भाकपा के टिकट पर अयोध्या से लड़ेंगे लोस चुनाव

सपा प्रत्याशी का खेल बिगाड़ेंगे अरविंद सेन

पिता तीन बार रह चुके हैं फैजाबाद से सांसद

एजेंसी। लखनऊ।

फैजाबाद संसदीय सीट से तीन बार सांसद रहे स्व. मित्रसेन यादव के पुत्र अरविंद सेन यादव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चिन्ह पर अयोध्या लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने शुक्रवार को प्रत्याशी के तौर पर उनके नाम की घोषणा कर दी है।

वैसे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव पहली बार राजनीति में उतरने जा रहे हैं। जबकि उनके पिता स्व. मित्रसेन यादव 1989 में कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर फैजाबाद से सांसद चुने गये थे। इसके बाद एक बार बसपा से व एक बार सपा से सांसद रहे। अरविंद सेन यादव के छोटे भाई आनन्द सेन यादव पहले से ही राजनीति में हैं। वह बसपा सरकार में मंत्री भी रहे। इस समय वह समाजवादी पार्टी में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने आनंद सेन

आम आदमी की आवाज उठाता रहूंगा : वरुण गांधी

पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता

एजेंसी। लखनऊ।

पीलीभीत से भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरूण गांधी ने टिकट कटने के बाद पीलीभीत वासियों के नाम से एक मार्मिक पत्र लिखा है। पत्र में वरूण ने पीलीभीत से अपनी यादों को जिक्र करते हुए लिखा कि पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर ही सही मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगे। वरूण गांधी पत्र में आगे लिखते हैं कि मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूं कि सदैव वह कार्य करता रहूंगा भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। भाजपा सांसद ने लिखा कि मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम व विश्वास का है, जो किसी राजनीतिक गुणा-भाग से बहुत ऊपर है।

एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ जवान ने खुद को मारी गोली

एजेंसी। कोलकाता।

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक सीआईएसएफ जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मॉर्निंग रूटिंग के दौरान एयरपोर्ट पर तैनात सभी जवान गोली की आवाज सुनकर अलर्ट हो गए। इसके बाद जब सभी घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने वहां अपने साथी जवान को खून से लथपथ अजमीन पर गिरा हुआ पाया। जवान को तत्काल पास के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन, उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान की पहचान सी विष्णु (25) के रूप में हुई है। वह 2022 में सीआईएसएफ में भर्ती हुआ था। वह मूल रूप से तेलंगाना का रहने वाला था। फिलहाल, आत्महत्या के पीछे की वजह तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री के घर पत्नी ने दिया बेटी को जन्म

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर गुरुवार को नवजात की किलकारियां गूंजी हैं। उनकी पत्नी डॉक्टर गुरप्रीत कौर ने बेटी को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस संबंध में जानकारी देते हुए खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि परमात्मा की कृपा से बेटी हुई है। जच्चा एवं बच्चा दोनों तंदुरुस्त हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जुलाई 2022 में डॉक्टर गुरप्रीत कौर के साथ दूसरा विवाह किया था। भगवंत मान की पत्नी डॉक्टर गुरप्रीत कौर कुरुक्षेत्र (हरियाणा) की रहने वाली हैं। साल 2015 में भगवंत मान ने अपनी पहली पत्नी से तलाक ले लिया था। पहली पत्नी से भगवंत मान को एक लड़का व एक लड़की है।

विकास का रास्ता गांव और खलिहान से होकर जाता है : योगी

मुजफ्फरनगर में पहले लगता था कर्फ्यू, अब निकल रही कांवड़ यात्रा

शुकतीर्थ का पुराना वैभव लौटाने का काम भाजपा सरकार ने किया

एजेंसी। मुजफ्फरनगर।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि एक वोट देश की तकदीर बदल सकती है। वोट गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर में कर्फ्यू लगता था, और सही हाथों में वोट जाने से कांवड़ यात्रा निकल रही है। मुख्यमंत्री आज मुजफ्फरनगर लोकसभा के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब (चौधरी चरण सिंह) को सम्मान (भारत रत्न) पहले मिलना चाहिए था। वर्ष 2004 से 2014 के बीच की सरकारों ने उन्हें यह सम्मान नहीं

दिया। देश के विकास का रास्ता गांव और खलिहान से होकर जाता है, यह बात चौधरी साहब ने ही कही थी।

सीएम ने कहा कि पांच सौ वर्षों के बाद वोट की ताकत ने ही आस्था को सम्मान दिलाया है। इस दौरान उन्होंने कहा भागवत की भूमि को दुनिया शुकतीर्थ के रूप में जानती है। शुकतीर्थ का पुराना वैभव लौटाने का काम भाजपा सरकार ने किया। जनभावना के अनुरूप काम किया। दुनिया में किसी के पास पांच हजार वर्ष पुराना इतिहास नहीं, लेकिन मुजफ्फरनगर के पास है। कहा कि पहले लोग यहां आने से डरते थे। अब सही हाथों में वोट गया तो अराजकता समाप्त हो गई।

आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे।

तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए।

मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी और केकेआर

एजेंसी। बेंगलुरु

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्याएं बनी हुई हैं। पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं।

पहले दिन 16 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखा आईपीएल का मैच

मुंबई। आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराया था। स्टार स्पोटर्स के एक प्रवक्ता ने एक कहा, ह्ययह बड़ी उपलब्धि है जिसे स्टार स्पोटर्स के दर्शकों के प्रेम ने संभव कर दिखाया। हम अपने सभी साझेदारों और बीसीसीआई के साथ टाटा आईपीएल को धन्यवाद देते हैं।'

आरसीबी के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ ने पहले मैच में 38 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि दूसरे मैच में 43 रन देकर एक विकेट लिया। ऐसे में आरसीबी खेमा इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज रीसे टॉपली को उतार सकता है।

केकेआर के पास शीर्ष और मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, सुनील नारायण और नीतिश राणा हैं जो ईडन गार्डंस पर सनराइजर्स के खिलाफ चल नहीं सके। इंपैक्ट खिलाड़ी रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल छठे, सातवें और आठवें नंबर पर उतरकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचा पाए। श्रेयस ने दो गेंद खेली और खाता भी नहीं खोल सके। वैसे चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पिछली दो पारियों में प्रदर्शन अच्छा रहने से उनका मनोबल बढ़ेगा।

पिछले साल विश्व कप में यहां नीदरलैंड के खिलाफ उन्होंने नाबाद 128 और दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टी20 में 53 रन बनाए थे। गेंदबाजी में नदीम ने 19 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन महंगे खरीदे गए मिचेल स्टार्क और वरूण चक्रवर्ती प्रभावित नहीं कर सके हैं।

पदक जीत कर जिम्नास्टिक के खिलाड़ियों ने बढ़ाया झारखंड का मान : निशिकांत पाठक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 22 मार्च से जम्मू में आयोजित नेशनल एयरोबिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड टीम की खिलाड़ियों ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए एयरोबिक जिम्नास्टिक में दो कांस्य पदक (जूनियर ऐरो डांस इवेंट और सीनियर पी-टाई) जीत कर गुरुवार को रांची लौटे। जम्मू से लौटे जिम्नास्टिक्स के खिलाड़ियों का झारखंड जिम्नास्टिक संघ ने रांची स्टेशन पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। खिलाड़ियों को माला और गुलदस्ता दे कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड की 23 सदस्यीय टीम ने भाग लिया था। जिन्होंने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया, उनमें जूनियर ऐरो डांस इवेंट टीम के नयन कच्छप, टोनू गोपाल, अनुराग कुमार, रिया कुमारी, सपना कुमारी, सृष्टि कुमारी राय, दशमी कुमारी एवं कंडा कुमारी तथा सीनियर पी-टाई टीम के विकास गोप, अमित गोप, राजवीर केरकेट्टा, सूरज केसरी एवं करण कुमार शामिल हैं। झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दूबे, जिला खेल पदाधिकारी, शिवेंद्र कुमार सिंह तथा झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष आशीष झा, आलोक मिश्रा, तुलिका श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, देवाशीष झा, सचिव निशिकांत पाठक, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, संयुक्त सचिव सरोज यादव, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, आशुतोष दूबे एवं प्रशासनिक सचिव डॉ दीपक कुमार साहु ने जिमनास्टिक के खिलाड़ियों का रांची स्टेशन पर भव्य स्वागत किया।

नेशनल एयरोबिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

झॉलीवुड प्रीमियर लीग सेलिब्रिटी क्रिकेट टूर्नामेंट कल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

'झॉलीवुड प्रीमियर लीग सेलिब्रिटी क्रिकेट टूर्नामेंट' का आयोजन आगामी 30 मार्च (शनिवार) को सुबह 8:00 से शाम 5:00 बजे तक जेके इंटरनेशनल स्कूल अगरू रातू रांची में होगा। इसमें झॉलीवुड के सारे कलाकार क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे। फाइनल मैच भी दिन में 3:00 बजे से इसी ग्राउंड पर खेला जाएगा।

सूर्यकुमार जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से करेंगे वापसी

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा, ह्यसूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरूआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है।' मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है।

सूत्र ने कहा, बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।' मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए 33 साल के सूर्यकुमार की तुलना कई बार दक्षिण अफ्रीका के संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स से होती है।

एफआईएच एथलीट समिति के सह-अध्यक्ष बने श्रीजेश

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने बुधवार को नई एफआईएच एथलीट समिति की नियुक्ति की घोषणा की, जिसका नेतृत्व चिली की कैमिला कैरम और भारत के पीआर श्रीजेश करेंगे। कैमिला कैरम को कार्यकारी बोर्ड में सह-अध्यक्ष और एथलीट समिति का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, जबकि, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश सह-अध्यक्ष हैं और वह कैरम के साथ योजना और बैठकों का नेतृत्व करेंगे। एफआईएच एथलीट समिति एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करती है और एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, एफआईएच समितियों, सलाहकार पैनलों और अन्य निकायों को सिफारिशें करती है। समिति की भूमिकाओं में सभी एथलीटों की ओर से एफआईएच को फीडबैक मांगना और प्रदान करना, साथ ही एथलीटों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण, एंटी-डोपिंग, सोशल मीडिया जैसे संसाधनों और पहलों को विकसित करना और बढ़ावा देना, नए प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए योजना बनाना, करियर की तैयारी और प्रबंधन शामिल हैं। समिति सूचना और अनुसंधान को साझा करने और अंततः हॉकी के खेल को विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए आईओसी और अन्य खेल संगठनों के एथलीट आयोग के साथ संपर्क करने में भी केंद्रीय भूमिका निभाती है। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पीआर श्रीजेश को एफआईएच के साथ ऐसी भूमिका निभाते हुए देखना खुशी की बात है जो हॉकी खिलाड़ियों के जीवन पर सीधे प्रभाव डालेगी।

कोपा अमेरिका से पहले दोस्ताना मैच में भिड़ेंगे चिली-पराग्वे

एजेंसी। सैंटियागो

चिली जून में एक दोस्ताना फुटबॉल मैच में दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी पराग्वे की मेजबानी करेगा। यह मैच दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि दोनों टीमें संयुक्त राज्य अमेरिका में कोपा अमेरिका की तैयारी कर रही हैं। चिली फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष पाब्लो मिलाद ने बुधवार को कहा कि यह मैच 11 जून को सैंटियागो के नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह कोपा अमेरिका से पहले इकाई द्वारा निर्धारित दो मैत्री मैचों में से एक होगा, जो 20 जून से 14 जुलाई तक 14 अमेरिकी शहरों में खेला जाएगा। मिलाद ने चिली के एडीएन रेडियो स्टेशन को बताया, बाद में, हम संभवतः संयुक्त राज्य अमेरिका में बोलीविया से खेलेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 मैच से बाहर हुई सोफी डिवाइन

एजेंसी। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन क्वाड इंजरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 मैच से बाहर हो गई हैं। डिवाइन को बुधवार को चौथे टी20 मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय चोट लगी थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि स्कैन से पुष्टि हुई है कि डिवाइन को ग्रेड वन क्वाड स्ट्रेन हुआ है जिसके लिए थोड़े समय के पुनर्वास की आवश्यकता होगी। वह वेलिंगटन में टीम के साथ रहेंगी, जहां पांचवां टी20 मैच खेला जाएग, और नर्वास कार्यक्रम से गुजरेंगी। 1 अप्रैल से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में उनकी भागीदारी पर बाद में फैसला लिया जाएगा। जॉर्जिया प्लिमर, जो न्यूजीलैंड ए टीम के साथ थीं, को डिवाइन के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में बुलाया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हम स्पष्ट रूप से सोफी के लिए निराश हैं, लेकिन अब ध्यान उसे यथासंभव एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध कराने पर है। अगले कुछ दिनों तक सोफी पर नजर रखी जाएगी और इससे हमें बेहतर अंदाजा मिलेगा कि सोमवार को पहले गेम से पहले उसकी उपलब्धता क्या है। एकदिवसीय श्रृंखला हमारे लिए एक महत्वपूर्ण श्रृंखला है, जिसमें आईसीसी एकदिवसीय चैम्पियनशिप अंक दांव पर हैं, इसलिए हमें उम्मीद है कि सोफी जल्दी ठीक हो जाएंगी। न्यूजीलैंड बेहद चाहेगा कि जब एकदिवसीय मैच शुरू हो तो डिवाइन को टीम में शामिल किया जाए, क्योंकि टीम ने एक मैच बाकी रहते टी20 सीरीज अपने नाम कर ली है। डिवाइन अब तक श्रृंखला में न्यूजीलैंड के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं, उन्होंने दो पारियों में 150.98 की स्ट्राइक रेट से 77 रन बनाए और चार विकेट लिए।

हनुमा विहारी को आंध्र क्रिकेट संघ ने भेजा कारण बताओ नोटिस

एजेंसी। बेंगलुरू

आंध्र क्रिकेट संघ ने हनुमा विहारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिन्होंने महीना भर पहले प्रदेश संघ पर विवादित ढंग से उन्हें कप्तानी से हटाए जाने का आरोप लगाने के बाद प्रदेश के लिये दोबारा नहीं खेलने की बात कही थी। कुछ दिन पहले एसीए की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद जारी किए गए नोटिस का विहारी ने जवाब नहीं दिया है। एसीए के एक अधिकारी ने बताया, हमने कुछ दिन पहले उसे नोटिस जारी किया है और जवाब का इंतजार है।' उन्होंने कहा, हम सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि उन्होंने ऐसी प्रतिक्रिया क्यो दी थी। उन्होंने हमसे संपर्क नहीं किया। यह मौका है कि वह अपनी शिकायतें हमारे सामने रखें। हम प्रदेश क्रिकेट के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हैं।' रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में मध्यप्रदेश के खिलाफ आंध्र की हार के बाद विहारी ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि बंगाल के खिलाफ पहले मैच के बाद उनसे कप्तानी छीन ली गई। उस समय उन्होंने हालांकि कहा था कि निजी कारणों से उन्होंने यह फैसला लिया है। इंस्टाग्राम पोस्ट पर विहारी ने लिखा था कि एसीए ने एक स्थानीय नेता के दबाव में ऐसा किया जिसके बेटे ने शिकायत की थी कि कप्तान ने उन्हें डांट लगाई है। वह मैच के दौरान 17वां खिलाड़ी था।

मैंने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है : लियोनेल मेसी

एजेंसी। वाशिंगटन

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है और उनका कहना है कि उनके खेल करियर को समाप्त करने के फैसले में उम्र निर्णायक कारक नहीं होगी।

36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अपने करियर को तभी अलविदा कहेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह योगदान देने में असमर्थ हैं।

मेसी ने बुधवार को बिग टाइम पॉडकास्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा, मुझे पता है कि जिस क्षण मुझे लगेगा कि मैं अब प्रदर्शन नहीं कर रहा हूं, मैं इसका आनंद नहीं ले रहा हूं या अपने साथियों की मदद नहीं कर पा रहा हूं, मैं संन्यास ले लूंगा।

उन्होंने कहा, मैं बहुत आत्म-आलोचनात्मक हूं। मुझे पता है कि मैं कब अच्छा कर रहा हूं, कब नहीं, कब अच्छा खेलता हूं और कब खराब खेलता हूं। जब मुझे लगेगा कि यह कदम उठाने का समय आ गया है, तो मैं उम्र के बारे में सोचे बिना ऐसा करूंगा। अगर मुझे अच्छा लगता है, तो मैं प्रतिस्पर्धा जारी रखने की कोशिश करूंगा क्योंकि यह वही है जो मुझे पसंद है और मैं जानता हूं कि इसे कैसे करना है।

अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को कतर में 2022 फीफा विश्व कप खिताब दिलाने वाले मेसी ने कहा कि उन्होंने वह सब कुछ हासिल किया है जिसकी फुटबॉल में उम्मीद की गई थी। विश्व कप में मेसी ने फ्रांस के खिलाफ फाइनल में दो गोल किए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दी जाने वाली गोल्डन बॉल जीती।

आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता ने कहा, मैंने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। फिलहाल, मैं भविष्य के बारे में सोचे बिना हर दिन, हर पल का आनंद लेने की कोशिश करता हूं। मेरे पास अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है। मुझे उम्मीद है कि मैं कुछ और समय तक खेलता रहूँगा, क्योंकि इसी में मैं आनंद लेता हूँ। जब समय आएगा, तो मैं निश्चित रूप से एक नई भूमिका के लिए रास्ता खोज लूँगा।

2022 में जीता था फीफा विश्व कप का खिताब

अपने करियर को तभी अलविदा कहेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह योगदान देने में असमर्थ हैं : मेसी

खबरें व्यापार जगत की

वर्ष 2023-24 के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 1194 अंक उछला

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार में निवेशकों ने जम कर कमाई की। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले पॉजिटिव संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार ने जबरदस्त तेजी पकड़ ली। इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,194 अंक और निफ्टी 392 अंक तक उछल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.90 प्रतिशत और निफ्टी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। आज के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर, मेटल और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, निफ्टी के मीडिया इंडेक्स ने आज गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आर्थिक विकास के पथ के अनुरूप है भारत की व्यापार नीति : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत की व्यापार नीति उसके आर्थिक विकास पथ के अनुरूप है। इसका लक्ष्य 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल करना है। नई दिल्ली में एक मीडिया कार्यक्रम में मंत्री ने कहा, हमारी व्यापार नीति हमारी विकास यात्रा के आधार पर तय की गई है और विस्तार के लिए खुली है। हम 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर का निर्यात करेंगे। मुझे इस लक्ष्य को हासिल करने में कोई संदेह नहीं है। गोयल ने कहा कि हितधारकों की चिंता के कारण और भारतीय बाजार को सस्ते चीनी सामानों की बाढ़ से बचाने के लिए भारत 2019 में क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से बाहर हो गया था। उन्होंने कहा कि अगर भारत आरसीईपी से बाहर नहीं निकलता, तो विकास की दौड़ में पीछे रह जाता। उन्होंने कहा कि कुछ देशों से आने वाले घटिया व कम गुणवत्ता वाले सामानों की बाढ़ से देश में निवेश का माहौल खत्म हो जाएगा। गोयल ने बताया कि अमेरिका और यूरोप अभी भी कई उत्पादों पर अधिक कर लगाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने और दुनिया के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ाव और निर्यात में वृद्धि पर ध्यान देने की जरूरत है। मंत्री ने हाल ही में हस्ताक्षरित यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) का हवाला दिया, जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड ने भारत के बाजार में प्रवेश के बदले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। इससे भारत में दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार का अवसर पैदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पड़ोसी देश यह सुनिश्चित करता है कि उसकी आर्थिक नीति पारदर्शी है और डब्ल्यूटीओ नियमों का अनुपालन करता है, तो भारत चीन सहित व्यापारिक गुटों का हिस्सा बनने के लिए तैयार है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अदाणी पावर की सहायक कंपनी महान एनर्जेन में किया निवेश

नई दिल्ली। अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) की स्वामित्व वाली सहायक कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड (एमईएल) में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने बड़ा निवेश किया है। समझौते के तहत एमईएल में आरआईएल ने 10 रुपये मूल्य वाले 5 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदे हैं। आरआईएल ने एक फाइलिंग में कहा कि कंपनी का प्रस्तावित निवेश विद्युत नियम, 2005 के प्रावधानों के अनुरूप है। इसके अनुसार, एक कैप्टिव यूजर के रूप में आरआईएल को 26 फीसदी हिस्सेदारी लेनी है। 600 मेगावाट कैपेसिटी के एमईएल के एक यूनिट में आरआईएल 500 मेगावाट का कैप्टिव यूजर होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि आरआईएल और एमईएल ने इस उद्देश्य के लिए 20 साल का बिजली खरीद समझौता किया है।

सीता की उम्मीदवारी से दुमका के रण में दुविधा में झामुमो, बाबा से आशीर्वाद लेकर मैदान में जाएंगी

उपेंद्र गुप्ता

रांची। सीता सोरेन को पहले अपने पाले में लाकर और फिर प्रत्याशी घोषित कर भाजपा ने दुमका में झामुमो पर बढ़त बना ली है। अब तक झामुमो हेमंत सोरेन को जेल से ही चुनाव में उतारने की रणनीति बना रहा था, उसके पहले भाजपा ने सीता सोरेन पर दांव चलकर झामुमो को एक बार फिर से अपनी रणनीति पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है।

● हेमंत सोरेन ही होंगे उम्मीदवार या कोई दूसरा चेहरा?

दुमका से सीता सोरेन भाजपा की प्रत्याशी होंगी, यह साफ हो चूका है, सीता सोरेन की उम्मीदवारी के लिए भाजपा ने अपने घोषित प्रत्याशी सीटिंग सांसद सुनील सोरेन का नाम वापस ले लिया। लेकिन सीता सोरेन के सामने दुमका से झामुमो का चेहरा कौन होगा? यह अभी पूरी तरह साफ नहीं है। राजनीतिक गलियारों में अभी हेमंत सोरेन का ही नाम आगे चल रहा है। लेकिन सीता सोरेन के नाम की घोषणा के बाद बसंत सोरेन और नलिन सोरेन का नाम भी चर्चा में है। माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी के रूप में सीता सोरेन की उम्मीदवारी से झामुमो के लिए भी दुमका पर फतह करना आसान नहीं होगा, इसलिए किसी बड़े और कद्दावर चेहरे को मैदान में उतारने की रणनीति बनाई जा रही है, जो सीता सोरेन को कड़ी टक्कर दे सकें और पार्टी को किसी फजीहत से बचा भी सकें।

● चुनाव में दोनों तरफ शिबू सोरेन का ही होगा चेहरा

आज भी संताल परगना में शिबू सोरेन का सबसे बड़ा चेहरा है, दुमका से शिबू 8 बार सांसद का चुनाव जितने में सफल रहे, पिछली बार भाजपा के सुनील सोरेन से मामूली अंतर से हार गए थे, आज भी हेमंत सोरेन हो या सीता सोरेन और बसंत सोरेन शिबू सोरेन के चेहरे को ही आगे कर चुनाव जीतते हैं, ।लिहाजा इस बार भाजपा और झामुमो दोनों के केंद्र में शिबू सोरेन का ही चेहरा आगे होगा। बड़ी बहू होने के नाते सीता सोरेन जनता के सामने शिबू की राजनीतिक विरासत पर हक और अधिकार का दावा करेगी, भाजपा भी सीता सोरेन के माध्यम से ही सोरेन परिवार पर जोरदार हमला करेगी। तो दूसरी तरफ अगर हेमंत या बसंत होंगे तो शिबू सोरेन का ही चेहरे को आगे करेंगे, इन दोनों के आलावा कोई तीसरा चेहरा होगा तो वह पूरी तरह शिबू सोरेन के नाम पर ही वोट मांगेगा।

सीता सोरेन के इस आरोपों पर झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाभी निशिकांत दुबे से पीछे रह गई। वे स्व0दुर्गा की मौत पर सवाल खड़ा कर चुके हैं, वहीं शिबू सोरेन आशीर्वाद लेने के मामले में कहा कि यह पूरी तरह से एक परिवार का मामला है, शिबू सोरेन उनके ससुर है और पितातुल्य है। प्रत्याशियों के नाम की घोषणा को लेकर झामुमो प्रवक्ता ने साफ कहा कि जब तक कांग्रेस अपने कोटे के सभी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं कर देती, तब तक झामुमो अपने पत्ते नहीं खोलेगा।

भाजपा में वह सम्मान मिला जिसके लिए तरस रही थी : सीता

भाजपा में शामिल होने के बाद सीता सोरेन पहली बार रांची पहुंचने के बाद प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सीता सोरेन ने कहा कि वह अपने ससुर शिबू सोरेन से आशीर्वाद लेकर ही चुनाव मैदान जाउंगी। जिस सम्मान के लिए वे डेढ़ दशक से तरस रही थी, वह सम्मान अब भाजपा में मिल रहा है। सीता सोरेन ने अपने पति के मौत पर कहा कि उनकी मौत प्राकृतिक नहीं थी। उनके पति की तस्वीर झामूमो के बैनर पोस्टर पर महज दिखावा है। जामा में मुख्य चौक पर स्व.दुर्गा सोरेन की प्रतिमा लगाने की कई बार मांग की लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गिरिडीह की सभा में स्व. दुर्गा सोरेन का नाम तक नहीं लिया। यह अपमान मेरे लिए असहनीय था।

अन्नपूर्णा के बाद सीता और गीता भाजपा की तीन नारी शक्ति

नवीन मेल संवाददाता , रांची। भारतीय जनता पार्टी हमेशा नारी शक्ति का पक्षधर रही है, इसलिए संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित करा चुकी है, जनगणना और परिसीमान नहीं होने के कारण इसे 2019 लोकसभा से लागू किया जाएगा। लेकिन भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व 2024 से ही महिलाओं को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व देने के प्रयास में जुटी है। इसका एक उदाहरण झारखण्ड में देखने को मिल रहा है।

गीता को बनाया प्रत्याशी

● अन्नपूर्णा के बाद सीता - झारखण्ड में 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने कोटे के 13 में तीन सीटों पर महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी पहले से सांसद रही है और अब सिंहभूम से गीता कोड़ा और दुमका से सीता सोरेन को प्रत्याशी बना कर अपने सिद्धांतों और नीतियों को जमीन पर उतरने की कोशिश की है। तीनों महिला जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय होने साथ दमदार चेहरा मानी जाती है। राजद सुप्रीमो लालू यादव के बेहद करीबी माने जाने वाली अन्नपूर्णा देवी कोडरमा से विधायक और मंत्री भी रह चुकी है। बाद में भाजपा में शामिल होने के बाद अन्नपूर्णा देवी को मोदी कैबिनेट में राज्यमंत्री का पद भी मिला।

पूर्व मुख्यमंत्री मधू कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा भी सांसद और विधायक रह चुकी है। कोड़ा दम्पति का कोल्हान में काफी दबदबा है। मधू कोड़ा के जेल जाने के बाद गीता कोड़ा घर की देहरी लाँघ कर जगन्नाथपुर से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरी और जीत हासिल की, 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद कांग्रेस के टिकट पर सिंहभूम से जितने में सफल रही, इस बार भाजपा में शामिल होकर फिर से सांसद बनने की तैयारी में जुटी है। तीसरा और सबसे चर्चित नाम सीता सोरेन का है, जो झारखण्ड के आदिवासियों के दिशोम गुरु कहे जाने वाले शिबू सोरेन की बड़ी बहू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी है। सीता सोरेन संथाल के जामा विधानसभा से तीन बार विधायक रह चुकी है। लेकिन पार्टी और परिवार में लगातार उपेक्षा के कारण हाल ही में भाजपा में शामिल हुई है, और भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद का टिकट काट कर सीता सोरेन को दुमका से अपना उम्मीदवार बनाया है।

दिलचस्प बात यह है कि ये तीनों महिला प्रत्याशी भाजपा की कोर लीडर नहीं रही है। तीनों अलग अलग दल से भाजपा में शामिल हुई है। भाजपा में वैसे तो कई महिला चेहरे हैं, जिनमें आशा लकड़ा, आरती कुजूर, विधायक नीरा यादव, अर्पणा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, शोभा यादव जैसी कई तेज तरार महिला नेत्री हैं, लेकिन भाजपा ने जीत के लिए अपने महिला नेत्रियों के बजाय दूसरे दल से आई महिला नेत्रियों पर भरोसा जताया है।

झारखंड में 30 और 31 मार्च को बारिश की संभावना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में शुक्रवार से एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से बारिश हो सकती है। रांची मौसम विभाग ने राज्य में 30 और 31 मार्च को अलग-अलग स्थान पर मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। राजधानी रांची सहित अन्य क्षेत्रों में मौसम की आंख मिचौली चल रही है। कई जिलों में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। सुबह धूप खिलने से लोगों को गर्मी का अहसास होता है। वहीं, सूरज ढलते ही, रात में हल्की ठंडी हवा चलने लगती है, तो कभी मौसम अचानक करवट बदल लेता है। आसमान में बादल छाने लगती है और छिटपुट कि बारिश होने लगती है। मार्च के माह में मौसम सुहावना हो जाता है, ना ज्यादा गर्मी लगती है और ना ही कपकपाने वाली ठंड देखने को मिलती है।

झारखंड सचिवालय व सभी कार्यालय 30 को खुले रहेंगे

रांची। झारखंड सचिवालय और सभी कार्यालय 30 मार्च को खुले रहेंगे। इसका आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने गुरुवार को जारी किया है। इसकी जानकारी सभी संबंधितों को दे दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए 30 मार्च, 2024 (शनिवार) को सचिवालय और संलग्न कार्यालय के साथ-साथ राज्य सरकार अन्तर्गत वैसे सभी कार्यालय जहां शनिवार को अवकाश है, अन्य कार्यदिवस की भांति खुले रहेंगे।

देश में पहली बार आम चुनाव में भय और आतंक का माहौल : सुप्रियो भट्टाचार्य

देश का आम चुनाव ना तो लोकतंत्र में हो रहा है और ना ही लोकशाही में

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते कहा कि देश में 17 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं, लेकिन आज तक इतना डर और आतंक का माहौल नहीं था, जितना आज देखने को मिल रहा है। लोग चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे हैं कि उन्हें डर है कि प्रत्याशी घोषित होते ही ईडी और सीबीआई का छापा पड़ जाएगा।

जिससे जनता में चुनाव के प्रति उत्साह और उल्लास नहीं है। झामुमो प्रवक्ता केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि देश का आम चुनाव ना तो लोकतंत्र में हो रहा है और ना ही लोकशाही में, यह चुनाव पूरी तरह से तानाशाह और फासीवाद के नियंत्रण में हो रहा है, उन्होंने कहा कि दूसरे दल के नेता तो भयभीत हैं ही, भाजपा के कार्यकर्ता भी शीर्ष नेतृत्व से परेशान हैं, लेकिन वे बोल नहीं पा रहे हैं। झामुमो नेता ने पीएम मोदी के एक बयान पर सवाल उठाते कहा कि बंगाल की एक महिला प्रत्याशी से पीएम मोदी फोन पर पीएम कहते हैं कि बंगाल में तीन हजार करोड़ की घोटाले की राशि को जनता के बीच बांट देंगे। इसका मतलब है कि ईडी की जब्त की गई राशि को अब भाजपा अपने लाभ के लिए जनता में बांटेगी। भाजपा के करतूतों पर चुनाव आयोग ने पूरी तरह मौन साध रखा है। भाजपा नेता कुणाल सारंगी के झामुमो में शामिल होने के बारे में कहा कि इस बारे में खुद कुणाल सारंगी ही अच्छे से बता सकते हैं।

झारखंड-प. बंगाल की सीमा से 11 लाख रुपये जब्त

नवीन मेल संवाददाता। दुमका

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पश्चिम बंगाल-झारखंड की सीमा पर प्रशासन के द्वारा चेक पोस्ट लगाया गया है। बुधवार को जांच टीम ने पश्चिम बंगाल से दुमका की ओर जा रही एक कार से 11 लाख 28 हजार रुपए बरामद किए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद से उपराजधानी दुमका के शिकारीपाड़ा प्रखंड में बड़ी मात्रा में नगदी मिलने का सिलसिला जारी है। जिला प्रशासन द्वारा शिकारीपाड़ा प्रखंड के लिए गठित जांच टीम ने बुधवार को पश्चिम बंगाल-झारखंड की अंतर्राज्यीय सीमा स्थित लोड़ीपहाड़ी चेक नाका पर बड़ी मात्रा में नगद राशि जब्त की है। जांच के दौरान अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिप्रसाद शाह ने पश्चिम बंगाल से दुमका की ओर आ रही एक कार से 11 लाख 28 हजार 650 रुपया जब्त किया है। इसके साथ ही जिस गाड़ी से यह पैसा पश्चिम बंगाल से दुमका लाया जा रहा था उस गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया। जब्त वाहन को शिकारीपाड़ा थाना में रखा गया है। मौके पर पहुंचकर आयकर विभाग की टीम नगद राशि अपने साथ दुमका ले गई (यह राशि दुमका के नंदलाल दत्ता नाम के व्यक्ति की बतायी जा रही है। इससे पहले 24 मार्च 2024 को द्वितीय पाली की टीम द्वारा 5 लाख 26 हजार रुपये इसी चेकपोस्ट से जब्त किए गए थे। उक्त राशि मोटरसाइकिल से जब्त की गई थी, जिसे इब्राहिम शेख रामपुरहाट द्वारा ले जाया जा रहा था।

खूंटी संसदीय सीट में फिर देखने को मिलेगा दो मुंडाओं में मुकाबला

गत लोस चुनाव में भाजपा के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के काली चरण के बीच हुई थी कांटे की टक्कर

● 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने कड़िया मुंडा के विजय रथ को रोका था

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट लोकसभा चुनाव में झारखंड की सबसे चर्चित सीट बन गई है। चुनावी दंगल में एक बार फिर दो मुंडाओं में दिलचस्प चुनावी मुकाबला देखने को मिलेगा। एक ओर जहां भाजपा ने जनजातीय मामलों और केंद्रीय कृषि मंत्री और वर्तमान सांसद अर्जुन मुंडा को उतारा है, वहीं कांग्रेस ने तीन बार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमा चुके पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा को अर्जुन मुंडा के खिलाफ फिर से उम्मीदवार बनाया है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा ने कालीचरण मुंडा को महज 1445 वोटों के अंतर से मात दी थी। राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन की प्रतिष्ठा एक बार दांव में लग गई है। पिछले चुनाव में अर्जुन मुंडा को जहां 382638 मत मिले थे, वहीं कालीचरण मुंडा को 381193 वोट मिले थे।

अब तक मात्र दो बार जीत मिली है कांग्रेस प्रत्याशी को

भाजपा का गढ़ समझे जाने वाले खूंटी ससंदीय क्षेत्र में सबसे पहला लोकसभा चुनाव 19762 में हुआ था। पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने यहां से आठ बार चुनाव जीत कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक इस संसदीय सीट पर हुए 15 चुनावों में कांग्रेस को मात्र दो बार ही सफलता मिली है। कांग्रेस को सबसे पहली सफलता 1984 में मिली थी, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति के सहारे कांग्रेस प्रत्याशी साइमन तिग्गा यहां से लोकसभा पहुंचे।

दूसरी सफलता 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा को मिली, जब उन्होंने भाजपा के कड़िया मुंडा को शिकस्त दी थी। उसके बाद कांग्रेस को कभी जीत नसीब नहीं हुई। खूंटी सीट से कड़िया मुंडा ने 12 बार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाया और आठ बार उन्हें सफलता मिली। भाजपा के कड़िया मुंडा ने सबसे पहले 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर 1971 में संसदीय सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन वे झारखंड पार्टी के एनई होरो से मात खा गये थे। 1977 में कड़िया मुंडा ने जनता पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी, लेकिन 1980 में वे झारखंड पार्टी के एनई होरो से हार गये।

1984 की इंदिरा लहर में कांग्रेस के साइमन तिग्गा यहां से लोकसभा पहुंचे थे। बाद में 1989, 1991, 1996, 1998 और 1999 में कड़िया मुंडा ने लगातार जीत हासिल की। 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने कड़िया मुंडा के विजय रथ को रोक दिया। पुनः कड़िया मुंडा ने 2009 और 2014 में खूंटी संसदीय क्षेत्र में भाजपा का चरपम लहराया।

इसके पहले खूंटी को झारखंड पार्टी की परंपरागत सीट माना जाता था, पर एनई होरो के निधन और झारखंड पार्टी का जनाधार कम होने के बाद इस सीट पर भाजपा नें अपना वर्चस्व कायम कर लिया। 2019 में भाजपा ने कड़िया मुंडा के स्थान पर अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा और उन्होंने भी कड़िया मुंडा के राजनीतिक किले को बरकरार रखा। इस सीट से झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा ने 1962 और 1967 में जीत हासिल की थी। 1971 के आम चुनाव में इसी पार्टी के एनई होरो संसद पहुंचे थे।

पत्थलगड़ी को लेकर चर्चित बबीता बेलोशा कच्छप भी मैदान में, झारखंड पार्टी भी देगी प्रत्याशी अब तक दो राजनीतिक दलों में हुए सीधा चुनावी मुकाबले को बहुकोणीय बनाने के लिए एक ओर जहां भारत आदिवासी पार्टी ने पत्थलगड़ी को लेकर चर्चित बबीता बेलोशा कच्छप भी मैदान में उतारा है। वहीं झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का भी लोकसभा चुनाव में खूंटी सीट से प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर चुके हैं। बबीता बेलोशा कच्छप ने सात वर्ष पहले गैर संवैधानिक पत्थलगड़ी आंदोलन में काफी सूर्खियां बटोरी थी। जानकारी के अनुसार भारत आदिवासी पार्टी के राजस्थान में तीन और मध्यप्रदेश में एक विधायक है।

न्यूज बॉक्स

राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर बड़ी जीत दर्ज करेगा एनडीए : सुदेश महतो

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को आजसू पार्टी अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो से उनके कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बारे में बताते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि एनडीए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर बड़ी जीत दर्ज करेगा। एक बार फिर देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय किया है। विकसित झारखंड के लक्ष्य को जनता के सहयोग से हम सभी को मिलकर पूरा करना है। चुनाव की रणनीति को लेकर गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व का चिंतन-मंथन आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन का उद्देश्य जनता की सेवा नहीं सिर्फ सत्ता का लालच है। इनसे न सीटों का बंटवारा हो पा रहा है न उम्मीदवारों का ऐलान। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए कोई विजन भी नहीं है। उन्होंने बताया कि आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक शुक्रवार सुबह 10 बजे से हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित है। इस बैठक में संसदीय बोर्ड के सभी सदस्य शामिल होंगे।

आजसू पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक आज

लूट और छिनतई करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

रांची। कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाके में लूट और छिनतई करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में ऐयान राजा उर्फ रेयान राजा और मो मुर्शीद है। दोनों अपराधी लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से आठ हजार 500 रुपये नकद, लेडिज बैग चार पीस, एटीमए कार्ड, तीन मोबाईल और एक अपाची बाइक बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 26 मार्च की रात संदीप शर्मा वृन्दाबन क्लोनी रांची से अपने होटल सोना रेसिडेन्सी के लिए ऑटो से वापस जा रहे थे । इसी दौरान गौशाला रोड चौक के पास मैकी रोड में ऑटो के पीछे से दो अज्ञात अपराधी बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। अचानक बाइक सवार अपराधी ऑटो के आगे बाइक खड़ा कर संदीप शर्मा की पत्नी को डरा धमका कर बैग छिन कर भाग गये। बैग में मोबाइल पैसा सहित अन्य सामान थे। इस संबंध में कोतवाली थाना अज्ञात बाइक सवार अपराधी खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया। टीम ने मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया।

मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी का दें संदेश : के. रवि कुमार

धनबाद । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को धनबाद स्थित शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के जरिए लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।उन्होंने मतदान के लिए उल्लास पूर्ण माहौल तैयार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इससे अधिक-से-अधिक लोग मतदान की प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने शहरी मतदाताओं से कहा कि वे अपने निर्वाचक होने के प्रति जागरूक रहें। साथ ही मतदान के दिन घरों से बाहर निकलकर अपने संबंधित मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने के लिए अब भी समय है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 प्राप्त किए जाने की तिथि निर्धारित है। धनबाद में 26 अप्रैल तक बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 प्राप्त किया जाएगा। एक अप्रैल 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयुवर्ग के छूटे हुए अन्य योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया भी चल रही है। मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन भी चेक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि धनबाद में 25 मई को मतदान है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मानव श्रृंखला का अवलोकन किया। साथ ही स्टेडियम में मतदाता जागरूकता हेतु लगाए गये विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर स्वीप कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों से अवगत हुए।

सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की 10 खिलाड़ी आमंत्रित

रांची। साई सेंटर (बंगलुरु) में एक अप्रैल से सात अप्रैल तक आयोजित सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड के 10 महिला हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, रोपनी कुमारी, दीपिका सोरेंग, सोनल मिंज, महिमा टेटे, प्रमिला कुमारी, अंजना डुंगडुंग और अनीशा डुंगडुंग को आमंत्रित किया गया है। इन 10 खिलाड़ियों के अलावा झारखंड की ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल की गयी हैं। इन सभी खिलाड़ी का चयन 13 से 23 मार्च तक पुणे में आयोजित 14वां हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। साई रांची के सीनियर महिला हॉकी खिलाड़ियों का स्थानांतरण सीनियर साई एकसिलेंसी सेंटर, कोलकोता में हो गया है, इसलिए झारखंड के कई खिलाड़ी अब सीनियर नेशनल में हॉकी बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं। सीनियर के अलावा जूनियर इंडिया टीम के कैंप में भी झारखंड की नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर, निशा मिंज और संजना होरो समेत कुल 06 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। सीनियर कैंप के लिए आमंत्रित 10 खिलाड़ियों में से 06 खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, सोनल मिंज, दीपिका सोरेंग और रोपनी कुमारी रांची रेलवे में कार्यरत हैं जबकि चार खिलाड़ी महिमा टेटे अंजना डुंगडुंग, प्रमिला कुमारी और अनीशा डुंगडुंग अभी एकलवय रांची और साई, कोलकाता में प्रशिक्षण ले रही हैं। सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में एक साथ झारखंड के 10 खिलाड़ियों को आमंत्रित करने पर खेल निदेशक सुशांत गौरव, हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह के अलावा विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार, मनोज कोनबेगी, असरिता लकड़ा, माइकल लाल, अशोक भगत,जयंत केरकेट्टा, असुंता लकड़ा, सुमराय टेटे, रांची रेलवे के प्रशांत मुखर्जी, सहित हॉकी झारखंड, खेल विभाग एवं साई के अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

600 से ज्यादा वकीलों ने सीजेआई को लिखा पत्र

'न्यायपालिका पर दबाव' बनाने की कोशिश कर रहा एक समूह

एजेंसी। नई दिल्ली

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, मनन कुमार मिश्रा, आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होल्ला, स्वरूपमा चतुर्वेदी सहित 600 से ज्यादा प्रतिष्ठित वकीलों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की है कि न्यायपालिका की अखंडता को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। पत्र में लिखा गया है कि एक खास ग्रुप है जो अदालती फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव डालता है, विशेष रूप से ऐसे मामलों को ये प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं जिनसे या तो नेता जुड़े हुए हैं या फिर जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसे में इस ग्रुप के लोगों की गतिविधियां देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने और न्यायिक प्रक्रिया के लिए खतरा है।

वकीलों ने इस चिट्ठी में यह चिंता जाहिर की है कि एक विशेष ग्रुप द्वारा देश में न्यायपालिका को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में कानून को बनाए रखने के लिए काम करने वाले के रूप में, हम सोचते हैं कि यह हमारी अदालतों के लिए खड़े होने का समय है। अब हमें इसके खिलाफ एक साथ आने और गुप्त हमलों के खिलाफ बोलने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारी अदालतें हमारे लोकतंत्र के स्तंभ के रूप में सुरक्षित रहें।

चिट्ठी में वकीलों के ग्रुप का कहना है कि इस खास ग्रुप के लोगों द्वारा कई तरीकों से न्यायपालिका के कामकाज को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। न्यायपालिका के बारे में गलत नैरेटिव पेश करने के साथ ही अदालतों की कार्यवाहियों पर सवाल उठाना इनका काम है, जिसके जरिए अदालतों में जनता के विश्वास को कम किया जा सके।

चिट्ठी में यह भी लिखा गया है कि यह ग्रुप अपने राजनीतिक एजेंडे के आधार पर ही अदालत के फैसलों की सराहना या आलोचना करता है। इसके साथ ही इसी ग्रुप ने बेंच फिक्सिंग वाली थ्योरी भी गढ़ी है। इन वकीलों के ग्रुप ने आरोप लगाया है कि जब किसी नेता के भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं तो यह ग्रुप उनके बचाव में आ जाता है और फिर जब अदालत से इनके मनमाफिक फैसला नहीं आता तो ये कोर्ट के भीतर या फिर मीडिया के जरिए अदालत की आलोचना करने लगते हैं।

ऐसे मामलों को प्रभावित करने की कोशिश जिनसे या तो नेता जुड़े हुए हैं या फिर भ्रष्टाचार के आरोपी

इसी ग्रुप ने बेंच फिक्सिंग थ्योरी गढ़ी, राजनीतिक एजेंडे के आधार पर अदालत के फैसलों की सराहना या आलोचना करते हैं

'डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति'

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, मनन कुमार मिश्रा, आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होल्ला, स्वरूपमा चतुर्वेदी सहित 600 से अधिक वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका की सत्यनिष्ठा को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इन वरिष्ठ वकीलों की इस चिंता पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उन्होंने 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' का आह्वान किया था - वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं, लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीयों ने उन्हें अस्वीकार किया है।"

तेजस एमके-1ए लड़ाकू ने बेंगलुरु के आसमान में भरी पहली उड़ान

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग 4.5 पीढ़ी के तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के साथ शुरू हो गया। पूरी तरह से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने गुरुवार को 1.15 बजे बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाई अड्डे से उड़ान भरी। भारत के नए एडवांस तेजस एमके-1ए ने पहली उड़ान के रूप में हवा में 18 मिनट बिताए और 1.33 बजे सुरक्षित वापस उतर गया। एचएएल हवाई अड्डे पर तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के लिए कई दिनों से तैयारियां जोरों पर थीं। उन्नत एलसीए फाइटर जेट (छअ 5033) को आज सुबह 11-11.30 बजे के बीच निर्धारित अपनी पहली उड़ान के लिए अंतिम समय की जांच से गुजारा गया। विमान को दुनिया के सबसे पुराने और सबसे ऐतिहासिक विमान घरों में से एक एचएएल के विमान डिवीजन के हैंगर से बाहर निकाला गया। पहली उड़ान की तैयारियों में एडीए, एचएएल, एनएएल, डीआरडीओ और सीईएमआईएलसीए आदि की टीमों का अहम योगदान रहा।

फाइटर जेट एमके-1ए डिजिटल राडार चेतावनी रिसीवर, बाहरी आत्म-सुरक्षा जैमर पॉड, बेहतर राडार, उन्नत दृश्य-सीमा (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और महत्वपूर्ण रूप से बेहतर रखरखाव के साथ आएगा। एमके-1ए और एमके-2 मौजूदा एमके-1 विमान की तुलना में काफी बेहतर सुविधाओं और प्रौद्योगिकियों के साथ आएंगे। भारतीय वायुसेना पाकिस्तान के खिलाफ अपनी लड़ाकू तैयारियों को बढ़ाने और सोवियत काल के मिग-21 लड़ाकू विमानों को धीरे-धीरे बंद करने से बचे अंतर को भरने के लिए पश्चिमी क्षेत्र में आगे के हवाई अड्डों पर कुछ एलसीए तैनात करेगी।

- हवा में 18 मिनट बिताकर तेजस एमके-1ए सुरक्षित एचएएल के हवाई अड्डे पर उतरा
- एचएएल से पहले बैच में वायु सेना को मिलेंगे 2 तेजस स्वदेशी एमके-1ए लड़ाकू विमान

22 को लो-स्पीड टैक्सी ट्रायल पूरा किया था

स्वदेशी रूप से विकसित तेजस एमके-1ए फाइटर जेट ने 22 मार्च को अपना दूसरा लो-स्पीड टैक्सी ट्रायल (एलएसटीटी) सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसके बाद से ही एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ऐतिहासिक उड़ान की तैयारी में सिस्टम मंजूरी की समीक्षा कर रहे थे। अपनी पहली उड़ान शुरू करने से पहले टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान विमान के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कई आवश्यक परीक्षण किये गए। सफल एलएसटीटी और तेजस एमके-1ए की आज हुई पहली उड़ान भारत के एयरोस्पेस उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को एचएएल के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। भारतीय वायु सेना को इसी महीने के अंत तक पहले बैच में दो तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान सौंपने की तैयारी है। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दोनों तेजस एमके-1ए को भारतीय वायुसेना अपने हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं।

एक नजर

मप्र में पूर्व सांसद और दो पूर्व विधायक हुए भाजपा में शामिल

भोपाल। मध्य प्रदेश में दल बदल का दौर जारी है। अब एक पूर्व सांसद और दो पूर्व विधायकों ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पूर्व सांसद और बसपा के स्टार प्रचारक राम लखन सिंह, जबलपुर जिले की पाटन से कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी और टीकमगढ़ जिले की खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अजय सिंह यादव ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

दिल्ली में ईडी के समक्ष पेश होने से महुआ मोइत्रा का इनकार

कोलकाता। प. बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा ने कहा है कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के मामले में गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने के लिए दिल्ली नहीं जाएंगी। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि चुनाव प्रचार अभियान के तहत वह अपने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कालीगंज विधानसभा क्षेत्र जाएंगी।

नोबेल विजेता अर्थशास्त्री डेनियल काह्नमैन का 90 वर्ष की आयु में निधन



जेरूसलम। इजराइली-अमेरिकी संज्ञानात्मक मनोवैज्ञानिक और अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता डैनियल काह्नमैन का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने बुधवार को एक बयान में कहा, हमने बेहद प्रतिभाशाली लोगों में से एक को खो दिया है।

उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या

रुद्रपुर। उत्तराखंड में नानकमत्ता साहिब में कार सेवा डेरा का संचालन करने वाले बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजकर 15 मिनट पर बाइक से आए अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। घटना के बाद डेरा सेवादार बाबा तरसेम को तुरंत खटीमा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पुलिस बल तैनात कर दिए हैं। वहीं घटना से गुस्साए सिख समाज के लोगों ने राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। वहीं बाबा की हत्या कर भागने वाले हत्यारों की सीसीटीवी फुटेज पुलिस प्रशासन के हाथ लगी है। जिसके आधार पर पुलिस अधिकारियों ने हत्यारों की तलाशी शुरू कर दी है। जल्द से जल्द हत्यारों को कानून की गिरफ्त में ले लिया जाएगा।

विदेश मंत्री जयशंकर की तीन देशों की दक्षिण पूर्व एशिया यात्रा संपन्न

क्षेत्रीय मुद्दों पर वार्ता की मेज तैयार

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीन एशियाई देशों की यात्रा पूरी कर ली है। गत 23 मार्च को उनकी यह यात्रा शुरू हुई थी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य एशियाई देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को प्रगाढ़ करना और क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान के लिए वार्ता की मेज तैयार करना था। 27-28 मार्च को अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान विदेश मंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम के साथ शिष्टाचार भेंट की और प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से उन्हें बधाई भी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री इब्राहिम की भारत और मलेशिया के बीच रिश्तों को प्रगाढ़ करने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में भूमिका की सराहना की।

अपने दौरे के दौरान जयशंकर ने विदेश मंत्री उतामा हाजी मोहम्मद बिन हाजी हसन से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कई द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जिसमें राजनीति, व्यापार, अर्थव्यवस्था, रक्षा, संस्कृति और शिक्षा शामिल है। उन्होंने डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच व्यावसायिक अवसरों की खोज सहित डिजिटल सहयोग पर चर्चा हुई। यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री ने उद्योगपतियों के साथ एक गोलमेज बैठक की और देश में भारतीय प्रवासी के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने भारत-मलेशिया संबंधों में उनके योगदान की प्रशंसा की। फिलीपींस में उन्होंने विदेश मामलों के सचिव एनरिक मनालो के साथ मनीला में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया, जिसमें दक्षिण चीन सागर में फिलिपिनो नौसैनिकों के खिलाफ चीन की आक्रामक कार्रवाई के बाद भारत का दृढ़ समर्थन जताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी देशों से आह्वान किया कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के समुद्र का कानून का अनुपालन करें। विदेश मंत्री जयशंकर ने फिलीपींस के राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस से भी मुलाकात की, जिन्होंने इस महीने अदन की खाड़ी में हैथी विद्रोहियों द्वारा हमला किए जाने के बाद फिलिपिनो नाविकों को बचाने में भारत की त्वरित कार्रवाई के लिए भारतीय नौसेना और सरकार की सराहना की।

विदिशा में शिवराज और प्रताप भानु 33 साल बाद फिर आमने-सामने

विदिशा। मध्य प्रदेश में भाजपा का गढ़ है विदिशा संसदीय क्षेत्र। यहां लोकसभा चुनाव में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा के बीच मुकाबला होने वाला है। दोनों 33 साल बाद एक दूसरे के सामने हैं। विदिशा संसदीय क्षेत्र मध्य प्रदेश के उन प्रमुख क्षेत्र में से है, जहां से कई दिग्गज निर्वाचित हुए हैं। इस क्षेत्र का पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, रामनाथ गोयनका और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने भी प्रतिनिधित्व किया है। यहां अब तक 15 चुनाव हुए हैं, जिनमें कांग्रेस सिर्फ दो बार जीती है और दोनों ही बार यहां प्रताप भानु शर्मा निर्वाचित हुए हैं। एक बार फिर कांग्रेस ने शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस में शर्मा की गिनती माधवराव सिंधिया के करीबियों में रही है। विदिशा से भाजपा ने वर्तमान सांसद रमाकांत भार्गव का टिकट काटते हुए पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को मैदान में उतारा है।

प. बंगाल की 3 लोस सीटों पर चुनाव के लिए दूसरे चरण की अधिसूचना जारी

कोलकाता। भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत तीन लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राज्य की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट लोकसभा सीट पर मतदान होगा। इस चरण में चुनाव लड़ने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बालुरघाट से विधायक सुकांत मजूमदार का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के विप्लब मित्रा से होगा। तृणमूल ने दार्जिलिंग सीट से गोपाल लामा को भाजपा के विधायक राजू बिष्ट के खिलाफ उम्मीदवार बनाया है।

राष्ट्रपति ने सहायक कार्यकारी इंजीनियरों के एक समूह को किया संबोधित

इंजीनियर सहयोगात्मक, दूरदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण अपनाएं

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवा इंजीनियरों को सलाह दी कि वे साइलो में काम न करें बल्कि सहयोगात्मक, दूरदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण अपनाएं। वह राष्ट्रपति भवन में सीपीडब्ल्यूडी (2022 और 2023 बैच) के सहायक कार्यकारी इंजीनियरों के एक समूह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा इंजीनियर जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से अवगत हैं और इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा-कुशल समाधान अपनाने की आवश्यकता है। उनके द्वारा बनाई जाने वाली इमारतें, सड़कें और अन्य बुनियादी ढाँचे टिकाऊ, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल होने चाहिए। उन्हें अपने दृष्टिकोण में नवोन्वेषी होना चाहिए ताकि वे उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें।

उन्होंने कहा कि 3डी प्रिंटिंग के युग में भवन निर्माण तकनीक में व्यापक बदलाव आया है। बुनियादी ढांचे और निर्माण परियोजनाओं को अब जलवायु-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल बनाया जा सकता है। हरित निर्माण समय की मांग है। निर्माण के नवीन तरीकों में इस क्षेत्र को बदलने की क्षमता है। सटीकता के साथ डिजाइन बनाकर, वे पारंपरिक निर्माण की सीमाओं को तोड़ सकते हैं। उन्हें न केवल निर्माण प्रक्रिया में तेजी लानी है बल्कि इष्टतम संसाधन उपयोग के माध्यम से अपशिष्ट को कम करना भी सुनिश्चित करना है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोट, ड्रोन आदि जैसी नई और उभरती प्रौद्योगिकियां पारंपरिक सोच को बाधित कर रही हैं। हालांकि, इनका उपयोग दक्षता बढ़ाने और सुधारने, प्रक्रियाओं को स्वचालित और अनुकूलित करने, उत्पादकता बढ़ाने और संसाधन प्रबंधन में सुधार करने के लिए किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने उनसे उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और एक बेहतर, हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने में सार्थक योगदान देने का आग्रह किया।

बेंगलुरु कैफे विस्फोट

एनआईए ने दो और संदिग्धों को हिरासत में लिया

बेंगलुरु। एनआईए ने बंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में दो और संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपियों को बेंगलुरु से हिरासत में लिया गया। सूत्रों ने कहा कि आरोपियों पर हमलावर के संपर्क में होने का संदेह है। हालांकि, एनआईए की ओर से अभी आधिकारिक बयान आना बाकी है। ब्लास्ट मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें गुरुवार को लिए गए दो लोग शामिल हैं। एक संदिग्ध को पहले हिरासत में लिया गया था लेकिन पूछताछ के बाद उसे जाने दिया गया। अधिकारियों ने बुधवार को बेंगलुरु में पांच, शिवमोग्गा में 15 और चेन्नई में छह स्थानों पर छापेमारी की थी। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने विस्फोट के मुख्य आरोपी की पहचान कर ली है।

केजरीवाल प्रकरण : भारत ने दूसरी बार लगाई अमेरिका को फटकार

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के कुछ बैंक खातों पर रोक लगाए जाने के मामले में अमेरिका की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि देश की न्याय प्रणाली में किसी अन्य देश की दखलंदाजी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय का नया बयान अनावश्यक है। भारत के चुनावी और न्यायिक प्रक्रिया में किसी बाहरी देश की टीका-टिप्पणी पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि भारत की न्याय प्रणाली विधि के शासन पर आधारित है। ऐसी ही व्यवस्था वाले देशों विशेषकर लोकतांत्रिक देशों को यह बात समझनी चाहिए। भारत को अपने स्वतंत्र और सक्रिय लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपनी इन संस्थाओं को अनावश्यक बाहरी दबावों से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रवक्ता ने अमेरिका को सलाह दी कि परस्पर सम्मान और समझदारी अंतरराष्ट्रीय संबंधों का आधार है। विभिन्न देशों से यह अपेक्षा है कि वे अन्य देशों की संप्रभुता और आंतरिक कार्य प्रणाली का सम्मान करें। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसकी ओर से बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई थी। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस सप्ताह दो बार केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भारत में की गई कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया था।